नीराजन



पं. दीनदयाल उपाध्याय
सनातन धर्म विद्यालय
कानपुर

वर दे, वीणावादिनी वरदे!

नीराजन

पं. दीनदयाल उपाध्याय सनातन धर्म विद्यालय, कानपुर

वार्षिक पत्रिका

2013-14

संरक्षक:

श्री महेश चन्द्र श्रीवास्तव
(प्रधानाचार्य)

सम्पादक मण्डल:

श्री गणेश शंकर वाजपेयी
(संस्कृत)

डॉ0 मनोज शुक्ल
(हिन्दी)

श्रीमती शारदा राव
(अंग्रेजी)

श्रीमती तृप्ति प्रेम
(प्राइमरी)

राष्ट्र की आत्मा : चिति

राष्ट्र की भी एक आत्मा होती है। उसका एक शास्त्रीय नाम है, 'सिद्धान्त और नीति' में इसे चिति कहा गया है। मग्डूगल के अनुसार समूह की कोई मूल प्रकृति होती है। वैसे ही 'चिति' किसी समाज की वह प्रकृति है जो जन्मजात है तथा जो ऐतिहासिक कारणों से नहीं बनी। चिति तो मूलभूत होती है। चिति को लेकर तो प्रत्येक समाज पैदा होती है और उस समाज की संस्कृति की दिशा चिति निर्धारित करती है, अर्थात् जो चिति के अनुकूल होती है वह संस्कृति में सम्मिलित कर ली जाती है। 'चिति' वह मापदंड है, जिससे हर वस्तु को मान्य अथवा अमान्य किया जाता है। यही राष्ट्र की आत्मा है। इसी आत्मा के आधार पर राष्ट्र खड़ा होता है, और यही आत्मा राष्ट्र के प्रत्येक श्रेष्ठ व्यक्ति के आचरण द्वारा प्रकट होती है।

-पं० दीन दयाल उपाध्याय

हमारा साध्य

प्रचंड तेजोमय शारीरिक बल,

प्रबल आत्मविश्वास युक्त बौद्धिक क्षमता

एवं

निस्सीम भाव संपन्ना मनः शक्ति का

अर्जन कर,

अपने जीवन को निस्पृह भाव से

भारत माँ के चरणों में अर्पित करना ही

हमारा परम साध्य है।

38.	कमरतोड़ महँगाई/सरल और कठिन	निखल सिंह/आकाश गुप्त	74
39.	एक हिंदुस्तानी, जिसके सम्मान में झुकता है चीन	नमन मिश्र	75
40.	एक अनमोल रत्न - सचिन	शौर्य अवस्थी	76
41.	हमारा लोकतंत्र/महाराणा प्रताप	ऐश्वर्या मिश्रा/नमन मिश्र	77
42.	हमारी अनोखी यात्रा/जय श्री हनुमान	साधंजय चाकमा/राजदीप चौहान	78
43.	विश्व की प्रमुख गुप्तचर संस्थायें	निखिल कुमार सिंह	79
44.	नागरिकों के मूल कर्तव्य/मीठे नमकीन चुटकले	शेखर कुमार/आकाश गुप्त	80
45.	अमृत की रजत बूँदें/हँसते रहो	सचिन पाठक/अनुराग सिंह	81
46.	माँ/मेरा आदर्श / सतगुरु का प्यार लिख दे	अमर्त्य विधु/मनु कुमार	82
47.	मेरा विद्यालय / कश्मीर की तस्वीर भी नहीं देंगे	यथार्थ मिश्र	83
48.	युद्ध	शिवम सिंह	84
49.	बेटी / बेटियाँ / आजादी का मतलब	सौरभ शुक्ल/आकांक्षा श्रीवास्तव	85
50.	लिखो तो कुछ ऐसा लिखो	गौरव शुक्ल	86
51.	चुनावी ड्रामा 2014	गौरव शुक्ल	87
52.	सुमन/वर्षा ऋतु	गोविन्द सिंह गौर	88
53.	जी लो खुल के इन पलों को 'दोस्त'/जिन्दगी एक गीत है	हर्ष यादव	89
54.	प्रार्थना/पूजनीय शिक्षक	मयंक राज/अश्विनी शाण्डिल्य	90
55.	छली गधा/झूठ बोलने का फल/तितली	धनुर्धर त्रिपाठी	91
56.	देश गीत/मेरे सपने	अमरेश गुप्त/कुन्दन राज	92
57.	श्री हनुमान/नारी को सम्मान दिलाएँ	कंचन वर्मा	93
58.	नारद जी द्वारा प्रजापति दक्ष.../रिश्वत	अक्षत	94
59.	अभिनन्दन/मेरी आशा	अश्विनी शाण्डिल्य/अजीत विक्रम	95
60.	नजरें ठहरी उस आँगन पर/देश भक्ति गीत	अनुज शुक्ल/आशुतोष मिश्र	96
61.	ईश्वर की लीला/अनमोल वचन/तीन का महत्त्व	सुधांशु तिवारी	97
62.	मम हृदय गीता/पाँच का महत्त्व	सचिन पाठक/सुधांशु तिवारी	98
63.	समय की कीमत/अपनाने योग्य बातें/पढ़ो और हँसो	मिली श्रीवास्तव	99
64.	डरता नहीं जो अंधेरे से/चुटकुले	काजल/आयुष्मान साहू	100
65.	लोकोत्तरोऽयं महापुरुषः	गणेश शंकर वाजपेयी	101
66.	व्यायामः	हर्षित मिश्र	102
67.	एकलव्यस्य गुरुभक्तिः	दिव्या अधिकारी	103
68.	परोपकारः	जयन्त मिश्र	104
69.	सनातन धर्मस्य..... / महाकवि माघ	अभिषेक सोनी/आनन्द मिश्र	105
70.	संस्कृत भाषायाः महत्त्वम्	प्राञ्जुल पुरवार	106
71.	हिमालयः / नव-नववर्ष....	सोनू कुमार/अक्षत	107
72.	वन्दना/राम-नाम जपु नीच!/राम स्तुति/राम महिमा वर्णन		108
73.	Editorial	Sharda Rao	109
74.	As desired by the president of India....	Dr. A.P.J. Abdul Kalam	110
75.	Hip Hip Hurray	Dr. Neeru Tandon	113
76.	IAS Rank-2 was less pleasurable....	Santosh K Mishra	116
77.	Revolutionary Seps for Abolition of.....	Niharika Tripathi	119

78.	Devi not Eve / Globalisation of Indian Economy	Seema Krishna/Komal Jain	120
79.	Tagore and Vivekanand	Sharda Rao	121
80.	Workshop for Teacher on... / Language Acquisition....	Prachi Ch. Srivastava	122
81.	Importance of Time Management in a Student's Life	Dipti Awasthi	123
82.	Tha Annual Cultural Programme	Sharda Rao	124
83.	Let us know more about CCE		125
84.	Student Life / The Value of Time	Prateek Mishra/Aditya Shukla	126
85.	Best Quotes forever / Facing competition	Gautam Jha/Gaurav Kumar	127
86.	Incedible India / Education these days	Ankit SHukla/Himanshu	128
87.	Discipline / Leadership / Mahatna Gandhi	Shubham Kumar/Sachin Singh/ Nitin Yadav	129
88.	The Mantra of Patience / Hail Martyrs / Life	Vaibhav Gupta/Gautam Jha/ Abhinav Patel	130
89.	Sweet are the Uses of.../Olympic Games	Abhinav Patel/Sumit Singh	131
90.	The Story of Martyr / Words of Wisdom	Ekagra Pandey/Sachin Pathak	132
91.	Child Labour / Sarojini Naidu / The Milk maid and...	Akshat/Himanshu/Suyash Patel	133
92.	Our Kanpur City / Last Supper of... / Jokes	Monesh/Kanishk/Naman Mishra	134
93.	Words of Wisdom / Teachers	Aditya Singh/Akash Singh	135
94.	Jokes to... / The clouds and .... / Relation between....	Shashank/Shekhar/Vibhav	136
95.	Wonders of Science / How should be... / Mother	Kratika/Harshit/Naman Mishra	137
96.	Sachin Tendulkar	Sekhar Kumar	138
97.	We al Love... / Try Try Again / Aim / Mistake	Naman/Suyush/Monesh	139
98.	Incredible India / Importance of Teacher in... / Here are Seven... / True Friendship	Hritik Pandey/Nishant Shukla Ayushman/Monesh K Agarwal	140
99.	वार्षिक रिपोर्ट प्राइमरी विंग	ज्योति मोहन	141
100.	अविस्मरणीय अवसर	हिमांशु तिवारी	143
101.	शिशु भवन / सत्य वचन	अक्षिता, सीमा, हिमांशी/कृष्णा	145
102.	हमारा विद्यालय / प्यारी दीदी / चन्दा मामा	प्रांशू/अक्षत/गौरांग सिंह	146
103.	एक अच्छी सीख / मैच फिक्सिंग / बहना हमारी / नया वर्ष	हिमांशी/संस्कृति/सूरज राणा	147
104.	घमंडी कुल्हाड़ा सिंह (चित्रकथा)	दिव्यांशु अधिकारी	148
105.	कौन क्या कहता है.... / कविता	कृष्णा त्रिवेदी/आदित्य खन्ना	149
106.	हंस और राजकुमारी / हँसते हँसते जीना	सीमा/दिव्यांशु	150
107.	नेत्रदान है महादान / नटखट भइया / जरा हँस लीजिये	अभय/सृष्टि/आरती कुमारी	151
108.	मालिक की सहानुभूति / पसीने की कमाई	सृष्टि दुबे/विजया सिंह	152
109.	How to Motivate Students	Tripti Prem	153
110.	Primary Wing Annual Report	Lalita Rastogi	154
111.	My Best Friend / Thank You Mom / Teachers / Holiday / Mother Dear	Kissna Trivedi/Abhay/ Harshit Thakur/Shubhra Mishra	156
112.	My Little Pussy / Trees / Thanks Ma / The Ganga...	Aksht Dubey/Arti Kumar	157
113.	Good Manners / Honesty / My Classroom The Evening is... / My Father	Vani Negi/Dhruv Singh/Harshit Harshit Thakur/Abhay Singh	158
114.	100% Discipline / Why children are... / My Motherland / Life is an.... / Dear Cow	Pranshu/Arsh/Abhay Vijaya/Akshat	159
115.	Awards for Academic Excellence		160
116.	Winners of the competitions held in the Primary Wing		161
117.	Congratulations to the Sports Champions		163
118.	हाईस्कूल परीक्षा में सम्मिलित छात्रों के नाम तथा अनुक्रम		165
119.	इण्टरमीडिएट परीक्षा में सम्मिलित छात्रों के नाम तथा अनुक्रम		167
120.	आचार्य परिवार		170

त्याग और तितिक्षा की मूर्ति

प्रेरणापुंज बैरिस्टर साहब
(बैरिस्टर नरेन्द्र जीत सिंह)

समर्पण की परिभाषा



ममतामयी बूजी
(श्रीमती सुशीला नरेन्द्रजीत सिंह)

आराध्य

एकात्म मानववाद के पुरोधा



पंडित दीन दयाल उपाध्याय

डॉ0 मनोज अवस्थी
एसोसिएट प्रोफेसर,
वाणिज्य विभाग,
वी0 एस0 एस0 डी0 कालेज,
कानपुर



आदरणीय प्रधानाचार्य जी,

पं0 दीन दयाल उपाध्याय सनातन धर्म विद्यालय,

कानपुर

महोदय,

पं0 दीनदयाल उपाध्याय सनातन धर्म विद्यालय देश की एक अग्रणी शिक्षण संस्था है जिसने समाज और राष्ट्र ही नहीं वरन् अखिल विश्व की निर्मिति में अपने कोष से अनेक प्रातिभ-रत्नों का योगदान किया।

यह मेरा सौभाग्य है कि मैं सन् 1977 से 1980 ई0 तक यहाँ का विद्यार्थी रहा। इस दौरान मेरे व्यक्तित्व के सर्वतोमुखी विकास हेतु जो शिक्षा और संस्कार मिले वे सारे जीवन अनुकरणीय और मार्गदर्शक रहे। आदर्श प्रबन्धक और प्रबन्ध तंत्र, प्रधानाचार्य, शिक्षक और छात्र कैसे होने चाहिए, इस संस्था ने इस संदर्भ में सदैव शीर्षस्थ और उदात्त मानदण्ड स्थापित किए हैं।

मुझे गर्व है कि मैं छात्र जीवन से आज तक इस संस्था से जुड़ा हूँ और वर्तमान में अभिभावक प्रतिनिधि के रूप में प्रबन्धतंत्र में सम्मिलित हूँ।

विद्यालय की वार्षिक पत्रिका **'नीराजन'** के प्रकाशन पर शुभकामनाएँ व्यक्त करता हूँ कि यह पत्रिका विद्यालय परिवार की अभिव्यक्ति का आदर्श माध्यम बने। अन्त में अपनी मातृ संस्था के प्रति प्रणाम निवेदित करता हूँ।

सादर।

भवदीय

मनोज अवस्थी

(डा0 मनोज अवस्थी)

दिनांक : 06.12.2013

संदेश



आदरणीय प्रधानाचार्य जी,

पं0 दीन दयाल उपाध्याय सनातन धर्म विद्यालय,

कानपुर

विषय : वर्तमान बदलते परिदृश्य में, विद्यालय द्वारा किये गये, सकारात्मक-सोच के परिवर्तन! यू0पी0 बोर्ड से सी0बी0एस0सी0 बोर्ड! की सफलता की शुभकामना हेतु।

आचार्य जी,

मेरे दोनों पुत्र! चिरंजीव अक्षत कृष्णा-कक्षा एकादश 'ख' तथा अभिजय कृष्णा-सप्तम 'ग' आप के विद्यालय में अध्ययनरत हैं।

इस परिवर्तन के दौर में, वर्तमान प्रतियोगी परीक्षाओं तथा विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रचलित-पद्धतियों में सी0बी0एस0सी0 बोर्ड के पाठ्यक्रम को उचित पाते हुए, जिस प्रकार से विद्यालय प्रबंधन द्वारा, अथक-प्रयासों से अत्यंत कम समय में इस परिवर्तन को सहजता के साथ विद्यालय में लागू किया गया है, वह अभिनन्दन योग्य है।

हम अभिभावक रूप में, इस परिवर्तन के सकारात्मक-परिणामों के लिए, समस्त विद्यालय- कार्यकारिणी एवं आचार्य एवं आचार्याओं तथा सहयोगियों रूपी परिवार को; सफलता के लिए शुभकामनाएँ देते हैं। साथ ही आप सभी से यह अपेक्षा करते हैं कि विद्यालय के प्रारंभिक लक्ष्य कि समाज के लिए योग्य नागरिकों का निर्माण, सदैव ही विद्यालय परिवार की प्राथमिकता रहेगा।

भवदीय

मनीष कृष्णा

(पूर्व छात्र एवं सदस्य प्रबन्ध समिति)

दिनांक 14.09.2013

सम्पादकीय.....

सुख प्राप्ति मनुष्य की सहज प्रवृत्ति है। उसकी सम्पूर्ण कामनाओं, सम्पूर्ण प्रयत्नों और सम्पूर्ण कर्मो के उद्देश्यों को देखा जाय तो पता चलेगा कि वह सुख ही चाहता है। सुख प्राप्त करने की इच्छा के लिए किसी को शिक्षा देने की आवश्यकता नहीं होती। बच्चा जन्मता ही सुख प्राप्त करने की इच्छा रखता है। अपने साथियों से अधिक खिलौने एकत्र करने का प्रयत्न करता है। मिष्ठान्न के वितरण में अधिक बड़ा भाग पाने की चाह रखता है। वह किसी के कहने से ऐसा नहीं करता। यह उसकी सहज वृत्ति है।

सुख प्राप्ति की वृत्ति पशुओं में भी पाई जाती है। वे भी सुख के लिए ही दौड़ा-भागा करते हैं। भूख, प्यास और प्रजनन की तृप्ति में उन्हें सुख मिलता है इसलिए वे उनकी तुष्टि के लिए प्रयत्नशील रहते हैं। इस प्रकार हम देखते हैं कि पशु और मनुष्य सभी में सुख की भावना मूल प्रवृत्यात्मक (Instinctive) है। इसके लिए विचार और बुद्धि की आवश्यकता नहीं है। मनुष्य नितान्त पशु नहीं है उसके पास बुद्धि है, विचार शक्ति है। विचार के द्वारा मनुष्य भले-बुरे अनुकूल-प्रतिकूल, शुभ-अशुभ का निर्णय कर सकता है। इसे विवेक कहते है।

यदि कोई इस बात की गणना करने निकले कि संसार में कितने लोग सुख चाहते हैं और कितने दु:ख तो दु:ख चाहने वाला शायद एक व्यक्ति भी न मिलेगा। कई बार देखा गया है कि अपमानित होकर आराम और सुख का जीवन व्यतीत करने की अपेक्षा लोगों ने स्वाभिमान के साथ कष्ट भोगना अच्छा समझा है। शारीरिक कष्ट या दु:ख कितना भी हो किन्तु मानसिक सुख उससे उच्च वस्तु है। अन्ततः शरीर का सुख भी मन में ही अनुभूत होता है। यहाँ प्रश्न मूल्य का है। हम किस सुख को अधिक मूल्यवान समझते हैं? यदि हम शारीरिक सुख को अधिक मूल्य देते हैं तो बेशर्मी के साथ अपमान का दु:ख उठाते रहेंगे, उसके निवारण का प्रयत्न न करेंगे किन्तु यदि हम स्वाभिमान, यश, कीर्ति आदि के सुख को अधिक मूल्यवान समझते हैं तो उसकी रक्षा के लिए शारीरिक कष्ट हँसते-हँसते सह लेते हैं।

- डॉ0 मनोज कुमार शुक्ल

वीरेन्द्रजीत सिंह

कार्या० : २३०६८८२
निवास : २३०४३२५, ३०१५४४४
फैक्स : २३०६५०८, २३३१९१४
ई-मेल : vpaditya@rediffmail.com
vpaditya123@yahoo.co.in
१५/१९८-अ, विक्रमाजीत सिंह मार्ग,
कानपुर - २०८ ००१

वर्ष प्रतिपदा सं0 2071

सन्देश

माननीय सम्पादक जी,

अपने विद्यालय की वार्षिक पत्रिका 'नीराजन' सत्र 2013-14 अब शीघ्र प्रकाशित होने वाली है यह अत्यन्त आनन्द का विषय है। कृपया मेरी हार्दिक शुभकामना स्वीकार करें।

हम जानते हैं कि प्राचीन काल में हमारे देश में गुरुकुल शिक्षा पद्धति प्रचलित थी जिससे अत्यन्त श्रेष्ठ दैवीगुणों से युक्त मनुष्यों का निर्माण होता था। सामाजिक परिस्थितियाँ बदलीं तथा यह पद्धति लुप्त हो गई। अंग्रेजी शासन में लार्ड मैकाले ने जिस शिक्षा पद्धति को हम पर थोपा वह हमारे राष्ट्रीय विकास को कुण्ठित करती थी। अतः 20वीं शताब्दी में राष्ट्रीय आन्दोलन के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र में नये-नये प्रयोग आरम्भ हुए। राजनीतिक स्वतन्त्रता प्राप्त करने के पश्चात् हमारे देश में शिक्षा के क्षेत्र में नये-नये प्रयोग हुए, उनमें से सरस्वती शिशु मन्दिर योजना अत्यन्त विधायी सिद्ध हुई। पं0 दीनदयाल जी की असामयिक मृत्यु के फलस्वरूप उनकी स्मृति में शिशु मन्दिर की अगली कड़ी के रूप में विद्यालय की स्थापना हुई। जिन महापुरुषों, शिक्षाविदों के स्मरण, आशीष एवं मार्गदर्शन से यह विद्यालय आज की परिपक्व स्थिति को प्राप्त हुआ उनका हम श्रद्धापूर्वक स्मरण करते हैं। 'पुरानी नींव नया निर्माण' के मन्त्र को हृदय में रखकर विद्यालय के परिवेश में नित्य निरन्तर, नित्य नूतन परिवर्तन होते रहेंगे परन्तु अपने पूर्व पुरुषों से प्राप्त विचार सम्पदा हमारे विद्यालय की थाती है।

अपने पूर्व पुरुषों द्वारा शताब्दियों में स्थापित उज्ज्वल परम्परा का स्मरण कर हमारे विद्यालय का प्रत्येक विद्यार्थी भारतीयता से ओत-प्रोत हो राष्ट्रपुरुष के चरणों में तन-मन-धन पूर्वक समर्पित हो। इस आकांक्षा के साथ।

आपका

(वीरेन्द्रजीत सिंह)
सचिव, प्रबन्ध समिति

From the Primary Coordinator's Desk

Mrs. Tripti Prem

I feel extremely proud in announcing that the Primary Wing has completed its fourth year of establishment. The formative years have been struggling ones but we have always endeavored and strived for the best.

At this juncture, I would like to thank my Staff and the Parent community without whose abundant effort and unstinted support, the journey to soar greater heights would not have been possible

What we are providing at Pt. Deen Dayal Vidyalaya is not just education based on facts. We also lay a lot of emphasis on the holistic development of the child.

As I pen down my feelings sitting in the vicinity of Lord Hanuman, I suddenly feel so blessed by him. The vision seems to be clearer, the clouds seem to perish and all inhibitions seem to disappear.

I am confident that we shall be successful in our mission to develop the intellect of each student as well as instil moral values by providing outstanding education.

विषय-सूची

क्र.सं.	शीर्षक	लेखक का नाम	पृष्ठ
1.	पं. दीन दयाल विद्यालय : भावभूमि, प्रयास और परिणाम	महेश चन्द्र श्रीवास्तव	13
2.	श्रद्धांजलि : स्व. ओम प्रकाश भार्गव		15
3.	स्व. यतीन्द्रजीत सिंह – एक परिचय		17
4.	विद्यालय के विविध कार्यक्रमों की रिपोर्ट		19
5.	खेल कूद प्रतियोगितायें वर्ष 2013–14	अजय कुमार मिश्र	22
6.	मेरी बूजी तुम्हें प्रणाम...	कृष्ण कुमार गुप्त 'निश्छल'	23
7.	जीवन के 60 वर्ष पर एक मध्यावलोकन	योगेन्द्र भार्गव	24
8.	मदीबा	डा. कमल किशोर गुप्त	26
9.	सत्यव्रत	डा. मनोज कुमार शुक्ल	30
10.	कर्मयोग के समर्थक – पं. राम बालक मिश्र	पवन कुमार पाण्डेय	33
11.	एक अविस्मरणीय व्यक्तित्व – ठा. गुरुजन सिंह जी	पवन कुमार पाण्डेय	38
12.	चित्रकूट गिरि करहु निवासू	सुधीर अवस्थी	42
13.	जाग मुसाफिर जाग/मुक्तक (केदारनाथ त्रासदी)	सुभाष चन्द्र शर्मा	44
14.	पुस्तकालयों का इतिहास	श्रीमती वन्दनामणि त्रिपाठी	45
15.	मेरे लिये विद्यालय	प्रवीण पाण्डेय	48
16.	भारत रत्न	अभिषेक सोनी	49
17.	बदी छले, नेकी फले	दीपक सिंह	51
18.	गौहत्या : एक सामाजिक अभिशाप	श्याम जी यादव	53
19.	शतमन्यु	दिव्या अधिकारी	54
20.	आप भी जानिये विश्व की आदमखोर मछलियों के बारे में	मायावती	55
21.	पिछले 100 वर्षों के महत्त्वपूर्ण गैजेट्स	श्याम जी यादव	56
22.	किसी व्यक्ति के पैसों का पता लगाना	श्याम जी यादव	58
23.	वो युवा	वैभव पाण्डेय	59
24.	जब मक्खी और चिड़िया ने बचाई जान	आलोक कुमार	60
25.	आदि शंकराचार्य का जीवन परिचय	अभिजीत त्रिपाठी	61
26.	प्रश्न–उत्तर	सिद्धार्थ पोरवाल	62
27.	सामान्य ज्ञान	कार्तिकेय वर्मा	63
28.	संसद पर हमला	देवकी राणा	64
29.	गुरु की महिमा	सिद्धार्थ पोरवाल	65
30.	अकबर बीरबल की रोचक कहानियाँ	प्रखर मिश्र	66
31.	वीर बालक काका बिशन सिंह	राहुल गुप्त	67
32.	कविता / टमाटर की खोज	सोनू कुमार	68
33.	दान ही सबसे बड़ा कर्म है / प्रमुख देशों के शिक्षक दिवस	आकाश गुप्त/यश सिंह	69
34.	दो का पहाड़ा/अद्‌भुत पेड़	आयुष्मान साहू	70
35.	राष्ट्रीय एकता	रघुवर तिवारी	71
36.	अगले जनादेश में	मोनेश कुमार अग्रवाल	72
37.	स्वामी विवेकानन्द जी	अंश श्रीवास्तव	73



.... From the Principal's Desk

Greetings to one and all!

We are a forty three year old institution renowned for imparting quality education and instilling ethical values in the students. Our aim is to bring about the holistic development of our students and groom them into responsible citizens of the nation. Patriotism, Discipline and moral values are the hallmark of "Pt. Deendayal Upadhyaya Sanatan Dharma Vidyalaya"

This year we have been affiliated to the CBSE Board New Delhi. We hope we will come up to the expectations of the society and show spectacular results with the co-operation of one and all. I assure you that we shall preserve the glorious traditions of our ancient culture and the ideology of 'INTEGRAL HUMANISM" propounded by the great visionary Pt. Deendayal Upadhyaya shall continue to inspire us forever.

May the saga of success and glory continue.....

With Best Wishes

Mahesh Chandra Srivastava

PRINCIPAL

Message from the Academic Coordinator

Mrs. Sharda Rao

I extend a warm and hearty welcome to all readers!

We are a unique institution where education is imparted as a sacrament of indian culture and values. We at Vidyalaya believe in the ancient traditions of our great culture and strive to bring about the holistic development of our students. The school was established in the fond memory of the great visionary Pt. Deendayal Upadhyaya who believed that our ancient traditions should be observed but they should be adapted to the needs and requirements of the present generation.

Hence, in keeping with the rapid changes in the education scenario it was felt that a switch over to the CBSE Board was the need of the hour. To help our -students keep pace with the challenges of modern education the school has been affiliated to the CBSE Board from the current session. This year classes **1 to 9 and class 11** are following the CBSE Pattern of education .However next year onwards Vidyalaya will be a full-fledged co-educational school imparting education in Hindi and English medium from class 1 to class 12. The switch over To CBSE shall definitely open new vistas of knowledge and empower students with scholastic and co-scholastic skills to help him carve a niche for himself in this very competitive milieu.

I assure you that we will come up to the expectations of society and leave no stone unturned to develop Vidyalaya into one of the best CBSE Schools of the country. We have an excellent team of very dedicated teachers and hardworking students who will strive for excellence in all the fields of education and continue to cherish the noble values of our glorious nation.

पं० दीनदयाल विद्यालय :
भावभूमि, प्रयास और परिणाम

महेश चन्द्र श्रीवास्तव
प्रधानाचार्य

युगद्रष्टा पं0 दीनदयाल उपाध्याय के 97वें जन्मोत्सव पर हम विद्यालय परिवार की ओर से आप सभी का हार्दिक अभिनन्दन करते हैं। हमारे विद्यालय की मूल भावना पंडित दीनदयाल जी के मर्मघाती बलिदान से ही प्रेरित है।

इस अवसर पर विद्यालय की कल्पना मूर्ति गढ़ने वाले मौन तपस्वी पूज्य भाउराव, इसकी आधारशिला रखने वाले परम पूज्य श्री गुरु जी, भवन को मूर्त रुप देने वाली ममतामयी माँ श्रद्धेया बूजी और इसकी कंचनकाया में प्राण संचरित करने वाले श्रद्धास्पद बैरिस्टर साहब, विद्यालय के पूर्व अध्यक्ष ब्रह्मलीन श्री शिवशरण शर्मा एवं ब्रह्मलीन श्री इन्द्रजीत जैन जी को हम सभी श्रद्धा से स्मरण कर रहे हैं।

वर्ष 1970 की गुरु पूर्णिमा को षष्ठ कक्षा के मात्र 24 छात्रों से प्रारम्भ होकर निरन्तर प्रगति करता हुआ यह विद्यालय आज 12वीं कक्षा तक पूर्ण विकसित विद्यालय है। विद्यालय को उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा परिषद ने विशिष्ट कोटि की मान्यता प्रदान की। परन्तु शिक्षा के आधुनिकीकरण एवं शिक्षा प्रणाली में होने वाले निरन्तर सुधारों को दृष्टिगत रखते हुए विद्यालय ने इस सत्र से **सी0बी0एस0ई0 की मान्यता** प्राप्त कर ली है। इस वर्ष कक्षा 1 से 11 तक के छात्र सी0बी0एस0ई0 पाठ्यक्रम के अनुरूप अध्ययनरत हैं। दशम तथा द्वादश कक्षा के छात्र इस वर्ष यू0पी0 बोर्ड की परीक्षा दे रहे हैं। सत्र 2014-15 से कक्षा 1 से 12 तक के सभी छात्र सी0बी0एस0ई0 बोर्ड के अनुरूप अध्ययन करेंगे।

बालिकायें श्रेष्ठ शिक्षा से वंचित न रहें इस उद्देश्य से विद्यालय में सह-शिक्षा का प्रावधान किया गया तथा हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनों माध्यमों में शिक्षण की व्यवस्था की गयी है।

जिस भूमि पर यह विद्यालय स्थित है, वह श्री ब्रह्मावर्त सनातन धर्म महामण्डल द्वारा प्रदत्त है। महामण्डल की इस उदारता का विद्यालय ऋणी रहेगा। विद्यालय परिसर में अर्द्ध चन्द्राकार दुमंजिला शैक्षिक भवन, विज्ञान-वीथी, भाउराव भवन, नरेन्द्र निवास (छात्रावास), आचार्य-कर्मचारी आवास, माधव स्मृति क्रीड़ा परिसर एवं प्रेक्षागार तथा 7500 वर्ग क्षेत्रफल का पंडित दीनदयाल सभागार है। इस समय प्रथम से द्वादश तक 12 कक्षाओं के 24 अनुभागों में (900) छात्र अध्ययनरत हैं, जिनमें 254 छात्रावासीय हैं जो विद्यालय के पीछे भाउराव भवन, नरेन्द्र निवास एवं विवेकानन्द भवन में रहते हैं। इनमें उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों के साथ ही उत्तराखण्ड, बिहार, झारखण्ड, बंगाल, मध्य प्रदेश के छात्र भी हैं। विद्यालय में पढ़ाने वाले आचार्यों की संख्या प्रधानाचार्य सहित 40 है। लगभग सभी प्रशिक्षित परास्नातक हैं।

विद्यालय में आधुनिक उपकरणों से व्यवस्थित कम्प्यूटर, भौतिकी, रसायन, जीव विज्ञान

कर्तव्य कोई ऐसी वस्तु नहीं जिसको नाप-जोखकर देखा जाए। - शरच्चन्द्र

प्रयोगशाला, संगीत कक्षा एवं स्मार्ट क्लास भी है। लगभग (20,0000) से अधिक पुस्तकों से सम्पन्न पुस्तकालय एवं वाचनालय भी है।

विद्यालय की दशम कक्षा का प्रथम दल 1975 तथा द्वादश कक्षा का 1981 में सम्मिलित हुआ था। परीक्षा-परिणाम प्रारम्भ से अत्युत्तम रहा। दशम कक्षा में 38 वर्षो में 99.5% छात्र सफल रहे तथा इण्टर के 31 वर्षो में 99.54% छात्र सफल रहे। इस वर्ष 2013 में दशम कक्षा में 118 छात्र सम्मिलित हुए जिसमें सभी छात्र ससम्मान उत्तीर्ण हुए। द्वादश कक्षा में 100 छात्र सम्मिलित हुए जिसमें 98 छात्र ससम्मान एवं 2 छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण रहे।

विद्यालय के छात्र राष्ट्रीय स्तर की विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में भी चयनित होकर विद्यालय को गौरवान्वित करते हैं। अभी तक 347 छात्र I.I.T. में, 1862 AIEEE में तथा 88 छात्र मेडिकल परीक्षाओं में चयनित हुए हैं। 31 छात्र I.A.S. की परीक्षा में सफल हुए हैं। इस वर्ष 13 छात्र I.I.T. में चयनित हुए हैं।

विद्यालय में शारीरिक शिक्षा की भी व्यवस्थित योजना है तथा सैनिक शिक्षा को भी महत्त्व दिया जाता है। इस दृष्टि से N.C.C. की वरिष्ठ तथा कनिष्ठ इकाइयाँ विद्यालय में सफलतापूर्वक चलायी जा रही हैं।

निर्भीक-सुचारु अभिव्यक्ति, उत्तरदायित्व तथा नेतृत्व क्षमता छात्रों में विकसित हो इस हेतु विद्यालय में तीन संस्थायें कार्य करती हैं। अष्टम कक्षा तक बाल-भारती, नवम व दशम में किशोर भारती तथा एकादश व द्वादश में तरुण भारती जिनके अन्तर्गत छात्र विद्यालय के विविध सामूहिक कार्यक्रमों का संचालन करते हैं। इसी शृंखला में विद्यालय के पूर्व छात्रों की संस्था है युग-भारती। युग-भारती ने अपने शिविरों, ग्राम-सम्पर्क योजनाओं एवं विद्यालय के छात्रों को व्यक्तित्व विकास में कार्य करके समाज को अपनी लगन और निष्ठा का परिचय दिया है।

विद्यालय ने समाज के सुविधा वंचित शिशुओं की आवश्यक सुविधाओं के साथ पालन पोषण तथा समुचित अध्ययन की व्यवस्था हेतु विद्यालय के पार्श्व में माँ सुशीला वात्सल्य मन्दिर प्रकल्प का भी प्रारम्भ किया है। विद्यालय के सह-सचिव श्री यतीन्द्र जीत सिंह जी ने इस पावन कार्य के लिए पूरा व्यय भार वहन करने का संकल्प लिया है। यह प्रकल्प 23 सितम्बर 2004 से कार्यरत है। वर्तमान समय में 30 छात्र एवं छात्रायें शिक्षा एवं संस्कार प्राप्त कर रहे हैं।

समाज के आर्थिक रूप से अभावग्रस्त परन्तु प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के लिए विद्यालय में प्रतिभा प्रोत्साहन प्रकल्प के माध्यम से इस वर्ग के छात्र/छात्राओं को नि:शुल्क शिक्षा देने का कार्य प्रारम्भ हुआ था। इस वर्ष इस योजना को और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से वंचित वर्ग के छात्रों को विद्यालय में प्रवेश देकर उन्हें नि:शुल्क शिक्षा देने की व्यवस्था प्रारम्भ हो रही है। यह संख्या कुल छात्रों की लगभग 25% तक होगी।

अन्त में ईश्वर से प्रार्थना है कि छात्रों में राष्ट्र निष्ठा से परिपूर्ण व्यक्तित्व के उत्कर्ष में आप सभी का सहयोग हमें निरन्तर मिलता रहे।

***

श्रद्धांजलि

स्व० ओम प्रकाश भार्गव



ओम प्रकाश जी का जन्म कानपुर के अत्यंत सम्भ्रान्त परिवार में 29.12.1929 को कलकत्ते में हुआ। आपके पर बाबा श्री द्वारिका प्रसाद जी, बाबा अयोध्या प्रसाद जी, पिता श्री कैलाश नाथ जी व माता श्रीमती शकुन्तला जी थीं। आपने प्रारम्भिक शिक्षा कानपुर में प्राप्त करते हुए बी.एन.एस.डी. कालेज से हाई स्कूल प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण किया फिर बी.कॉम. करके 1951 में अपने पिता जी का प्रिन्टिंग व्यवसाय दि स्टार प्रेस ज्वाइन किया। 15 फरवरी 1955 को आपका विवाह चन्दौसी निवासी श्री राधेश्याम भार्गव की सुपुत्री सीता जी के साथ सम्पन्न हुआ। अपने तीन बेटों गोपाल, गोविन्द एवं अरविन्द व दो बेटियों रुचि व सुचि को सुसंस्कार व उच्च शिक्षा प्रदान की। 1977 में आपने टैक्सटाइल इन्डस्ट्री में एक बुक पब्लिश की जिसका विमोचन तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इन्दिरा गांधी जी ने किया। 2005 में ईश्वर कृपा से आपने व श्रीमती सीता जी ने अपने वैवाहिक जीवन के 50 वर्ष पूरे किये व बड़ी धूमधाम से जयन्ती मनाई।

इस कार्यकाल में सामाजिक व धार्मिक गतिविधियों में कानपुर में आपने महान योगदान दिया। आर.एस.एस. के बाल स्वयंसेवक रहते, आपने उस संस्था में अनेक पदों, सह संचालक तक की जिम्मेदारी निभाई। विश्व हिन्दू परिषद की कानपुर शाखा की स्थापना व प्रथम बैठक आपके घर पर हुई, सनातन धर्म महामंडल के आप विशिष्ट सदस्य रहते हुए वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर आसीन थे। इन्हीं के विद्यालयों बी.एन.एस.डी. इण्टर कालेज, शिक्षा निकेतन, दीन दयाल विद्यालय की प्रबन्ध समिति में रह कर मार्गदर्शन दिया। इनके अलावा इण्डिया जापान सोसाइटी, योग क्षेम सेवान्यास, लायन्स क्लब, लॉज आर्यावर्त में कई वर्ष सक्रिय सदस्य रहे। अपने बाबा श्री अयोध्या प्रसाद जी द्वारा स्थापित पं. द्वारिका प्रसाद भार्गव धर्मार्थ ट्रस्ट के आप अध्यक्ष थे। आपके मार्गदर्शन में भार्गव ट्रस्ट ने विशेष सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं को दान दिया। विधवा व गरीब बच्चों को छात्रवृत्ति प्रदान की। कानपुर भार्गव सभा में आप हमेशा से सक्रिय रहे तथा वर्ष 2002-03 में अध्यक्ष पद पर भी नेतृत्व प्रदान किया। प्रत्येक वर्ष परशुराम जयन्ती व ट्रस्ट के स्थापना दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आपके सहयोग से सम्पन्न होते थे।

ओम प्रकाश जी अत्यन्त धार्मिक प्रवृत्ति के थे। प्रातः नित्य पूजा समाप्त करने के बाद ही

कुछ ग्रहण करते थे। अपने नियम, रीतिरिवाज व मूल्यों के प्रति पूर्ण समर्पित थे। ''चलता है'' शब्द जीवन में नहीं था। ईश्वर में अटूट विश्वास था अपने हाथ से ठाकुर जी की सेवा शृंगार नित्य करते थे।

गीता में भक्तों के वर्णित सद्गुण उनमें थे। **''अद्वेष्टा सर्व भूतानां मैत्रः करुण एव च, निर्ममो, निरहंकारः, सम दुःख सुखः क्षमी।''** परिवार के प्रत्येक सदस्य, समाज, संस्था, हर एक के साथ द्वेष रहित प्रेम का संबंध था, मित्रता निःस्वार्थ थी। लम्बे समय के अनेक मित्र रहे, करुणा हृदय में थी, कोई भी महात्मा पंडित घर से खाली हाथ नहीं जाता था। अपना एक अलग धर्मार्थ खाता था जिससे अनेक पीड़ितों, संस्थाओं को सहायता देते थे। **निर्ममो :-** कभी भी मोहवश अपने गृहस्थ जीवन के कर्तव्यों से मुँह नहीं मोड़ा। **निरहंकारः-** हमेशा दूसरों को मान दिया, स्वयं विनम्र भाव से पीछे रहते थे। **सम दुःख सुखः-** व्यवसाय में, परिवार में जितने भी दुख, सुख आए, पत्नी का देहान्त हुआ, आप सम भाव से अपने कर्तव्य कार्य में लगे रहे। हिन्दू रीति रिवाज व तिथि से सारे कर्मकाण्ड करते थे।

31 दिसम्बर, 2013 प्रातः 7.30 बजे आपका गोलोक धाम प्रस्थान हुआ। परिवार में बेटे गोपाल/ऋतु, गोविन्द/दीपश्री, अरविन्द/सारिका व बेटी सुचि/राकेश, रुचि/अभय अपने अपने परिवार सहित सानन्द जीवन यापन कर रहे हैं। पौत्र राहुल पढ़ाई कर पारिवारिक फर्म सोलर प्रेस में पाँचवी पीढ़ी के हैं। पौत्री निकिता पढ़ाई में बी.बी.ए. करके के.पी.एम.सी. कम्पनी में है। संचिता, वरुण, सचिन व साक्षी पढ़ाई में रत हैं। नातिन/नाती राशि विवाह उपरान्त बम्बई में रणजीत के साथ अनुराधा नितिन के साथ न्यू जरसी में व वसुन्धरा एवं ऋषभ पढ़ाई उपरान्त मुम्बई व सैन-फ्रान्सिसको में कार्यरत है।

ऊँ शान्तिः, शान्तिः, शान्तिः।

अपने विद्यालय के लाडले सह-सचिव

स्व० यतीन्द्रजीत सिंह - एक परिचय

हमारे प्रिय यतीन्द्रजीत सिंह का जन्म 5 जुलाई, 1968 को बैरिस्टर नरेन्द्रजीत सिंह के सुप्रतिष्ठित परिवार में हुआ था। वे बैरिस्टर साहब के द्वितीय पुत्र श्री वीरेन्द्रजीत सिंह एवं श्रीमती नन्दिता सिंह की वरिष्ठ संतान थे। जीवन के प्रथम 20 वर्ष में इन्हें सेठ आनन्दराम जयपुरिया विद्यालय, पं0 दीनदयाल उपाध्याय सनातन धर्म विद्यालय एवं विक्रमाजीत सिंह सनातन धर्म कालेज में उत्तम शिक्षा और संस्कार प्राप्त हुए। अपने पितामह के सानिध्य में इन्हें अपनी किशोरावस्था से ही सामाजिक दायित्व निर्वाह करने की प्रेरणा मिली। फलतः 20 वर्ष की अल्प आयु में न केवल इन्होंने एक व्यापारिक प्रतिष्ठान की स्थापना की अपितु अनेक सामाजिक संस्थाओं में सक्रिय रूप से भाग लेना आरम्भ कर दिया। 26 वर्ष की आयु में इनका विवाह श्री सत्यदेव पचौरी की पुत्री कु0 नीतू से हुआ। दोनों परिवारों के राष्ट्रीय एवं सम-सामयिक चिन्तन का इन पर पर्याप्त प्रभाव पड़ा जिससे इनके बहुमुखी व्यक्तित्व का विकास हुआ। इनका स्वाभाविक रुझान शैक्षणिक व सेवा कार्यों में था जिसे वे आजीवन अति लगन से करते रहे।

अपने सामाजिक दायित्व के निर्वाहन के लिए वे दीवानिनी वी. बद्रीनाथ एजूकेशनल ट्रस्ट एवं दीवानिनी वी. बद्रीनाथ रेलेजियस ट्रस्ट जम्मू के सचिव बने। श्री ब्रह्मावर्त सनातन धर्म महामण्डल, नारायणी देवी ट्रस्ट एवं श्री रामलला ट्रस्ट के पदाधिकारी बने, पं0 दीनदयाल उपाध्याय सनातन धर्म विद्यालय, बी0एन0एस0डी0 शिक्षा निकेतन इण्टर कालेज एवं विक्रमाजीत सिंह सनातन धर्म महाविद्यालय की प्रबन्ध समितियों के सक्रिय सदस्य बने। इन सब संस्थाओं में रहते हुए उन्होंने अपनी पूँजी से ही सुशीला नरेन्द्रजीत सिंह सेवा निधि की स्थापना की। इन सभी संस्थाओं के सहयोग एवं संरक्षण से उन्होंने कई उल्लेखनीय कार्य किए जैसे- कारिगल युद्ध से तथा आतंकी गतिविधियों से अभिशप्त परिवारों की कन्याओं के लिए जम्मू में वात्सल्य मन्दिर एवं समाज के निर्धन वनवासियों एवं जनजातीय बालिकाओं के लिए कानपुर में वात्सल्य मन्दिर की स्थापना। कानपुर देहात में तात्यागंज के ग्रामीण परिवेश में नारायणी देवी सनातन धर्म शिशु मन्दिर एवं बैरिस्टर नरेन्द्रजीत सिंह गौपालन केन्द्र की स्थापना इनके अथक परिश्रम से हुई।

पं0 दीनदयाल उपाध्याय सनातन धर्म विद्यालय के सह-सचिव के रूप में उनकी कई उपलब्धियाँ रहीं। 300 छात्रों के लिए पूर्ण सुविधा संपन्न सुसज्जित छात्रावास का निर्माण, प्राथमिक विभाग की स्थापना, छात्र-छात्राओं की सह शिक्षा की व्यवस्था एवं यू0पी0 इण्टरमीडिएट बोर्ड के स्थान पर विद्यालय को सी0बी0एस0ई0 बोर्ड की मान्यता दिलाना।

कुशाग्र बुद्धि विद्यार्थी के साथ-साथ कुशल खिलाड़ी के रूप में कबड्डी व खो-खो की राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में उन्होंने भाग लिया। व्यवसाय में प्रतिष्ठित होने के पश्चात् भी नियमित रूप से

चिन्ता शहद की मक्खी के समान है। इसे जितना हटाओ उतना ही और चिपटती है। - सुदर्शन

प्रतिदिन बैडमिन्टन खेलने का क्रम उनका आजीवन चला। स्वयं खिलाड़ी होने के कारण खेलकूद के अध्यापकों के प्रशिक्षण के जो पाठ्यक्रम बी0पी0एड0 एवं एम0पी0एड0 विक्रमाजीत सिंह सनातन धर्म महाविद्यालय में चलाये गये उनके लिए सारी सुविधाएँ खेल का मैदान, कवर्ड बैडमिन्टन कोर्ट, स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों के लिए सुसज्जित शताब्दी भवन आदि के निर्माण में उनका सक्रिय सहयोग रहा।

उनका असाधारण, कर्मनिष्ठ जीवन हम सबको विशेषकर युवाओं व नव उद्यमियों को प्रेरणा देता है। उनके द्वारा स्थापित प्रकल्पों के विकास एवं समुचित प्रबन्धन के लिए हम संकल्पित हैं। उनकी अलौकिक कर्तृत्व क्षमता को विद्यालय परिवार का नमन।

दृढ़ संकल्पी जीवन जिनका, कर्मसाधना रही लगन।

सेवापूर्ण विशाल हृदय था, उनको शत-शत बार नमन।।

निर्धनता प्रकट करना निर्धन होने से अधिक दुखदायी होता है। - प्रेमचन्द

नव चेतना की प्रतिमूर्ति

यतीन्द्र जीत सिंह 'यती' भैया

रंगमंचीय कार्यक्रम

पं0 दीनदयाल उपाध्याय एवं भाउराव देवरस जी के चित्रों पर माल्यापर्ण कर वापस मंच पर आतीं हुई मुख्य अतिथि श्रीमती वन्दना देवराय।

सांस्कृतिक कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महोदया श्रीमती वन्दना देवराय को स्मृतिचिह्न प्रदान करते हुए प्रधानाचार्य श्री महेश चन्द्र श्रीवास्तव



रंगमंचीय कार्यक्रम

सांस्कृतिक कार्यक्रम में सम्बोधित करतीं हुई मुख्य अतिथि श्रीमती वन्दना देवराय।



धन्यवाद ज्ञापन करत हुए विद्यालय के सचिव श्री वीरेन्द्रजीत सिंह जी।



रंगमंचीय कार्यक्रम









रंगमंचीय प्रस्तुतियाँ देखते हुए प्रधानाचार्य श्री महेश चन्द्र श्रीवास्तव, डॉ. के.के. गुप्त, डॉ. ज्ञानचन्द्र अग्रवाल एवं श्री योगेन्द्र भार्गव।



प्रबन्ध समिति के पदाधिकारीगण श्री वीरेन्द्र जीत सिंह जी, श्री दीपक राजे, श्री प्रकाश नारायण बाजपेयी आदि।

गुरुपूर्णिमा पर्व

दिनांक 22.07.2013 को महर्षि वेदव्यास जी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में गुरुपूर्णिमा का उत्सव सम्पन्न हुआ। देव पूजन एवं प्रार्थना के पश्चात् प्रधानाचार्य जी ने मुख्य अतिथि ब्रह्मचारी जयदेव चैतन्य (प्रभारी चिन्मय मिशन, कानपुर) जी को शाल एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर स्वागत किया। माननीय श्री योगेन्द्र भार्गव जी ने मुख्य अतिथि जी का परिचय कराया। कु0 अदिति एवं कु0 अपूर्वा ने गुरुचरणों में भजन समर्पित किया। कु0 अनुकृति, कु0 श्रुति, कु0 अपूर्वा, कु0 अदिति एवं चि0 सौरभ शुक्ल आदि ने गुरु सम्बन्धित कबीरवाणी के दोहे गाये। मुख्य अतिथि जी ने गुरु महिमा पर बहुत ही सारगर्भित व्याख्यान प्रस्तुत किया। माननीय प्रधानाचार्य जी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। संचालन वि0 शीतांशु भदौरिया एवं शगुन गुप्त ने किया।

तुलसी जयन्ती एवं वैचारिक प्रखरता

दिनांक 13.08.2013 को तुलसी जयन्ती कार्यक्रम के साथ-साथ वैचारिक प्रखरता का भी कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। पुष्पार्पण एवं प्रार्थना के पश्चात् माननीय प्रधानाचार्य जी ने मुख्य अतिथि का स्वागतकर स्मृति चिह्न समर्पित किया। मुख्य अतिथि जी का परिचय डॉ0 के0 के0 गुप्त (पूर्व उप प्राचार्य वी.एस.एस.डी. कालेज, कानपुर) जी ने कराया। कु0 अदिति एवं अपूर्वा ने तुलसी जी के पद का गायन किया। कु0 श्रुति, कु0 अनुकृति, कु0 अदिति एवं कु0 अपूर्वा आदि बालिकाओं द्वारा श्रीरामचरितमानस की चौपाइयों का गायन हुआ। तुलसी जयन्ती के उपलक्ष्य में उद्बोधन डॉ0 मनोज कुमार शुक्ल जी ने दिया। तत्पश्चात् मुख्य अतिथि पूर्व मेजर जनरल श्री पी0 के0 सहगल जी ने छात्रों को विविध क्षेत्रों में अपने भविष्य को चुनने के विषय में बहुत ही सारगर्भित एवं प्रामाणिक जानकारियाँ प्रदान कीं। माननीय सचिव श्री वीरेन्द्र जीत सिंह जी ने सभी लोगों को धन्यवाद दिया। राष्ट्रगीत के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

अंतरविद्यालयीय-गीतगायन प्रतियोगिता

ममतामयी बूजी की पावन जयंती के अवसर पर 24 अगस्त 2013 को अन्तरविद्यालयीय देश-भक्ति गीतगायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें नगर के 15 प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। छात्र और छात्राओं की प्रतियोगिता अलग-अलग सम्पन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता वी.एस.एस.डी. कालेज की अंग्रेजी विभाग की प्रवक्ता डा0 नीरू टण्डन ने की। आपने अपने उद्बोधन द्वारा प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन तो किया ही साथ ही बूजी के स्नेहिल एवं तपोनिष्ठ जीवन से भी परिचित कराया। निर्णायक मंडल के सम्मानित सदस्य के रूप में उपस्थित डा0 राजेश्वरी डौडियाल, श्रीमती माधुरी केन्दुलकर और श्री संजीव सिंह जी ने कार्यक्रम को और भी अधिक गरिमा प्रदान की। आपके कुशल निर्णय द्वारा छात्रा वर्ग में सनातन धर्म एजूकेशन सेन्टर कौशलपुरी की छात्रा तनविका कात्यायन को प्रथम, दिल्ली पब्लिक स्कूल की श्रेया अवस्थी को दूसरा तथा आक्सफोर्ड

बुराई से असहयोग करना मानव का पवित्र कर्तव्य है। - महात्मा गांधी

माडल सी0 से0 स्कूल की आकांक्षा मिश्रा को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। छात्र वर्ग में दिल्ली पब्लिक स्कूल के छात्र राहुल श्रीवास्तव को प्रथम, पद्मपत सिंघानिया के आयुष को दूसरा तथा पं0 दीनदयाल उ0स0ध0 विद्यालय के सौरभ शुक्ल को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ लेकिन विद्यालय की परम्परा का निर्वहन करते हुए तीसरा स्थान चौथे स्थान पर रहे जैन इंटरनेशनल के छात्र आदित्य को प्रदान कर दिया गया। भैया सौरभ विशेष पुरस्कार से पुरस्कृत किए गए।

भगवान् श्री कृष्ण षष्ठी उत्सव

दिनांक 02.09.2013 दिन सोमवार को आनन्दकन्द श्री कृष्णचन्द्र जी का षष्ठी उत्सव सम्पन्न हुआ। छात्र प्रस्तुतियों में सर्वप्रथम चि0 मनु कुमार, चि0 कार्तिकेय राज सिंह, वि0 अभिषेक सोनी आदि ने गीता पाठ किया। कु0 अपूर्वा मिश्रा ने 'नन्दभवन नन्दलाल...' भजन, कु0 अदिति तिवारी ने 'यशोमति मैया से....' भजन, कु0 श्रुति मिश्रा एवं कृष्णा त्रिवेदी ने 'नटवर नागर नन्दा....' भजन गाया तथा नटवर नागर श्रीकृष्ण जी की भूमिका निभाई चि0 अथर्व त्रिपाठी ने। चि0 सौरभ शुक्ल ने 'कजरारे मोटे मोटे नैन...' भजन, कु0 कंचन वर्मा ने 'यशोदा का नन्दलाला...' भजन तथा कु0 अनुकृति, कु0 अपूर्वा, कु0 अदिति आदि ने 'भए नन्द यशोदा के लाल बधाई बाज रही' बधाई गीत गाया। माननीय प्रधानाचार्य श्री महेश चन्द्र श्रीवास्तव जी ने मुख्य अतिथि जी का स्वागत किया। डॉ0 मनोज कुमार शुक्ल ने मुख्य अतिथि जी का परिचय कराया। मुख्य अतिथि आचार्य पं0 पुरुषोत्तमदास त्रिवेदी जी ने आनन्दकन्द नटवर नागर नन्द नन्दन मुरली मनोहर घनश्याम श्याम सुन्दर की लीला कथाओं की पीयूष वर्षा कर श्रोताओं को मन्त्रमुग्ध किया। माननीय सचिव श्री वीरेन्द्र जीत सिंह ने मुख्य अतिथि एवं अभ्यागतों का धन्यवाद ज्ञापन किया। पूजन एवं आरती का कार्य आचार्य श्री गणेश शंकर वाजपेयी जी ने करवाया। प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम पूर्ण हुआ।

पं० दीनदयाल उपाध्याय जन्मोत्सव कार्यक्रम

दिनांक 25.09.2013 को पं0 दीनदयाल उपाध्याय जी का जन्मोत्सव विद्यालय के वार्षिकोत्सव के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री आनन्द मिश्र (सम्पादक राष्ट्र धर्म) जी थे। कार्यक्रम का आरम्भ एन.सी.सी. एवं घोष के छात्रों द्वारा पद संचलन से हुआ। एन.सी.सी. सीनियर डिवीजन के कमाण्डर भैया अरुण राय एवं जूनियर डिवीजन के कमाण्डर भैया परमवीर कुमार ने अपने साथियों सहित मुख्य अतिथि का स्वागत किया। प्रार्थना के पश्चात् माननीय प्रधानाचार्य जी ने मुख्य अतिथि का स्वागत कर स्मृति चिह्न भेंट किया।इस कार्यक्रम में विद्यालय प्रबन्धकारिणी समिति के अध्यक्ष माननीय डॉ. ज्ञानचन्द्र अग्रवाल, सचिव माननीय श्री वीरेन्द्रजीत सिंह, श्री प्रेमचन्द्र गुप्त, डॉ. दिलीप सरदेसाई, श्री दीपक राजे, श्री प्रकाश नारायण बाजपेयी, डॉ. के.के. गुप्त आदि गणमान्य उपस्थित रहे। भारतीय संस्कृति के प्रमुख पुरोधा की भाँति माननीय मुख्य अतिथि जी का अत्यन्त सारगर्भित उद्बोधन श्रवण का लाभ सभी को प्राप्त हुआ।

संचालन तरुण भारती के अध्यक्ष चि0 अलङ्कृत गुप्त एवं मन्त्री चि0 आयुष त्रिपाठी के द्वारा किया गया।

कलाकार के निर्माण में जीवन के निर्माण का लक्ष्य छिपा रहता है। – महादेवी वर्मा

गीता श्लोक पाठ प्रतियोगिता

दिनांक 30.10.2013 एवं 31.10.2013 को विद्यालय में संस्थापक अध्यक्ष माननीय नरेन्द्रजीत सिंह 'बैरिस्टर' की स्मृति में गीता श्लोक पाठ प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। यह प्रतियोगिता तीन वर्गों में आयोजित हुई। जिसमें बाल वर्ग में षष्ठ एवं सप्तम के किशोर वर्ग में अष्टम से दशम तक के छात्रों ने एवं तरुण वर्ग में एकादश एवं द्वादश तक के कुल 38 छात्रों ने प्रतिभाग किया। जिसमें बाल वर्ग में चि0 मयंक वाजपेयी एवं प्रज्ञा विश्नोई षष्ठ ख को प्रथम स्थान, चि0 आदित्य शुक्ल सप्तम ग को द्वितीय स्थान तथा चि0 पीयूष त्रिपाठी षष्ठ ग को तृतीय स्थान मिला। किशोर वर्ग में कु0 अनुकृति शुक्ला एवं देवांग पटेल दशम क को प्रथम स्थान, चि0 मनु कुमार अष्टम ग एवं चि0 अक्षत अष्टम क को द्वितीय स्थान और कु0 कृतिका वाजपेयी अष्टम ख को तृतीय स्थान मिला। तरुण वर्ग में चि0 सचिन पाठक एकादश क को प्रथम स्थान, चि0 हर्षित वाजपेयी एकादश क को द्वितीय स्थान एवं चि0 वैभव पाण्डेय एकादश क को तृतीय स्थान मिला। प्रतियोगिता का संचालन आचार्य श्री पवन पाण्डेय ने किया। निर्णय का भार श्री गणेश शंकर वाजपेयी एवं डॉ0 मनोज कुमार शुक्ल जी ने वहन किया। प्रधानाचार्य श्री महेश चन्द्र श्रीवास्तव ने बच्चों को आशीर्वाद दिया।

अन्तर विद्यालयीय वाद-विवाद प्रतियोगिता

दिनांक 18.11.2013 को प्रातः 10 बजे से मारुति मन्दिर में उक्त प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। जिसमें 15 विद्यालयों के 30 छात्रों ने सहर्ष भाग लिया। प्रतियोगिता का विषय 'बढ़ता जातिवाद और क्षेत्रवाद राष्ट्रीय एकता में बाधक है' था। जिसमें मुख्य अतिथि डॉ. ए.के. वर्मा विभागाध्यक्ष राजनीतिशास्त्र क्राइस्ट चर्च कालेज, कानपुर ने प्रतियोगी छात्रों का मार्गदर्शन किया। निर्णायक मण्डल में डॉ. पप्पी मिश्रा विभागाध्यक्षा राजनीतिशास्त्र डी.जी. कालेज कानपुर, डॉ. यतीन्द्र सिंह हिन्दी विभाग डी.ए.वी. कालेज कानपुर तथा श्री रामतीर्थ मिश्र पूर्व प्रवक्ता हिन्दी पं. दीन दयाल उपाध्याय स0ध0 विद्यालय कानपुर रहे।

प्रतियोगिता का परिणाम इस प्रकार रहा जिसमें व्यक्तिगत प्रस्तुति के आधार पर डी.पी.एस. आजाद नगर के चि0 उत्कर्ष शर्मा 198/300 अंक लेकर प्रथम स्थान पर रहे, द्वितीय स्थान पर सर पदमपत सिंहानिया एजूकेशन सेण्टर कमलानगर की कु0 स्तुति अग्रवाल ने 184/300 अंक पाये तथा पूर्णचन्द्र विद्या निकेतन बर्रा की कु0 उज्ज्वलिका यादव 183/300 अंक पाकर तृतीय स्थान पर रहीं। पक्ष एवं विपक्ष दोनों के अंकों के योग के आधार पर सर पदमपत सिंहानिया एजूकेशन सेण्टर कमला नगर 363/600 को शील्ड प्रदान की गई। पं0 दीनदयाल उपाध्याय सनातन धर्म विद्यालय के छात्रों ने भी प्रतिभाग किया। पक्ष में चि0 श्रवण तिवारी एकादश ख ने 190/300 अंक तथा विपक्ष में चि0 आयुष त्रिपाठी ने 215/300 अंक अर्जित किए। सराहना के साथ उन्हें विशेष पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया।

प्रतियोगिता के संयोजक आचार्य श्री गणेश शंकर वाजपेयी, श्रीमती शारदा राव, डॉ. मनोज कुमार शुक्ल एवं दुर्गेश वाजपेयी रहे। अन्त में आदरणीय प्रधानाचार्य श्री महेश चन्द्र श्रीवास्तव द्वारा अतिथिगणों, विभिन्न विद्यालयों से पधारे आचार्य एवं आचार्यागणों के साथ-साथ प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

***

चरित्र की शुद्धि ही सारे ज्ञान का ध्येय होना चाहिए - महात्मा गांधी

वर्ष २०१३-१४ में पं. दीनदयाल उ० सनातन धर्म विद्यालय में क्रियान्वित की गई विविध खेल-कूल प्रतियोगिताएँ

अजय कुमार मिश्र
क्रीड़ा प्रभारी

वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता

प्रथम स्थान - धैर्य कुंज द्वितीय स्थान - शौर्य कुंज तृतीय स्थान - शक्ति कुंज

सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी

क्रम	नाम	अंक	कुंज	दल
01	रोबिन सिंह	23	सत्य कुंज	अभिमन्यु दल
02	अभिषेक राज रंजन	18	शक्ति कुंज	अभिमन्यु दल
03	पवन कुमार	22	धैर्य कुंज	एकलव्य दल
04	प्रणव प्रकाश	20	धैर्य कुंज	ध्रुव दल
05	अनुराग कुमार	18	शौर्य कुंज	ध्रुव दल

सहोदय स्कूल तैराकी प्रतियोगिता - सहोदय स्कूल तैराकी प्रतियोगिता में चि0 अभिषेक राज रंजन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए नौ पुरस्कार अर्जित किये प्रतियोगिता जैन इण्टर नेशनल स्कूल में आयोजित की गई, जिसमें आठ रजत एवं एक स्वर्ण पदक प्राप्त किया। साथ ही डा0 उमराव सिंह मेमोरियल प्रतियोगिता में अण्डर 16 में प्रथम स्थान और तीन स्वर्ण पदक प्राप्त किये।

सहोदय स्कूल टेबल-टेनिस प्रतियोगिता - सर पद्मपद सिंहानिया एजूकेशन सेन्टर में आयोजित सहोदय स्कूल टेबल-टेनिस प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्रों ने सेमीफाइनल तक प्रतिभाग किया।

सहोदय स्कूल वाली-बॉल प्रतियोगिता - सुघर सिंह एकेडमी श्याम नगर द्वारा आयोजित सहोदय स्कूल वाली-बॉल प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्रों ने सेमीफाइनल तक अपनी प्रतिभा का सराहनीय प्रदर्शन किया।

फुटबॉल प्रतियोगिता - पूर्णचन्द्र विद्या निकेतन में आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया साथ ही स्वामी विवेकानन्द सार्धशती के उपलक्ष्य में आयोजित प्रतियोगिता में अपने विद्यालय ने फुटबॉल एवं टेबल-टेनिस में तृतीय स्थान प्राप्त किया और विद्यालय को ओवर आल चैम्पियनशिप के पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया।

जिला स्तरीय बैडमिन्टन प्रतियोगिता - कानपुर ग्रीन पार्क में आयोजित जिला स्तरीय बैडमिन्टन प्रतियोगिता में 12 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

राज्य स्तरीय ऐथलेटिक्स प्रतियोगिता - सैफई इटावा में आयोजित राज्य स्तरीय ऐथलेटिक्स प्रतियोगिता में निम्न खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया-

01 गौरव कटियार कक्षा 12 02 अभिषेक राज रंजन कक्षा 11 03 पवन कुमार कक्षा 9

राज्य स्तरीय टेबल-टेनिस प्रतियोगिता - बरेली उ0प्र0 में आयोजित राज्य स्तरीय टेबल-टेनिस प्रतियोगिता में दीपांशु कटियार कक्षा 9 का चयन हुआ।

प्राणियों के लिये चिन्ता ही ज्वर है। - स्वामी शंकराचार्य

मेरी बूजी तुम्हें प्रणाम...

कृष्ण कुमार गुप्त 'निश्छल'
(पूर्व आचार्य)

मुझे खिलाया कर कमलों से घर आँगन चौबारे में;
आप कहें दो शब्द कहूँ मैं, उन बूजी के बारे में?!
वह विराट व्यक्तित्व कि जिसके आगे बौना ये संसार।
सागर के जल से भी ज्यादा भरा हुआ था जिसमें प्यार।
ऊँच और नीच, धनी निर्धन का जिसने भेद कभी न जाना-
हर बच्चे पर, माता बनकर, रही लुटाती लाड़ दुलार।।
हम सबके ही लिये हर समय, सब कुछ था भण्डारे में।
आप कहें दो शब्द कहूँ मैं, उन बूजी के बारे में।।
तेजस्वी तन, ओजस्वी मन, सादा जीवन उच्च विचार।
हृदयस्पर्शी 'निश्छल' आँखें पढ़ लेती थीं मन का हाल।
युगों युगों के बाद विधाता, ऐसी रचना रचता है-
जिसके आगे झुक झुक जाता नीले अम्बर का भी भाल।।
ज्योति-स्तम्भ आपका जीवन पथ दिखलाये अंधियारे में।
आप कहें दो शब्द कहूँ मैं, उन बूजी के बारे में।।
आज जयन्ती के अवसर पर हो स्वीकार मेरा पगवन्दन।
बस स्मृति की धूल बनेंगी आज देवि माथे का चन्दन।
भाव नहीं हैं, शब्द नहीं हैं, कैसे हो गुणगान आपका-
अर्चन कर सकते 'बूजी' का, क्या ये मेरे शब्द-सुमन?
करूँ आपका निशिदिन दर्शन, सूरज-चन्दा-ध्रुवतारे में।
आप कहें दो शब्द कहूँ मैं, उन बूजी के बारे में।।

***

जीवन के ६० वर्ष पर एक मध्यावलोकन

योगेन्द्र भार्गव

आज हम सब महत्त्वाकांक्षी, धनोपार्जन व सामाजिक प्रतिष्ठा के उच्चतम शिखर पर पहुँचने का एकमात्र उद्देश्य जीवन के 60 वर्ष कब पूरे कर लेते हैं, पता ही नहीं रहता। यह एक रोमांचक पड़ाव है जहाँ अधिकतर लोग माँ-बाप व बच्चों के उत्तरदायित्व से निवृत्त होकर, पुनः पति पत्नी दो लोग रह जाते हैं।

मैं सोचता हूँ इस अवसर पर एक मध्य जीवन अवलोकन करना उपयुक्त होगा। पाश्चात्य सभ्यता **'धनोपार्जन, खाओ-पिओ व इन्द्रिय विषय उपभोग में लीन रहो'** या भारतीय संस्कृति **'बड़े भाग मानुष तन पावा। सुर दुर्लभ सब ग्रन्थन्हि गावा।। साधन धाम मोच्छ कर द्वारा।'** पर विचार कर, 'स्वयं' की शारीरिक, मानसिक व आध्यात्मिक प्रगति पर चिन्तन करते हुए, निम्न विचार आपके सम्मुख रखना चाहूँगा।

शारीरिक : स्वस्थ एवं निरोग आनन्दपूर्वक जीवन यापन के लिये नितान्त आवश्यक है। पर हममें से अधिकतर लोगों ने जीवन में प्राथमिकताएँ रखी हैं- पहली नौकरी/कारोबार (career), दूसरा परिवार और अन्तिम 'स्वयं' (शारीरिक/मानसिक स्वास्थ्य)। इससे 60 वर्ष तक पहुँचते-पहुँचते अधिकतर लोग उच्च रक्तचाप, मधुमेह, हृदयरोग से पीड़ित दिखाई दे रहे हैं। अब प्राथमिकता बदलते हुए पहली 'स्वयं' (स्वस्थ शरीर व मन) और तीसरी नौकरी/व्यवसाय को रखना है। अन्य सुझाव हैं: गीता में भगवान् कृष्ण कहते हैं 'यह दुखों का नाश करने वाला योग तो यथायोग्य आहार, विहार, शयन तथा जागने वाले का ही सिद्ध होता है', अर्थात् नियमित जीवन, समय से उचित भोजन व शारीरिक व्यायाम (प्रातः टहलना, योग इत्यादि) नित्य अवश्य करें। अपना पारिवारिक डाक्टर तय करके, वर्ष में एक बार अवश्य दिखाएँ। उनकी सलाह से, वर्ष में एक बार Blood Sugar, Lipid Profile, Serum Creatinine, Urine Culture अवश्य test कराएँ। Prevention is better than cure.

मानसिक : साधारणतया हममें से अधिकांश लोगों का मन, अधिकतर जिम्मेदारियाँ पूरी हो जाने के उपरान्त भी, चिन्तित और अशान्त रहता है इस विचार सरिता में बाढ़ लाने वाली तीन मुख्य धाराएँ हैं- भूतकाल की बन्धनकारी स्मृतियाँ, भविष्य के स्तब्धकारी भय तथा वर्तमान में समस्याओं की चिन्तायें। दादा वासवानी कहते हैं

"Whatever has happened had to happen. Knowing this do not worry over the past, nor be concerned about the future. Cling to the lotus feet of the lord and there find true beauty, joy and peace."

जीवन में अनुकूल/प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद मन को प्रसन्न, शान्त, शुद्ध एवं ईश्वरोन्मुख रखने का प्रयत्न करें। कुछ और विचार करें। मैंने पत्नी की कब पिछली बार स्वादिष्ट

ईश्वर न काबा में है न काशी में है। वह तो घर-घर में व्याप्त है-हर दिल में मौजूद है। - महात्मा गांधी

भोजन की प्रशंसा/नई साड़ी की प्रशंसा या 'I love you darling' कहा। नीरस व शुष्क जीवन को पुनः प्रेम व प्रसन्नता से भरना है। क्या मैं आज स्वार्थ एवं अभिमानपूर्वक परिवार के सदस्यों पर (विशेषकर सास का बहुओं पर) शासन चलाते हुए सुख/गौरव का अनुभव करता हूँ? ईश्वर प्राप्ति के लिए अत्यन्त विनम्र, सरल व निरहंकारी स्वभाव बनाना है। क्या मैंने 60 वर्ष में अपने परिश्रम से जो अत्यन्त सफल वृहद् व्यवसाय स्थापित किया है, जिसमें अब परिवार के 30-32 वर्ष के बेटे कार्यरत हैं, और मैं ही C.E.O./मुख्य कर्त्ताधर्त्ता बना रहना चाहता हूँ? विचार करें अधिकतर बड़े पेड़ के नीचे छोटे पेड़ पूर्ण विकसित नहीं हो पाते हैं।

आध्यात्मिक : 'भज गोविन्दं भज गोविन्दं, गोविन्दं भज मूढमते' श्लोक शंकराचार्य जी हम सभी को भगवत् विचारों से अपने हृदय को भरने का आवाहन दे रहे हैं, न कि धन-दौलत या सांसारिक उपलब्धियों की प्राप्ति की चिन्ता से। भजन-पूजा करना केवल कर्मकाण्डीय कार्यक्रम को या भगवान् की मूर्त्ति पर नीरस भाव से फूल चढ़ाने को या बिन समझे कुछ मन्त्रों/स्तुतियों के पाठ को नहीं कहते। सच्ची भक्ति या सेवा तो 'भगवान् से अपना तादात्म्य/सम्बन्ध स्थापित करना है।' प्रारम्भ करने के लिए तुलसीदास जी कहते हैं **'प्रथम भगति सन्तन्ह कर संगा। दूसरि रति मम कथा प्रसंगा'**। विचार करें- हर समय ईश्वर को याद करें, केवल प्रातः सायं कुछ क्षण के लिये ईश्वर का ध्यान करना और शेष समय इन्द्रिय सुख का विचार करना आध्यात्मिक जीवन नहीं है।

*** *** ***

हमारी अंतस्थ गुप्त भावनाओं को जाग्रत करने का सामर्थ्य जिसमें होता है वह कवि है। - महात्मा गांधी

मदीबा

डा. कमल किशोर गुप्त

आज से लगभग 500 वर्ष पूर्व यूरोप के देशों द्वारा चलाये जा रहे समुद्री यात्रा अभियानों का प्रमुख उद्देश्य होता था- भारत पहुँचना। ज्ञान और दर्शन की आधार-भूमि पर खड़ा संसार का सबसे शक्तिशाली देश और सोने की चिड़िया कहलाने वाला भारत उनको आकर्षित करता था। इन लोगों में पुर्तगाली, फ्रांसीसी, डच और अंग्रेज प्रमुख होते थे। इन्हें गोरे अथवा श्वेत के नाम से जाना जाता था। यात्रा अभियान के बीच में अफ्रीका का दक्षिणी भाग ऐसा था जहाँ ये लोग लंगर डालते थे। वहाँ की प्रकृति प्रदत्त सुन्दरता, वहाँ के मूल निवासियों की सरलता और खनिज सम्पदा विशेष कर सोने की खदानों का बाहुल्य श्वेत लोगों को भा गया वे वहाँ अपनी-अपनी कालोनी विकसित कर जबरन शासक बन बैठे। इधर भारत से कुछ मजदूरों को बंधुवा बना कर दक्षिण अफ्रीका ले गये। कृषि और पशुपालन वहाँ के प्रमुख संसाधन थे। भारतीय बंधुआ मजदूरों ने (जिन्हें गिरमिटिया मजदूर कहा जाता था) वहाँ आम के पेड़, अन्य रसीले फलों के पेड़ तथा साग-सब्जी की पौध लगाकर कृषि उत्पाद में बढ़ोत्तरी की।

उन्नीसवीं शताब्दी के अन्तिम दशाब्दी में भारतीय मूल के एक व्यापारी के मुकदमे की पैरवी हेतु भारत से मोहनदास करमचन्द गाँधी मई सन् 1893 ई. में दक्षिण अफ्रीका पहुँचे। मुकदमे की पैरवी के साथ-साथ गाँधी जी ने क्रूर अमानवीय, श्वेत शासकों की रंगभेद, अन्याय एवं असमानतापूर्ण नीतियों के विरुद्ध अहिंसक व शान्तिपूर्ण आन्दोलन-सत्याग्रह चलाया। अनेक माँगों पर शासकों को झुकने हेतु मजबूर किया। सत्याग्रह से गिरफ्तार सभी सत्याग्रहियों को जब सम्मानपूर्वक रिहा करने, इण्डियाज रिलीफ बिल प्रकाशित होने पर 20 जुलाई 1914 ई. को गाँधी जी ने दक्षिण अफ्रीका छोड़ा। 21 वर्ष के अनवरत सत्याग्रह की शुचिता, समर्पण और गाँधी जी के निर्भीक नेतृत्व ने दक्षिण अफ्रीकी लोगों में श्वेत शासकों के क्रूर, अमानवीय, अत्याचारों एवं रंग भेद की नीति के विरुद्ध संघर्ष करने का सशक्त बीजारोपण कर दिया था।

गाँधी जी के दक्षिण अफ्रीका छोड़ने के चार साल बाद वहाँ के ट्रान्सकेई क्षेत्र के उमताता जिले के म्वेजो (Mvezo) गाँव के मुखिया-गादला हेनरी फाकानिस्वा तथा उनकी तीसरी पत्नी नानक्वाफी नोसेकैनी फैनी को 18 जुलाई सन् 1918 ई. को पुत्र रत्न प्राप्त हुआ। जिसका नाम **रोलिहलाहला मंडेला** रखा गया। गाँव के मुखिया एवं स्थानीय थैम्बू कबीले के राजा के सलाहकार होने के नाते एक विवाद में श्वेत मजिस्ट्रेट की अनुमति के बिना निर्णय करने से उनको बेदखल कर दिया और वेतन, भत्ते आदि भी रोक दिए। अतः उनकी आर्थिक स्थिति बिगड़ गई। तब मंडेला को लेकर उनकी माता अपने गाँव कूनू चली गई। मंडेला का बचपन वहीं बीता। पशुओं को चराना, मक्का की लपसी खाना, नदी में तैरना, बालू-मिट्टी से मूर्तियाँ बनाना आदि उनकी दिनचर्या बन गई। पिताजी कभी-कभी आते और मंडेला की रचनात्मक बुद्धि व उसकी प्रखरता देख अत्यन्त प्रसन्न होते थे। स्वयं अनपढ़ होने के कारण अपनी कमजोरी वे जानते थे। अतः मंडेला को पढ़ाने का निर्णय लिया।

जहाँ नारी का सम्मान होता है, वहाँ देवता भी प्रसन्न रहते हैं। - मनु

कूनू गाँव के ईसाई मिशनरी के स्कूल में भर्ती कराया। स्कूल की अध्यापिका ने ईसाई परम्परानुसार मंडेला को यूरोपियन (ईसाई) नाम नेलसन दिया। अब वे **नेलसन मंडेला** हो गये।

9 वर्ष की आयु में मंडेला के पिता जी का देहान्त हो गया। उनकी माताजी काफी समझदार व मंडेला के भविष्य के प्रति सचेत थीं। अत: अपनी ममता को पीछे छोड़ उन्होंने अपने कबीले के राजा-जोंगिनताबा को मंडेला के पालन-पोषण व शिक्षा की जिम्मेदारी सौंप दी। जोंगिनताबा को राजा बनवाने में फाकानिस्वा की अहम-भूमिका से वे अत्यन्त अहसानमन्द थे। अत: राजा व रानी ने मिलकर मंडेला को अपने बच्चों की तरह स्वीकार कर लिया। राजा के पुत्र जस्टिस और पुत्री नोमाफू के साथ राजमहल में मंडेला खेलने-कूदने लगे। जोंगिनताबा ने मंडेला को उसी स्कूल, जिसमें जस्टिस पढ़ता था, में प्रवेश कराने स्वयं अपनी कार में बिठा कर ले गये। वह पहला दिन जब मंडेला ने नया सूट व बूट पहने थे। वे परिश्रम व लगन से पढ़ते और शेष समय में राजमहल के कार्यों में मदद करते।

मंडेला जब 16 वर्ष के हुए तो वहाँ की परम्परानुसार जस्टिस के साथ ही राजा साहब ने दोनों को 'मर्द' बनवा दिया अर्थात् 'सुन्नत' करा दी। अब 'सुन्नत' के बाद ही कोई पुरुष शादी करने, सम्पत्ति में अधिकार पाने, धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेने का हक प्राप्त कर सकता है। अत: अत्यन्त कष्टदायक प्रक्रिया से गुजरने के बावजूद मंडेला ने कहा- Ndiyindoda (I am a man)।

सन् 1935 ई. में राजा साहब ने उन्हें बोर्डिंग स्कूल क्लार्कबरी इन्स्टीट्यूट में भर्ती करा दिया। और अगली शिक्षा के लिए सन् 1937 ई. में हीलटाउन, शहर के वैसलीन कालेज में प्रवेश कराया। वहाँ के प्रधानाचार्य अपने को अभिजात्यवर्ग का बताकर अश्वेतों का मज़ाक उड़ाते थे, अपमानित करते थे। उनकी रंगभेद की नीति को मंडेला समझने लगे थे। परन्तु 600 विद्यार्थियों की क्षमता वाले डायनिंग हाल के इस छात्रावास का वातावरण खुला था। कई भाषाओं, जातियों के छात्र मिल कर रहते थे। सबके प्रति समान व्यवहार का बीजारोपण मंडेला के मन मस्तिष्क पर यहीं पड़ा। इस बीच मंडेला ने वाद-विवाद प्रतियोगिता, फुटबाल, बॉक्सिंग, लम्बी दौड़ आदि में भी अपना स्थान बना लिया। दक्षिण अफ्रीका की अखण्डता का बीजारोपण भी उनके हृदय में हो चुका था।

सन् 1941 ई. में मंडेला जोहन्सबर्ग आ गये, यहाँ एक अनुभवी समाजसेवी और सन् 1912 ई. में स्थापित अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस के सक्रिय कार्यकर्ता बाल्टर सिसुलू से उनकी मुलाकात हुई। सिसुलू ने वकालत की एक फर्म में मंडेला को क्लर्क की नौकरी दिलवा दी। यहाँ पर अश्वेतों के मुदकमों का कार्य देखते-देखते उनकी समस्याओं से वे अवगत हुए और यहीं पर उन्हें अच्छे वकील बनने की प्रेरणा मिली। मंडेला को 2 पौंड प्रति सप्ताह वेतन मिलता था। इतने कम पैसे में मकान का किराया, आफिस जाने-आने का किराया और रात में पढ़ने के लिए मोमबत्तियाँ क्रय करने के बाद इतना कम बचता था कि भरपेट खाना नहीं मिलता था। वे अक्सर भूखे सो जाते। और 9 किमी. दूर ऑफिस पैदल जाने-आने से किराया बचाते थे। फर्म के मालिक ने उनके परिश्रम, समर्पण और वाक्चातुर्य से प्रभावित होकर वेतन बढ़ा दिया और पूछा कि बढ़े वेतन का क्या करोगे? मंडेला का जवाब था और अधिक मोमबत्तियाँ खरीद कर रात्रि में और देर तक पढ़ूँगा।

सन् 1943 ई. में सरकार ने बसों का किराया बढ़ा दिया। उसके विरोध में 20000 लोगों का विशाल प्रदर्शन एवं 9 दिन हाईवे जाम से सरकार ने बढ़ा किराया वापस ले लिया। संगठन में शक्ति है, इसका अहसास मंडेला को हुआ, तभी अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस (ANC) के माध्यम से 'अफ्रीकियों को अपना अफ्रीका वापस लेना चाहिए' का विचार सबके सामने रखा। सन् 1945 ई. में ANC की वार्षिक बैठक में समान मताधिकार, रंगभेद की नीति की समाप्ति और सभी को समान अवसर की माँग का नेतृत्व लैम्बेडे एवं मंडेला ने किया। खान मजदूरों को 2 शिलिंग प्रतिदिन मजदूरी को 10 शिलिंग करने हेतु मजदूरों का ऐतिहासिक प्रदर्शन किया। जिसमें सेना की गोलाबारी से 9 लोगों की मृत्यु और 1200 मजदूर घायल हुए। AsiaticLand Tenure Act. 1946 जो मूल अश्वेतों के साथ भारतीयों पर भी लागू था। उस समय वहाँ 1.5 लाख भारतीय रहते थे। अत: इसके विरोध में भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू ने संयुक्त राष्ट्र संघ में प्रत्यावेदन दिया। इन्हीं आन्दोलनों से मंडेला गांधी जी के 'सत्याग्रह' से सीख लेकर दृढ़ता के साथ अन्याय, अत्याचार और असमानता के विरुद्ध खड़े हो रहे थे।

सन् 1950 ई. में ANC की युवा लीग का अध्यक्ष मंडेला को चुना गया। सन् 1952 ई. में अवज्ञा आन्दोलन की शुरुआत की। मंडेला व उनके साथी गिरफ्तार किए गये। इन्हीं दिनों मंडेला ने वकालत की अपनी फर्म खोल ली थी। परन्तु श्वेत मजिस्ट्रेट ने कोर्ट में मंडेला को अपमानित किया। वकालत हेतु पंजीकृत होने के बावजूद मुवक्किल की बात को मंडेला को रखने नहीं दिया और कोर्ट के बाहर जाने का आदेश दे दिया।

सन् 1955 ई. में ANC के वार्षिक अधिवेशन लुथुली की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इसमें रंग-भेद, जाति-भेद, लिंग-भेद एवं धर्म-भेद से निरपेक्ष लोकतन्त्रात्मक सरकार गठन हेतु पूरे दक्षिण अफ्रीका में जन जागरण करने का निर्णय हुआ। मंडेला ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

मंडेला पर महा राजद्रोह का मुकदमा चला। 2 अक्टूबर अर्थात् गाँधी जयन्ती से 13 दिसम्बर सन् 1952 ई. तक सही गलत आरोप लगाये गये। लम्बी सुनवाई चली और 10 मार्च सन् 1960 ई. को सरकारी सुनवाई पूरी हुई। तब बचाव पक्ष की सुनवाई शुरू हुई। शायद इतनी लम्बी न्यायिक प्रक्रिया से ऊब कर प्रदर्शन कर रहे 5000 लोगों पर सरकार ने गोलियाँ चलवा दीं, 69 अश्वेत मारे गये 186 अश्वेत घायल हुए। इस अमानवीय कृत्य ने भारत के जलियाँवाला बाग की याद जाती करा दी। पूरी दुनियाँ ने सरकार की घोर भर्त्सना की। पर सरकार बेशर्म बनी रही। 28 मार्च सन् 1960 ई. को राष्ट्रीय शोक दिवस मनाया गया। मंडेला ने अपना पास सबसे पहले जला कर विरोध प्रकट किया। अश्वेतों हेतु आवश्यक इस पास को जलाने की होड़ लग गयी। अकेले केपटाउन में 5000 लोग एकत्रित हुए। घबराकर सरकार ने 30 मार्च सन् 1960 ई. को देश में आपातकाल लागू कर दिया। पर्याप्त साक्ष्यों के अभाव में मंडेला को राजद्रोह से मुक्त कर दिया गया। देश खुशियों से झूम उठा। दूसरी ओर ANC के प्रमुख **लुथुली को अहिंसक एवं शान्तिपूर्ण आन्दोलन हेतु नोबेल शान्ति पुरस्कार** से नवाजा गया। अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर यह निर्णय श्वेत शासकों पर कठोर हथौड़ा था।

मंडेला के जेल में रहते हुए एक और मुकदमा चला दिया गया। 'रिवोनिया ट्रायल' के नाम से प्रसिद्ध इस मुकदमे के सभी आरोपों को नकारते हुए मंडेला ने कोर्ट में कहा, "नहीं, श्रीमान्! इस अपराध को अस्वीकार करता हूँ। मेरा मानना है। कि जिस कटघरे में मैं खड़ा हूँ उसमें सरकार को खड़ा होना चाहिए"। उन्होंने आगे कहा

"During my life time I have dedicated myself to this struggle of the African people. I have faught against white and black domination....But if needs be, it is an ideal for which I am prepared to die."

12 जून सन् 1964 ई. को मंडेला को रोबिन आई लैण्ड जेल में डाल दिया गया, सन् 1964 ई. में गिरफ्तार कर जेल पहुँचने वालों में 466 नं. मंडेला का था। अत: **उन्हें कैदी नं. 466/64** से जाना जाने लगा। जेल की असहनीय यातनाओं, अनन्त अपमानों, दम घोंटू घुटन, तनहाई और भूख के साथ लगातार 27 वर्षों तक जेल के ही फटे कपड़ों में रहे। उनकी लगन और लक्ष्य से डिगाने में सरकार के सब कुकृत्य फेल हो गये। जेलावधि में माँ का निधन व एक पुत्र का निधन हो जाने पर भी सरकार ने दिवंगत आत्माओं के अंतिम संस्कार में सम्मिलित होने तक की अनुमति नहीं दी। इससे अधिक अमानवीय संवेदनहीन सरकार कोई और हो सकती है क्या?

अन्तत: **'सत्यमेव जयते'**। सत्य की ही जीत हुई और 15 फरवरी सन् 1990 ई. को 27 वर्ष बाद जेल से मंडेला अपनी पत्नी विनी का हाथ पकड़ कर जब जेल के गेट से बाहर आये तो स्वतन्त्रता प्रेमी, मानवतावादी न्यायप्रिय लोगों के मन में उत्साह, उमंग, खुशी, हृदय में कृतज्ञता आँखों में प्रेमाश्रु की धाराएँ बह रही थीं। धन्य है वे माता-पिता जिन्होंने इन्हें जन्म दिया धन्य है वह देश, वह धरती जहाँ मंडेला पले पुसे।

अहिंसक व शान्तिप्रिय आन्दोलन के सुखद संपादन हेतु दक्षिण अफ्रीका के तत्कालीन राष्ट्रपति डी. क्लार्क और आन्दोलन के नेता, स्वतंत्रता के अग्रदूत मंडेला को संयुक्त रूप से सन् 1993 के **नोबेल शान्ति पुरस्कार** से पुरस्कृत किया गया। उनके देशवासियों ने पहली बार मताधिकार प्राप्त कर मंडेला को अपना पहला अश्वेत राष्ट्रपति चुना। मंडेला ने सबके साथ समान व्यवहार श्वेत लोगों, जिन्होंने उन्हें प्रताड़ित व अपमानित किया था उन सभी को क्षमा कर हृदय की विशालता से परिचित कराया। वे सब उनके व्यक्तित्व के सामने नत मस्तक थे।

दुनियाँ के अनेक देशों ने अपने-अपने देश के सर्वोच्च पुरस्कारों, सम्मानों से उन्हें अलंकृत कर अपने को धन्य किया। भारत ने भी उन्हें अपना सर्वोच्च पुरस्कार **'भारत रत्न'** से सम्मानित किया। गांधी शांति पुरस्कार सहित अनेक मानद उपाधियों से भी उन्हें सम्मानित किया गया। अनेक देशों ने उनके नाम से स्मारक, सड़कें आदि बनवाकर उनके प्रति सम्मान व्यक्त किया है। राष्ट्रपति का कार्यकाल पूरा करने के बाद वे समाजसेवा में लग गये। अपने गाँव में रहकर बच्चों के कल्याणार्थ तीन ट्रस्ट बना कर सेवा करते हुए 5 दिसम्बर सन् 2013 ई. को वे अपनी स्मृतियाँ छोड़ सदा के लिये हम सबको छोड़ गये। बचपन में धार्मिक नाम **मदीबा** दिया गया था जिसका अर्थ होता है पिता। पिता की ही भाँति दक्षिण अफ्रीकी लोगों के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन उन्होंने अर्पित कर दिया। स्वतंत्रता, समानता एवं शान्ति के ऐसे महा अग्रदूत को हमारा शत्-शत् नमन।

***

अहंकार से तप नष्ट हो जाता है और इधर-उधर कहने से दान फलहीन हो जाता है। - मनु

सत्यव्रत

डॉ० मनोज कुमार शुक्ल

कोशल देश में देवदत्त नामक एक विद्वान ब्राह्मण रहता था। वह निःसन्तान था, इसलिए उसने पुत्रप्राप्ति के लिए विधिपूर्वक यज्ञ किया। तमसा नदी के तट पर पहुँचकर उसने उत्तम यज्ञ मण्डप बनवाया और वेदज्ञ तथा यज्ञ कर्म में निपुण ब्राह्मणों को आमंत्रित करके विधिपूर्वक पुत्रेष्टि यज्ञ आरम्भ कर दिया। उस यज्ञ में मुनिवर सुहोत्र को 'ब्रह्मा' याज्ञवल्क्य को 'अध्वर्यु' तथा बृहस्पति को 'होता' पैलमुनि 'प्रस्तोता' तथा गोभिल को 'उद्गाता' बनाया एवं अन्यान्य उपस्थित मुनियों को यज्ञ का सभासद बनाकर उन्हें विधिवत् प्रचुर धन प्रदान किया।

सामवेद का गान करने वाले श्रेष्ठ उद्गाता गोभिल मुनि सातों स्वरों से युक्त तथा स्वरित से समन्वित रथन्तर साम का गान करने लगे। बार-बार श्वास लेने के कारण गोभिल का स्वर भंग हो गया। तब देवदत्त को क्रोध आ गया और उसने तुरन्त गोभिल मुनि से कहा- हे मुनि मुख्य! तुम मूर्ख हो, तुमने आज मेरे द्वारा पुत्रप्राप्ति के लिए किए जाते हुए इस काम्यकर्म में स्वरभंग कर दिया। तब गोभिल मुनि अत्यन्त क्रोधित होकर देवदत्त से कहने लगे- तुम्हारा पुत्र मूर्ख, शठ और गूँगा होगा। हे महामते! सभी प्राणियों के शरीर में श्वास आता-जाता है। इसे रोकपाना बड़ा कठिन है। अतः ऐसी स्थिति में स्वर भंग हो जाने में मेरा कुछ भी दोष नहीं है।

महात्मा गोभिल का यह वचन सुनकर शाप से भयभीत देवदत्त ने अत्यन्त दुखी होकर उनसे कहा- हे विप्रवर! आप मुझ निर्दोष पर व्यर्थ ही क्यों क्रूद्ध हैं? मुनि लोग तो सदा क्रोध रहित और सुखदायक होते हैं। हे विप्र! थोड़े से अपराध पर आपने मुझे शाप क्यों दे दिया? पुत्रहीन होने के कारण मैं तो पहले से ही बहुत दुखी था, उस पर भी शाप देकर आपने मुझे और भी दुखी कर दिया। वेद के विद्वानों ने कहा है कि मूर्ख पुत्र की अपेक्षा पुत्रहीन रहना अच्छा है। उस पर भी मूर्ख ब्राह्मण तो सबके लिए निन्दनीय होता है। अतएव हे गोभिल मुने! आपने यह क्या कह दिया। इस संसार में मूर्ख पुत्र का पिता होना तो मृत्यु से बढ़कर कष्टप्रद होता है। ऐसा कहकर देवदत्त अत्यन्त दीनहृदय तथा असहाय होकर नेत्रों में आँसू भरकर स्तुति करता हुआ मुनि के पैरों पर गिर पड़ा।

तब उस दीनहृदय को देखकर गोभिल मुनि को दया आ गयी और उन्होंने उससे कहा- तुम्हारा पुत्र मूर्ख होकर भी बाद में विद्वान हो जायेगा।

कुछ समय बीतने पर देवदत्त की पतिव्रता तथा रूपवती भार्या रोहिणी ने रोहिणी नक्षत्र युक्त शुभ दिन में पुत्र को जन्म दिया। देवदत्त ने बालक का नाम जातकर्म संस्कार किया तथा यथासमय 'उतथ्य' नाम रखा। आठवें वर्ष में शुभ योग तथा शुभ दिन में पिता देवदत्त ने अपने उस पुत्र का विधिवत् उपनयन संस्कार सम्पन्न किया। ब्रह्मचर्य व्रत में स्थित उतथ्य को आचार्य वेद पढ़ाने लगे, किन्तु वह एक शब्द का भी उच्चारण नहीं कर सका। उसके पिता ने उसे अनेक प्रकार से पढ़ाने

सभी छुपे हुए दोषों का उपाय ढूँढ़ना कठिन होता है। - महात्मा गांधी

का प्रयत्न किया, किन्तु उस मूर्ख की बुद्धि उस ओर प्रवृत्त नहीं होती। इस प्रकार निरन्तर वेदाभ्यास करते हुए वह बालक बारह वर्ष का हो गया, किन्तु भलीभाँति सन्ध्यावन्दन करने तक की विधि भी न जान सका।

इस प्रकार जब सभी लोग, माता-पिता या भाई-बन्धु उसकी निन्दा करने लगे तब उस बालक के मन में वैराग्य उत्पन्न हो गया और वह वन में चला गया। गंगा के किनारे पर्णकुटी बनाकर वह वनवासी का जीवन व्यतीत करते हुए एक निष्ठ होकर वहीं रहने लगा। "मैं असत्य नहीं बोलूँगा" ऐसी दृढ़ प्रतिज्ञा करके ब्रह्मचर्य व्रत का पालन करते हुए वह उसी सुन्दर आश्रम में रहने लगा।

वह उतथ्य वेदाध्ययन, जप, ध्यान तथा देवताओं की आराधना आदि कुछ नहीं जानता था। वहाँ निवास करता हुआ वह ब्राह्मण सदैव सत्य भाषण करता था और झूठ कभी नहीं बोलता था। लोगों ने उसका नाम 'सत्यतपा' रख दिया। वह न तो कभी किसी का अहित करता था और न अविहित कार्य ही करता था। वह यही सोचता हुआ निडर होकर उस कुटी में सोता था कि मेरी मृत्यु कब होगी? मैं इस वन में दुःखपूर्वक जी रहा हूँ। मुझ मूर्ख के जीवन को धिक्कार है, अतः अब मेरा शीघ्र मर जाना ही उत्तम है। दैव ने ही मुझे मूर्ख बनाया है, इसके अतिरिक्त कोई अन्य कारण मुझे नहीं जान पड़ता। उत्तम कुल में जन्मग्रहण करके भी मैंने अपना जीवन व्यर्थ गँवा दिया। अब वह ब्राह्मण सर्वथा विरक्त हो गया और उस निर्जन वन में स्थित रहता हुआ शान्तचित्त होकर समय बिताने लगा। इस प्रकार उस वन में रहते हुए उस ब्राह्मण के चौदह वर्ष बीत गए, न उसने कोई जप किया, न आराधना की और न कोई मन्त्र ही जान सका। वहाँ के लोग केवल उसके इस प्रसिद्ध व्रत को जानते थे कि वह मुनि सदा सत्य बोलता है। अतः सब लोगों में उसका यह सुयश फैल गया कि वह सदा सत्यव्रती है और मिथ्याभाषी नहीं।

एक दिन आखेट करता हुआ एक महान् मूर्ख निषाद हाथों में धनुष बाण लिए हुए उसी गहन वन में आ पहुँचा। उसने एक सूकर को लक्ष्य करके बड़े जोर से खींचकर बाण चलाया। तब बाण में बिंधा हुआ वह सूकर भयभीत होकर भागता हुआ उस मुनि के समीप जा पहुँचा। जब वह सूअर आश्रम परिधि में पहुँचा तो भय से काँप रहा था और उसका शरीर रक्त से लथपथ था उसे देखकर सत्यव्रत मुनि अत्यन्त दयार्द्रचित्त हो गए। रक्त से सराबोर शरीर वाले उस आहत सुअर को अपने आगे से जाते देखकर दया के अतिरेक से काँपते हुए मुनि ने बिन्दु रहित सारस्वत बीज मन्त्र -ऐ-ऐ' का उच्चाण किया। दैवयोग ही यह मन्त्र उनके मुख से निकल पड़ा।

इसी बीच बाण की पीड़ा के कारण अत्यन्त सन्तप्त चित्त वह सूअर कोई दूसरा मार्ग न पाकर सत्यव्रत के आश्रम मण्डल में प्रविष्ट होकर कहीं झाड़ी में छिप गया। थोड़ी देर बाद वह व्याध उस सूअर को खोजता हुआ मुनि के निकट आ पहुँचा और पूछने लगा- हे द्विजराज! वह सूअर कहाँ गया? आप सत्यव्रत हैं, अतः मुझे अब सच-सच बता दीजिए। मेरा सारा कुटुम्ब भूख से व्याकुल है। अतः आप मुझे शीघ्र बता दें।

निराशा जब चरम सीमा पर पहुँच जाती है तब हमारी जीभ बंद हो जाती है। - सुदर्शन

उस व्याध के इस प्रकार बार-बार पूछने पर महात्मा सत्यव्रत मुनि बड़े असमंजस में पड़ गए और मन में सोचने लगे कि "अब मैं क्या करूँ? जिससे मेरा सत्यव्रत नष्ट न हो और मुझे यह भी न कहना पड़े कि मैंने उसे नहीं देखा है।" 'तुम्हारे बाण से घायल वह सूअर भाग गया है।' यह मिथ्या मैं कैसे कहूँ? और यदि सच बता देता हूँ तो सूअर को मार डालेगा वह बोला-

सत्यं न सत्यं खलु यत्र हिंसा, दयान्वितं चानृतमेव सत्यम्।
हितं नराणां भवतीह येन, तदेव सत्यं न तथान्यथैव।।

(श्रीमद् देवीभागवत पुराण 3/11/36)

अर्थात् वह सत्य वास्तविक सत्य नहीं है जिससे किसी जीव की हिंसा होती है तथा वह असत्य भी सत्य ही है, जो दया से युक्त हो। जिसके द्वारा प्राणियों का कल्याण हो, वही सत्य है और जो इसके विपरीत है वह असत्य है।

इन परस्पर विरोधी प्रसंगों में मेरा हित कैसे हो? मैं क्या उत्तर दूँ जिससे मेरी बात झूठी न हो। धर्म संकट में पड़े हुए सत्यव्रत मुनि व्याध को यथोचित उत्तर नहीं दे सके। बाण से आहत सूअर को देखकर मुनि सत्यव्रत के द्वारा जो करुणायुक्त 'ऐ-ऐ' शब्द उच्चरित हो गया थ, उस अपने बीज मन्त्र से शिवा ने उन्हें दुर्लभ विद्या दे दी। तत्पश्चात् सत्यकाम, धर्मात्मा तथा दयालु ब्राह्मण ने अपने सामने खड़े हुए व्याध से एक श्लोक इस प्रकार कहा-

या पश्यति न सा ब्रूते या ब्रूते सा न पश्यति।
अहो व्याध स्वकार्यार्थिन् किं पृच्छसि पुनः पुनः।।

(श्रीमद् देवीभागवत पुराण 3/11/41)

जो (आँख) देखती है, वह बोलती नहीं और जो (वाणी) बोलती है, वह देखती नहीं। अतः अपने प्रयोजन की सिद्धि में तत्पर हे व्याध! तुम बार-बार क्यों पूछ रहे हो?

उस मुनि के ऐसा कहने पर वह व्याध उस सूअर से निराश होकर अपने घर लौट गया। इस प्रकार वे सत्यव्रत नाम के ब्राह्मण समस्त लोकों में प्रख्यात हो गए। तत्पश्चात् उन सत्यव्रत ब्राह्मण ने सारस्वत बीजमन्त्र का विधिपूर्वक जप किया और वे पृथ्वीतल पर पण्डित के रूप में अत्यधिक विख्यात हो गए। उनका महान यश सुनकर उनके परिवार के वे ही लोग, जिन्होंने उन्हें पहले त्याग दिया था, उनके आश्रम में आकर विशेष आदर सम्मान के साथ उन्हें घर ले गए। जगत् की कारणस्वरूपा परादेवी की सदा भक्तिपूर्वक सेवा तथा पूजा करनी चाहिए।

***

कर्मयोग के समर्थक - पण्डित रामबालक मिश्र जी



आविर्भाव - 18 अगस्त 1919
तिरोभाव - 08 जून 2013

पवन कुमार पाण्डेय

कर्मयोग के समर्थक, जीवन की अन्तिम श्वाँस तक जीवमात्र के कल्याण के लिए समर्पित जीवन जीने वाले, शिक्षण और वकालत को अपना कर्तव्य मानकर उसके प्रति श्रद्धावनत, प्रख्यात एवं यशस्वी विधिवेत्ता, धर्मानुरागी, मृदुभाषी, स्वनामधन्य पण्डित रामबालक मिश्र जी के मन में हमेशा एक हूक उठती रहती थी कि धनाभाव के कारण कोई छात्र शिक्षा से वंचित न रहे, इसी प्रयास में श्री ब्रह्मावर्त सनातन धर्म महामण्डल द्वारा संचालित शिक्षण संस्थाओं में सदैव नैतिकता को प्रोत्साहन देने और भारतीय संस्कृति को आत्मसात करने के लिए देश के भविष्य छात्रों की सेवा हेतु अहर्निश लगे रहते थे। मैंने पहली बार उन्हें वी0एस0एस0डी0 कालेज में संस्कृत-विभाग द्वारा आयोजित- "सनातनो धर्मः विश्वधर्मः" विषयक संगोष्ठी के अध्यक्षीय पद से गूढ़ आध्यात्मिक सम्भाषण करते हुए सुना था। गौरवर्ण उन्नत ललाट, लम्बा-चौड़ा शरीर, विशाल भुजाएँ इनके महान व्यक्तित्व को प्रकाशित करती थीं। इसके साथ ही इनका परिधान भी नेत्राकर्षण होता था। पण्डित जी सदैव ही श्वेत खादी की कमीज पहनते थे। उनके परिधान तथा शारीरिक संरचना को देखते ही ज्ञात होता था कि ये कोई असाधारण प्रतिभा सम्पन्न व्यक्ति हैं। व्यक्तित्व की विवेचना करने वाले विद्वानों ने इसका विश्लेषण करते हुए इसमें पाँच विकारों का होना आवश्यक बताया है-

वेशेन, वपुषा, वाचा, विद्यया, विनयेन च।
वकारैः पंचभिर्युक्तो, नरः प्राप्नोति गौरवम्।।

व्यक्तित्व की इस निकष पर कसने पर पण्डित जी का व्यक्तित्व अत्यन्त खरा उतरता है। वेशेन - सदैव ही श्वेत स्वच्छ वस्त्र धारण करते थे। वपुषा - गौर वर्ण और सुन्दर कांचन युति। वाचा - पण्डित जी वक्ता ही नहीं वाग्मी थे। विद्यया - वेद, पुराण, गीता, साहित्य और दर्शन शास्त्र के प्रकाण्ड विद्वान् होने के साथ वे विद्या के भण्डार भी थे। विनयेन - आपमें विनम्रता की भी कोई कमी नहीं थी। आप मूल रूप से कलम और करवाल के धनी देश बैसवारे (रायबरेली) के दौलतपुर ग्राम के निवासी तथा रीतिकालीन कवियों (आचार्य पं0 शुकदेव मिश्र व उनके पुत्र शीतलादीन मिश्र) के वंशज थे। पण्डित जी के प्रपितामह श्री गंगाप्रसाद मिश्र जी दौलतपुर में ही रहते थे। पितामह पं0 दुर्गाप्रसाद मिश्र का विवाह कानपुर जनपदान्तर्गत-अकबरपुर कस्बे के समीपस्थ ग्राम-गुलौली (गिरसी)

में हुआ और वे अपने पुत्र भैरवप्रसाद मिश्र को लेकर वहीं रहने लगे। पं0 भैरवप्रसाद मिश्र का विवाह सरवनखेड़ा के पास शहजहाँपुर-निनायाँ में हुआ आपके दो पुत्रियाँ तथा दो पुत्र थे- शिवबालक और रामबालक। पं0 रामबालक जी का जन्म भाद्रपद कृष्ण सप्तमी (स्मार्त कृष्ण जन्माष्टमी) संवत्- 1976 तदनुसार 18 अगस्त सन्-1919 ई0 में सोमवार को हुआ था। आपके पिता नहरगंग में पेटी कान्ट्रेक्टर थे। परिवर्तन के असामयिक प्रवर्तन से आपको मात्र तीन वर्ष की अल्पवय में ही पितृ स्नेह से वंचित होना पड़ा। अब उन्हें माँ भाई और बहनों के साथ 'तिलौंची' में रहना पड़ा। जहाँ उनके संरक्षण के लिए आपके मातामह अपने पैतृक गाँव शाहजहाँपुर-निनायाँ को छोड़कर रहने लगे थे। आपके नाना जी आपको 'लाल' कहकर पुकारते थे। बचपन में आपको कंचे, गेंद और बल्ला खेलना बहुत प्रिय था। तिलौंची में ही रहने वाले मिश्र सूरदास जी के द्वारा नाना के लाल का पाटी-पूजन कराकर दो कक्षाओं का पाठ्यक्रम पूरा कराया गया। इसके बाद पास के ही गाँव पतरासड़वा की प्राथमिक पाठशाला में आपका प्रवेश कराया गया। कर्मयोगी जीवन जीने की शिक्षा उन्हें यहीं पर चौथी कक्षा तक अध्ययन के समय उस विद्यालय के प्रधानाचार्य सैथा निवासी श्री राम भरोसे सिंह से प्राप्त हुई और चौथी कक्षा प्रथम स्थान से उत्तीर्ण की। आगे की पढ़ाई के लिए अकबरपुर आ गये वहाँ से वर्नाक्युलर मिडिल परीक्षा अंग्रेजी और गणित विषयों में विशेष योग्यता के साथ उत्तीर्ण की। अध्ययन के प्रति उत्कृष्ट लगन पर पारिवारिक जिम्मेदारियों के बोझ को हावी होता देख कानपुर आकर पी.पी. एन. हाईस्कूल में सातवीं कक्षा में प्रवेश ले लिया और आठवीं कक्षा तक की पढ़ाई 10/- रुपये मासिक छात्रवृत्ति प्राप्त कर प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की। कलक्टरगंज की एक आढ़त फर्म-पूरन मल-महू सिंह में उन्हें निवास की सुविधा उपलब्ध हो गई थी। जहाँ वे अपना भोजना स्वयं बनाते थे। सन् 1937 में नवीं कक्षा में अध्ययन के समय ही आपके नाना जी ने ग्राम-बेवन (अकबरपुर) निवासी पं0 रामप्रसाद शुक्ल की पुत्री शिवकली से आपका विवाह कर दिया। 1938 में उन्होंने इन्ट्रेन्स (हाईस्कूल) परीक्षा प्रथम श्रेणी छठे स्थान में उत्तीर्ण की जिसमें कि संस्कृत, अंग्रेजी और गणित में उनकी विशेष योग्यता थी। अब उन्हें 16/- रुपये प्रतिमाह छात्रवृत्ति मिलने लगी थी। विवाहोपरान्त उन्हें जनरलगंज पचकूचा में मकान नं. 55/131 में 7 रुपये 50 पैसे प्रतिमाह किराया देकर सन् 1940 से 1952 तक रहना पड़ा। यहाँ रहते हुए ही उन्होंने डी.ए.वी. इण्टर कालेज से इण्टरमीडिएट परीक्षा सन् 1940 में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की। सन् 1942 में 60/- रुपये प्रतिमाह की छात्रवृत्ति प्राप्त करते हुए उन्होंने बी.ए. की परीक्षा उत्तम अंकों के साथ उत्तीर्ण की। इस प्रकार क्रमशः सन् 1944 में एल. एल.बी. और 1945 में एम.ए. की परीक्षाएँ उत्तीर्ण कीं। आपकी बहन जानकी वैधव्यावस्था के कारण अपनी पुत्री के साथ रामबालक जी के साथ ही रहने आ गयी थीं। तभी आपकी पत्नी क्षयरोग से ग्रस्त हुयीं। उन दिन यह रोग असाध्य था अतः परिवार के भरण पोषण और पत्नी की चिकित्सा हेतु आपको 6 जुलाई 1943 से 30 जून 1944 तक भारतीय विद्यालय कानपुर में 60/- रुपये मासिक की नौकरी करनी पड़ी। वहाँ आप गणित और अंग्रेजी विषय का अध्यापन करते थे। तभी सन् 1943 में नाना जी भी अपने लाल के गालों से सदा के लिए हाथ हटाकर चले गये। पण्डित जी पर

जिम्मेदारियों का असमय बोझ आ पड़ा स्थितियाँ सामान्य नहीं हो पाई थीं कि 1 अप्रैल 1940 को उन्हें एक और वज्राघात सहना पड़ा-वह था था उनके जीवन की वास्तविक निर्माता, मूकसाध्वी पत्नी शिवकली का निधन। यह कष्ट अपरिहार्य था उन दिनों आपके एक मात्रपुत्र श्री रमाकान्त मिश्र जी मात्र 2 वर्ष 6 माह के थे। पुत्र के पालन पोषण की जिम्मेदारी आपकी माता जी ने सम्हाली।

ईश्वर शायद हम लोगों की मदद के लिए प्रत्यक्ष रूप से प्रतिपल उपस्थित नहीं हो सकता इसीलिए वह माँ के रूप में सदैव साथ रहता है। पं0 रामबालक जी के जीवन में ईश्वर का कोई प्रत्यक्ष वरदान था तो वह थीं उनकी माँ - श्रीमती रजनी मिश्रा। पण्डित जी के पितामह की पूर्व इच्छा थी कि उनका दौहितृ सफल वकील बने। माँ और नाना की इच्छापूर्ति के लिए उन्होंने लाला अम्बाप्रसाद गुप्त सीनियर एडवोकेट के जूनियर के रूप में जुलाई 1944 से वकालत शुरू की। 1947 में उन्होंने 150/- रुपये में बस्ता खरीद कर स्वतंत्र रूप से प्लीडर के रूप में वकालत शुरू की। दीवानी के वकील होते हुए भी उन्हें पहला मुकदमा फौजदारी का मिला और उनके मुअक्किल की जीत हुई।

इसी बीच उनके द्वितीय विवाह के अनेक प्रस्ताव आये और ग्राम भाऊपुर औरैया निवासी पं0 मन्नालाल मिश्र की पुत्री तीर्थरानी के साथ उनका विवाह अप्रैल 1945 में सम्पन्न हुआ। पण्डित जी की द्वितीय पत्नी भी पूर्णतः उनकी मनोवृत्तियों का अनुसरण करने वाली थीं। उनके आते ही घर धन-धान्य से परिपूर्ण हो गया। तीर्थरानी जी ने पण्डित जी के बड़े पुत्र (रमाकान्त जी) पर स्नेह का ऐसा अपरिमित कोष न्यौछावर किया कि उसे यह आभास ही नहीं हुआ कि वह उनकी विमाता हैं। वकालत प्रारम्भ होने के कुछ वर्षों बाद पण्डित जी ने धनकुट्टी कानपुर में मकान क्रय किया और वहीं निवास करने लगे। आपकी पत्नी ने सात आदर्श पुत्रों- रमाकान्त, कृष्णकान्त, श्रीकान्त, शिवाकान्त, विष्णुकान्त, हरीकान्त, विजयकान्त तथा पुत्री पुष्पा का पालन पोषण कर सुशिक्षित और संस्कारित बनाया। वर्तमान में आपके यशस्वी पुत्र श्री रमाकान्त मिश्र जी आपके पदचिह्नों का अनुगमन करते हुए दीवानी व माल के वरिष्ठ अधिवक्ता, सनातन धर्म महामण्डल के संयुक्त मंत्री होने के साथ-साथ कई शैक्षिक संस्थाओं में भी पदस्थ हैं।

पण्डित जी ने कानपुर बार एसोसिएशन एवं लायर्स एसोसिएशन की सदस्यता सन् 1948 में ग्रहण की। पण्डित जी कानपुर लायर्स एसोसिएशन के लम्बे समय तक महामंत्री रहे और वर्ष 1975-76 में वे बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रहे। आपके कार्यकाल में ही बार एसोसिएशन की प्लेटिनम जुबली (हीरक जयन्ती) बड़ी धूमधाम से सम्पन्न हुई थी। आप 1974 से 1994 तक उ0प्र0 बार काउन्सिल में सदस्य, उपाध्यक्ष और अध्यक्ष भी रहे। श्रद्धेय बैरिस्टर नरेन्द्र जीत सिंह एवं श्री ब्रह्मावर्त सनातन धर्म महामण्डल के पूर्व महामंत्री, वी.एस.एस.डी. कालेज के पूर्व विधि विभागाध्यक्ष, कालेज प्रबन्ध समिति के पूर्व अध्यक्ष, कानपुर बार एसोसिएशन के पूर्व मंत्री और दो बार अध्यक्ष रहे पं0 बाबू लाल मिश्र तथा प्रदेश के प्रसिद्ध अधिवक्ता बाबू रामनाथ सेठ और श्री नारायण निगम आदि श्रेष्ठ अधिवक्ताओं के आप स्नेह पात्र थे। बैरिस्टर साहब के साथ आपका दीर्घकालिक साहचर्य था।

बैरिस्टर साहब और बाबू लाल मिश्र जी ने पण्डित जी को महामण्डल में साधारण सदस्य में मंत्री पद पर चयनित कराया। पं0 बाबू लाल का स्वर्गवास हो जाने पर उनके स्थान पर पं0 रामबालक जी को महामंत्री बनाया गया। उनकी ईमानदारी और कर्तव्य निष्ठा के कारण श्रद्धेय बैरिस्टर साहब के निधनोपरान्त महामण्डल में उन्हें वर्ष 1993 में अध्यक्ष बना दिया गया। पण्डित जी को अनेक बार विधायक और सांसद के चुनाव लड़ने के प्रस्ताव आये पर उन्होंने साफ मनाकर दिया क्योंकि वे दल के दलदल से बाहर रहकर ही समाज की सेवा करना चाहते थे। शिक्षा प्रसार एवं गुणवत्ता बढ़ाने हेतु उन्होंने अनेक इण्टर कालेजों, बालिका इण्टर कालेजों और महाविद्यालयों को स्थापित कराया साथ ही कई विद्यालयों का प्रबन्धन एवं समितियों की अध्यक्षता भी की पण्डित जी के द्वारा समाज हित में किये गये कार्यों की संक्षिप्त रूपरेखा इस प्रकार है-

शैक्षिक संस्थाएँ-

श्री विक्रमाजीत सिंह सनातन धर्म महाविद्यालय कानपुर, विश्वम्भर नाथ सनातन धर्म इण्टर कालेज, विश्वम्भर नाथ सनातन धर्म शिक्षा निकेतन इण्टर कालेज कानपुर, विश्वम्भर नाथ सनातन धर्म शिक्षा निकेतन बालिका विद्यालय मेस्टन रोड कानपुर, सनातन धर्म विद्यालय भवन विभाग मेस्टन रोड कानपुर, पं0 दीनदयाल उपाध्याय सनातन धर्म विद्यालय कानपुर, सेठ मोतीलाल खेड़िया सनातन धर्म इण्टर कालेज विष्णुपुरी कानपुर, दुर्गावती दुर्गाप्रसाद सनातन धर्म विद्यालय बाईजी क्वाटर्स नवाबगंज कानपुर, अकबरपुर इण्टर कालेज अकबरपुर कानपुर देहात, अकबरपुर बालिका विद्यालय इण्टर कालेज अकबरपुर कानपुर देहात, अकबरपुर महाविद्यालय अकबरपुर कानपुर देहात, श्री रामजानकी संस्कृत महाविद्यालय गौरियापुर अकबरपुर कानपुर देहात, श्री ब्रह्मावर्त सरस्वती संस्कृत महाविद्यालय परमठ कानपुर, श्री ओमर वैश्य प्रबन्ध समिति के अन्तर्गत श्री एम0एस0 मन्नी लाल सरयू प्रसाद ज्ञान भारतीय इण्टर कालेज, बिरहाना रोड कानपुर आदि।

धार्मिक संस्थाएँ एवं न्यास-

श्री राम धाम बिठूर, श्री हरिधाम बिठूर, श्री सद्गुरू धाम बिठूर, श्री प्रेम पुजारी (कामदगिरि मुख्य द्वार चित्रकूट), संकीर्तन भवन झूँसी प्रयाग (श्री प्रभुदत्त ब्रह्मचारी जी), छोटी छावनी अयोध्या (महन्त नृत्यगोपालदास जी), श्री सोमेश्वर दण्डी आश्रम खेरेश्वर काकूपुर कानपुर, श्री राघवाश्रम मठ कबाड़ी मार्केट सरोजनी नगर कानपुर (स्वामी मुनीशाश्रम), शंकराचार्य मठ जूही, नारायणी देवी धर्मार्थ औषधालय ट्रस्ट चुन्नीगंज कानपुर, उद्बोधन समिति नेहरू नगर कानपुर, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, विश्व हिन्दू परिषद, रामजन्म भूमि, गो रक्षा, स्वामी नारदानन्द अध्यात्म पीठ नैमिषारण्य आदि।

सामाजिक संस्थाएँ -

बालसेवा - बालकन जी बारी, बालसेवक बिरादरी, भारतीय बाल कल्याण संस्थान कानपुर, सिद्धि विनायक गणेश मन्दिर घण्टाघर कानपुर, हिन्दी विधि प्रतिष्ठान, भारत विकास परिषद्, आल इण्डिया काउन्सिल आफ इन्टलेक्चुअल्स, अध्यक्ष-शिक्षा सुधार समिति नैमिष, अध्यक्ष-उद्बोधन

समिति नैमिष, अध्यक्ष-भारत भक्त समाज नैमिष, अध्यक्ष-संस्कृत नव प्रभाव न्यास तथा अनेक साहित्यिक संस्थाएँ आदि।

सम्मान-

आल इण्डिया काउन्सिल फार इण्टलेक्चुअल्स द्वारा "कानपुर रत्न", भारतीय शिक्षण मण्डल द्वारा "कानपुर सेवा रत्न" ब्रह्मानन्द महाविद्यालय-कालेज कन्वोकेशन द्वारा- "ब्रह्मानन्द गौरव", महामहिम विष्णुकान्त शास्त्री-राज्यपाल उ0प्र0 द्वारा (अखिल भारतीय संस्कृत सम्मेलन में) "विद्यावाचस्पति", अखिल भारतीय श्री गीता मेला में उ0प्र0 के तात्कालिक राज्यपाल महामहिम श्री बी0एल0 जोशी द्वारा "प्रज्ञा भारती" सम्मान आदि।

इन संस्थाओं के प्रबन्धकों, स्वामियों, वैरागियों से पण्डित जी के निजी सम्बन्ध उनकी निश्छल सेवाओं के कारण प्रगाढ़ बन गये थे। स्वामी नारदानन्द सरस्वती जी ने मिश्र जी के घर जाकर उनको दीक्षा दी और अपना प्रिय शिष्य घोषित किया। कुछ अन्य सन्त भी थे जिन्होंने पण्डित जी को हार्दिक आशीर्वाद दिया इनमें महन्त नृत्य गोपालदास जी, स्वामी भजनानन्द सरस्वती, प्रकाशानन्द सरस्वती, स्वामी रामतीर्थ जी, मेरे दादा गुरू स्वामी रामस्वरूप दास जी, व्यास प्रभुदत्त ब्रह्मचारी जी, स्वामी वेद व्यासानन्द जी, स्वामी सत्यमित्रानन्द जी, स्वामी असंगानन्द जी, महन्त रामरूप दास जी, महन्त स्वरूपानन्द जी, सर्वदानन्द जी आदि उल्लेखनीय हैं।

यह सत्संग का ही प्रभाव था कि पण्डित जी गृहस्थ संत थे। प्रातः काल की पूजोपासना के पश्चात् वे 93 वर्ष की उम्र में भी प्रतिदिन कचहरी जाते हुए अनेक सामाजिक धार्मिक एवं शैक्षिक संस्थाओं का मार्गदर्शन करते थे। हम सभी को पण्डित जी का पावन सानिध्य अन्तिम बार 18 मई 2013 को श्रद्धेय बैरिस्टर नरेन्द्र जीत सिंह जी के जन्मोत्सव एवं विद्यालय के वार्षिक परीक्षा परिणाम वितरण के समय प्राप्त हुआ। 8 जून 2013 को 93 वर्ष 09 माह 20 दिन की उम्र में प्रातः काल 9 बजे मरियमपुर अस्पताल कानपुर में लम्बी बीमारी के पश्चात् पण्डित जी ब्रह्मलीन हो गये। उसी दिन सायंकाल 4 बजे गंगातट भैरवघाट की उनकी अन्तिम यात्रा में सैकड़ों अधिवक्ता, न्यायिक अधिकारी, शैक्षिक एवं सामाजिक क्षेत्र के लोग तथा परिजनों ने भाग लिया। बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं के समक्ष उनकी काया पंचतत्व में विलीन हो गयी। आज उनका पार्थिव शरीर हमारे बीच नहीं है। परन्तु उनकी कर्मठता सद्व्यवहार और जीवनशैली नई पीढ़ी का मार्गदर्शन करती और प्रेरणा देती रहेगी। ऐसे महापुरुष का हमारे बीच से उठ जाना निश्चित रूप से मानवता के कोष का ह्रास होना है। ऐसे ऋषिकल्प जीवन जीने वाले कर्मयोगी के श्री चरणों में हमारा शत् शत् नमन। अन्त में ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ - प्रभु उन्हें चिर शान्ति प्रदान करें तथा शोक संतप्त परिवारीजनों को यह दारुण दुःख सहन करने की शक्ति और साहस तथा शान्ति प्रदान करें।

***

एक अविस्मरणीय व्यक्तित्व - ठाकुर गुरुजन सिंह जी

पवन कुमार पाण्डेय



आविर्भाव - 20 नवम्बर 1918
तिरोभाव - 28 नवम्बर 2013

इस ब्रह्माण्ड में यदि कुछ भी स्थाई है तो वह एक मात्र 'ब्रह्म', जिससे प्रकृति और जीव दोनों की ही उत्पत्ति हुई है। प्रकृति अपना स्वरूप बदलती रहती है और जीव भी कालान्तर में कर्मफलानुसार नवीन योनियाँ ग्रहण करता रहता है। परब्रह्म से पृथक् हुए जीव का (जन्म लेकर) परब्रह्म में लय होना (मृत्यु को प्राप्त करना) ही भारतीय अध्यात्म का सार और जीव का साफल्य है। विगत 28 नवम्बर 2013 को 'राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ' के वरिष्ठ स्वयं सेवक तथा 'विश्व हिन्दू परिषद्' के वरिष्ठतम कार्यकर्ता माननीय ठाकुर गुरुजन सिंह जी ने शिवसायुज्य को प्राप्त किया। आपका जन्म 20 नवम्बर 1918 तदनुसार मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष त्रयोदशी संवत्-1975 को ग्राम खुरुहुँजा (बबुरी बाजार) जिला-चन्दौली उत्तर प्रदेश में हुआ था। आपके पिता जी का नाम शिवमूरत सिंह तथा बाबा का नाम भृगुनाथ सिंह था। ठाकुर साहब का बचपन का नाम दुर्जन सिंह था। संघ का सक्रिय कार्यकर्ता होने पर श्री माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर 'गुरूजी' ने उनका नाम बदलकर 'गुरुजन सिंह' रख दिया था।

ठाकुर साहब की प्रारम्भिक शिक्षा वाराणसी के जयनारायण इण्टर कालेज में हुई। परन्तु उनका मन पढ़ाई में अधिक नहीं लगा। वाराणसी में ही उनके परिवार की 'शीला रंग कम्पनी' थी आप उसी में काम देखने लगे, जिस मुहल्ले में रंग कम्पनी थी उसके पास ही एक हाते में संघ शाखा लगती थी। ठाकुर साहब नित्य शाखा जाने लगे। तभी 1933 से 1935 के मध्य आपका परिचय श्री भाउराव देवरस जी से हुआ। मित्रता इतनी बढ़ती गई कि दोनों लोग एक ही साइकिल पर बनारस घूमते थे। धीरे-धीरे संघ के कार्यों में इतना व्यस्त होते गये कि एक दिन उन्हें रंग फैक्ट्री का कार्य छोड़ना पड़ा। वर्ष 1948 में संघ पर लगे प्रतिबन्ध के समय वाराणसी में गंगा स्नान कर लौटते हुए ठाकुर साहब को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उस समय आप श्री भाउराव देवरस, अशोक सिंहल, दत्तराज कालिया आदि के साथ काशी जेल में ही बन्द रहे।

वर्ष 1955-56 में बनारस के नगर कार्यवाह थे। कालान्तर में संघ के प्रचारक हुए और वर्ष 1964 में बनारस के विभाग प्रचारक का दायित्व संभाला। ठाकुर साहब अच्छी खासी पैतृक जमीन वाले किसान थे। लेकिन जीवन में कभी भी न ही इसकी ओर ध्यान दिया और न ही किसी से कोई

पाप एक प्रकार का अंधेरा है जो ज्ञान का प्रकाश होते ही मिट जाता है। - कालिदास

चर्चा ही की। वे पूर्ण विरक्त हो चुके थे समय के साथ संघ के कार्यों की जिम्मेदारियों में इतने तल्लीन होते गये कि अपने इकलौते पुत्र-नरेन्द्र के विवाह में भी समय पर नहीं पहुँचे। उनके बड़े भाई डॉ0 बब्बन सिंह और एक घनिष्ठ सहयोगी सोमनाथ सिंह ने ही नरेन्द्र के विवाह की सारी जिम्मेदारियाँ निर्वाह कीं। बनारस में ठाकुर साहब का सम्बन्ध क्रान्तिकारी श्री शचीन्द्रनाथ सान्याल से हुआ तथा बीमारी के समय उनकी सेवा भी की। सुभाष चन्द्र बोस जब कांग्रेस से निष्कासित कर दिये गये, तब वे बनारस आये। बनारस का कोई भी व्यक्ति उन्हें अपने घर में ठहराने के लिये तैयार नहीं था। तब ठाकुर साहब ने ही उन्हें ठहराने की जिम्मेदारी स्वीकार की और रामकृष्ण मिशन में ठहरने का प्रबन्ध किया। बनारस से प्रकाशित होने वाले दैनिक पत्र 'आज' के सम्पादक शिवप्रसाद गुप्त को जब यह जानकारी मिली तो उन्होंने सुभाष को अपने घर में ठहराने के लिए ठाकुर साहब से आग्रह किया और अपने आवास पर ठहराया।

ठाकुर साहब कई संगठनों में रहकर देश की सेवा करते रहे। उन्होंने सन् 1971 से 1978 तक किसानों के संगठन का कार्य किया। 'भारतीय किसान संघ' के गठन के पूर्व ही वे किसानों के बीच जाकर काम करने लगे थे। वर्ष 1979 में उन्होंने 'विश्व हिन्दू परिषद्' का दायित्व संभाला। जनवरी 1979 में प्रयागराज में संगम तट पर सम्पन्न हुए द्वितीय विश्व हिन्दू सम्मेलन की तैयारियों के वे स्तम्भ थे। विश्व हिन्दू परिषद् में उनका केन्द्र प्रयागराज हो गया। प्रयाग के कीटगंज मुहल्ले में विश्व हिन्दू परिषद् के पास कार्यालय के रूप में भार्गव जी का एक पुराना भवन था। ठाकुर साहब यहीं रहते थे और नित्य गंगा स्नान करने जाते थे। वे किसी को भी अपने पैर नहीं छूने देते थे। उनका मानना था कि जब एक ही ब्रह्म सभी शरीरधारियों में समाहित हैं तो फिर पैर छूना क्यों? ठाकुर साहब गौ सेवा प्रेमी थे वे विगत 20 वर्षों से निरन्तर गौशाला चला रहे थे। आपके पास जो भी व्यक्ति मिलने के लिए आता था ठाकुर साहब स्वयं भोजन पकाकर उसे खिलाते थे तभी सोने देते थे। वर्ष 2010 में एक बार मुझे भी उनके हाथ की बनी खिचड़ी खाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। बीमार लोगों की सेवा वे स्वयं सारी-सारी रात जागकर करते थे। आपने अशोक सिंहल जी के गुरू त्रिपाठी जी की सेवा बड़ी तन्मयता से उनकी आयु पर्यन्त की। ठाकुर साहब सदैव मोटी खादी का तीन चौथाई बाहों का कुर्ता तथा ऊँची बँधी मोटी खादी की धोती पहनते थे। सर्दियों और गर्मियों में उनके वस्त्र एक समान रहते थे। अनेक विद्यार्थियों को पढ़ने के लिए अनुकुल परिस्थिति का निर्माण कर योग्य शिक्षा की प्रेरणा दी। परन्तु उसके पीछे कोई कामना नहीं कोई इच्छा नहीं। वे स्वयं आयुर्वेद, प्राकृतिक चिकित्सा, जड़ी बूटियों के रोग निवारक गुणों के अच्छे जानकार थे।

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के द्वितीय सर संघचालक परमपूज्य श्री गुरू जी के पास एक कमण्डलु रहता था। एक बार उसकी मरम्मत की आवश्यकता थी। बनारस आने पर श्री गुरुजी ने ठाकुर गुरुजन सिंह से पूछा- "ठाकुर ये क्या है"? ठाकुर साहब ने उत्तर दिया- "है तो यह लौकी की तम्बूड़ी परन्तु महत्त्व इसका है कि यह किसके हाथ में है।" तब श्री गुरूजी बोले- "अच्छा तो तुम इस कमण्डलु की मरम्मत कर दो।" श्री गुरूजी ने एक बार उनका परिचय कराते हुए कहा था

कि- "यह महात्मा है, महात्मा।" बनारस में गोदौलिया चौराहे पर घटाटेराम मन्दिर में संघ कार्यालय प्रारम्भिक दिनों से है। ठाकुर साहब उन दिनों वहीं रहा करते थे। कार्यालय के सामने एक मुसलमान बैठा रहता था। ठाकुर साहब उसे भूखा देखकर नित्य ही भोजन दे दिया करते थे। जब श्री गुरूजी बनारस आये तो कुछ स्थानीय कार्यकर्ताओं ने शिकायत के लहजे में यह बात गुरू जी से कही। श्री गुरूजी ने पूछा- "कहो ठाकुर क्या बात है?" ठाकुर साहब ने उत्तर दिया- गरीब है, अशक्त है, चल फिर नहीं सकता।" श्री गुरूजी बोले- "ठीक है ठीक है।"

वर्ष 2000 के आस पास ठाकुर साहब को फेफड़े की बीमारी ने घेर लिया। माननीय अशोक जी उन्हें इलाहाबाद के कीटगंज कार्यालय से अपने पैतृक भवन 'महावीर भवन' में ले आये। नैनी निवासी बजरंगदल के युवा कार्यकर्ता मिथिलेश पाण्डेय 1990 से कीटगंज कार्यालय पर आते थे। उनका ठाकुर साहब से विशेष लगाव था। मिथिलेश के प्रयास और अशोक जी के विशेषाग्रह पर इलाहाबाद मेडिकल कालेज के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ0 एस0के0 जैन ठाकुर साहब को अपने हॉस्पिटल ले गये। 6 माह में ही ठाकुर साहब पूर्ण स्वस्थ हो गये और वापस आकर महावीर-भवन में रहने लगे। तब से नित्य डॉ0 जैन के द्वारा भेजा गया एक प्रतिनिधि डाक्टर ठाकुर साहब के चिकित्सकीय परीक्षण हेतु आता था। डॉ0 जैन ठाकुर साहब की देखभाल अपने पिता के समान करते थे। ठाकुर साहब दिन भर एक कापी पर लाल पेन से राम-राम लिखा करते और श्रीरामचरित मानस का पारायण करते थे। मैंने स्वयं देखा है उनका पूजन स्थल सम्पूर्ण पूजा सामग्री मात्र एक मेज पर व्यवस्थित- जिसमें दो चित्र (एक उनके गुरू का और दूसरा दादागुरू का) और एक रामचरित मानस जो कि उन्हें- कानपुरजनपदान्तर्गत ग्राम-मैथा में जन्में विश्व प्रसिद्ध सन्त स्वामी भास्करानन्द सरस्वती जी महाराज के अन्यतम प्रिय शिष्य एवं श्रद्धेय बैरिस्टर नरेन्द्र जीत सिंह तथा उनके भाई रंजीत सिंह के मित्र प्रयाग निवासी बलराम उपाध्याय (न्यायाधीश-उच्च न्यायालय) के पिता राय बहादुर रामवरण उपाध्याय जी (संन्यासस्थनाम स्वामी सीता राम आश्रम) से प्राप्त हुई थी। अन्तिम दो वर्षो से ठाकुर साहब की सेवा उनके पुत्र नरेन्द्र स्वयं करने लगे थे तथा वे ही ठाकुर साहब को मानस पाठ सुनाते थे।

ठाकुर साहब के उदार और सेवाधर्मी जीवन के अनेक संस्मरण सँजोए हुए हैं विद्यालय के आचार्य श्री जगपाल जी जिन्होंने अपने अध्ययनकालएवं संघसेवा के समय में कई बार ठाकुर साहब का सान्निध्य प्राप्त किया। विद्यालय में भौतिक विज्ञान के पूर्व आचार्य श्री ज्ञानेन्द्र शर्मा जी ने भी वर्ष 1977-78 में जिन दिनों वे प्रयाग के प्रचारक थे ठाकुर साहब के साथ उनका कई वर्षो का साहचर्य है जब वे प्रयाग के कीटगंज में संघ कार्यालय में रहते थे। कीर्तिशेष श्री निहाल जी तनेजा ने ठाकुर साहब से ही गौसेवा की प्रेरणा लेकर सहार (औरैया) में गौशाला प्रारम्भ की। इस प्रकार संघ के कई श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं का ठाकुर साहब के साथ साहचर्य था। जिनमें से- प्रोफेसर राजेन्द्र सिंह उर्फ रज्जू भैया, दिनेश जी, डॉ0 अमर सिंह जी, स्वान्त रंजन जी, भाउराव देवरस जी एवं अशोक सिंघल जी आदि कुछ प्रमुख हैं।

ठाकुर साहब से मै पहली बार जून-2010 में मिला उनके शारीरिक स्वरूप को देखकर

ग्राम-निगोहा चौबेपुर के विद्वान् श्री महादेव शुक्ल 'शंकर' के द्वारा उनके दादागुरू पर लिखी गई इन पंक्तियों का स्मरण हो आया-

कृशं सुन्दरं ह्रस्थिशेषं विवस्त्रं निरीहं जगत्पूज्यमान्यं वदान्यम्।
परब्रह्म रूपं दयातीर्थ भूतं भजे भास्करानन्दमानन्दकन्दम्।।

शारीरिक संरचना और व्यावहारिकता में ठाकुर साहब स्वामी जी जैसे ही थे। पूर्णतः निस्पृही तथा सेवा भाव और उदारता तो उन्हें गुरू परम्परा से ही मिली थी। मैंने उनसे कई बार दादागुरू की जन्म-भूमि-मैथा परिभ्रमण के लिए आग्रह किया किन्तु आने की प्रगाढ़ इच्छा होते हुए भी शारीरिक शिथिलता के कारण उन्होंने आने में निराशा व्यक्त की। फिर कई बार भेंट हुई प्रत्येक बार वे अपने गुरू जी के जीवन की कोई घटना बताते और मुझसे अपने दादा गुरू के जीवन की घटनाएँ सुनते-सुनते उनके नेत्र अश्रुपूरित हो जाते थे। परास्नातक कक्षा में मेरे द्वारा लिखा गया लघु शोध प्रबन्ध उन्होंने दो बार पढ़ा और कुछ घटनाओं पर वार्ता भी की क्योंकि उक्त लघु शोध प्रबन्ध उनके दादागुरू के जीवन चरित्र पर था। तभी उन्होंने यह भी बताया कि उन्होंने अपने विद्यालय के माननीय सचिव श्री वीरेन्द्र जीत सिंह जी को उनकी अल्पवय में गोद में खिलाया है।

ठाकुर साहब ने आजीवन कभी भी किसी को अपना जन्मदिन नहीं बताया। इस बार काफी आग्रह पर आपके बेटे नरेन्द्र ने गाँव के पुराने कागजों से आपकी जन्मतिथि पता की जो थी 20 नवम्बर अतः 10 दिन पूर्व पता हो जाने पर निश्चय किया कि इस बार ठाकुर साहब की उम्र 95 वर्ष पूर्ण हो जायेगी। 20 नवम्बर 2013 को ठाकुर साहब के जन्मदिन पर महामृत्युंजय जप, हवन तथा परिचित व्यक्तियों कार्यकर्ताओं को बुलाकर सहभोज किया गया।

28 नवम्बर 2013 की रात्रि में लगभग 9 बजे नित्य की भाँति भोजन किया। रोज की तरह डॉ0 एल0 के0 जैन के चिकित्सालय का व्यक्ति अमित उनका रक्तचाप नापने के लिए उनके पास आया। ठाकुर साहब के मुँह से लार गिर रही थी उसे कपड़े से साफ किया गया। ठाकुर साहब को आवाज दी गई, जब कोई उत्तर नहीं मिला, उन्हें हिलाया गया और यह अनुभव किया गया कि ठाकुर साहब अब नहीं रहे। ठाकुर साहब जीवन भर जिसकी उपासना करते आये थे आज 95 वर्ष 8 दिन की उम्र में उसी में विलीन हो चुके थे। ईश्वर ठाकुर साहब की आत्मा को शान्ति तथा शोक संतप्त परिवार को यह दारुण दुःख सहन करने की शक्ति एवं साहस प्रदान करें।

***

'चित्रकूट गिरि करहु निवासू'

श्री सुधीर अवस्थी
प्रवक्ता– रसायन विज्ञान

चित्रकूट की भूमि में कण-कण में राम जी रमे हुए हैं। उन्होंने अपने वनवास काल के चौदह वर्षों में से साढ़े ग्यारह वर्ष की अवधि इसी स्थान पर व्यतीत की। सम्प्रति भी आध्यात्मिक सुख, रामरस की औषधि (राम रसायन) की प्राप्ति, कलियुग के प्रभावों से छुटकारा पाने तथा अशान्त मन से निजात पाने का एक मात्र उपाय चित्रकूट दर्शन से ही साधक को प्राप्त होता है। तुलसीदास जी प्रायः भ्रमण करते हुए चित्रकूट आ जाया करते थे। किसी साधक के द्वारा इस विषय में पूछने पर उन्होंने इसका कारण स्पष्ट करते हुए कहा–

भव भुवंग तुलसी नकुल, ऊसत ज्ञान हर लेत।
चित्रकूट एक औषधि, चितवत होत सचेत।।

गोस्वामी जी ने विभिन्न ग्रन्थों में चित्रकूट के विशिष्ट प्रभाव का कई जगह उल्लेख किया। वाल्मीकि ऋषि से श्री राम जी ने अपने निवास स्थान के विषय में पूछा, जो अयोध्याकाण्ड में वर्णित है। वाल्मीकि जी ने हँस कर कहा कि–

पूछेहु मोहिं कि रहउँ कहँ, मैं पूछत सकुचाउँ।
जहँ न होउ तहँ देउँ कहि, तुम्हहि दिखावउँ ठाउँ।।

मानव शरीर के विविध अवयवों का उल्लेख करते हुए वाल्मीकि ऋषि ने कई स्थान दिखाए। गोस्वामी जी लिखते है- 'एहि विधि मुनिबर भवन देखाए।' लेकिन भौतिक दृष्टि से उन्होंने श्रेष्ठ एवं सुखद स्थान चित्रकूट को ही बताया–

चित्रकूट गिरि करहु निवासू। तहँ तुम्हार सब भाँति सुपासू।।
सैल सुहावन कानन चारू। करि केहरि मृग बिहग बिहारू।।

गोस्वामी जी ने स्थान के विशिष्ट प्रभाव को दर्शाते हुए लिखा है कि–

नदी पुनीत पुरान बखानी। अत्रि प्रिया निज तप बलआनी।।
सुरसरि धार नाउँ मन्दाकिनि। जो सब पातक पोतक डाकिनि।।

अर्थात् अत्रि ऋषि की पत्नी अनसूया जी के तपबल द्वारा लाई गई प्राणदायिनी मन्दाकिनी गंगा जो कलियुग के पापों को खाने वाली डाइन हैं।

राम जी द्वारा चित्रकूट को सुख निवास की संस्तुति का प्रमाण है–

अस कहि लखन ठाउँ दिखरावा। थल बिलोकि रघुबर सुख पावा।।

राम जी यहाँ नित्य निवास करते हैं, यहाँ साधक को साधना करने पर राम जी का सान्निध्य प्राप्त होता है। गोस्वामी जी दोहावली में लिखते हैं–

चित्रकूट सब दिन बसत, प्रभु सिय लखन समेत।
राम नाम जप जापकहिं, तुलसी अभिमत देत।।

यहाँ निवास करने से "सच्चा स्नेह" तथा "त्याग की कला" (Art of leaving) प्राप्त होती है। गोस्वामी जी कवितावली में लिखते हैं-

तुलसी जो राम सों सनेह साँचों चाहिये।
तो सेइये सनेह सों विचित्र चित्रकूट को।।

मेरा अपना भी अटूट विश्वास है कि वर्ष में कम से कम एकबार चित्रकूट दर्शन तथा कामदगिरि की परिक्रमा से मनुष्य को जीवन के विषाद जन्य कष्टों से छुटकारा प्राप्त होता है। विनयपत्रिका में गोस्वामी जी ने लिखा भी है-

अब चित चेति चित्रकूटहिं चलु।

*** *** ***

विविध

सुभाष चन्द्र शर्मा
आचार्य

बड़ी उम्मीद और हसरत में दुनियाँ नाप डाली है।
आस्था ऐसा उपवन है कि जिसका एक माली है।
फलों की आस में भटके, बाँस और बेंत के वन में,
मेरे जीवन की ये झोली, कई जन्मों से खाली है।

कहना हो तो मुझे शौक से शूल कहो त्रिशूल कहो।
या मार्थ का चन्दन कह लो या मरघट की धूल कहो।
संत चरण रज ढूँढ़ रहा हूँ, बर्फीले तूफानों में,
कहना हो तो इसे मेरे जीवन की सुन्दर भूल कहो।

धर्म धरा की कर्म भूमि पर, ऋषियों का आगमन हो गया।
महक उठी जीवन की बगिया, मन बासंती पवन हो गया।
महा पर्व की इस वेला में, वरदानों से भरी हैं झोलीं,
ज्ञान-बुद्धि प्रज्ञा संगम में, अमृत का आचमन हो गया।

धरती पर परम तत्त्व ज्ञानी, अध्यात्म शक्ति रत्नाकर है।
जो है वाणी का अमर पुत्र, वो दीपक नहीं दिवाकर है।
सत्कर्म मार्ग का अनुगामी, पंचों की शाला का मालिक,
जिसकी सत्ता शाश्वत अनन्त, आचार्य उसी का चाकर है।

क्या खोया? क्या पाया हमने, उम्र घटा कर जोड़ रहा हूँ।
स्मृतियों से भरे घड़ों को, मार कंकड़ी तोड़ रहा हूँ।
दिल के बाँगर-बीराने में, बरस रही है नेह बदरिया,
आदर्शों की धूप छाँव में, सत्य-असत्य निचोड़ रहा हूँ।

जाग मुसाफिर जाग

सुभाष चन्द्र शर्मा
आचार्य

जीवन की अनमेल घड़ी है, घूँघट खोले रात खड़ी है।
झिलमिल चूनर त्याग। जाग मुसाफिर.....

प्राची के माथे पर रोली, सुमन सुगन्धित पुरवा डोली।
पंछी छेड़ें राग। जाग मुसाफिर.....

धर्म धरा के रूप निराले, मंदिर-मस्जिद और शिवाले।
बाँट रहे अनुराग। जाग मुसाफिर.....

अनुनादित ध्वनि है मंत्रों की, प्रेम सुधा वाणी संतों की।
भटके ना बैराग। जाग मुसाफिर.....

मोह रही मन माया नगरी, जीवन पनघट रूप की गगरी।
मोती चुगता काग। जाग मुसाफिर.....

भेदभाव जीवन के सपने, गैर न कोई सब है अपने।
व्यर्थ की भागम भाग। जाग मुसाफिर.....

धर्म-कर्म के रूप निराले, कलियुग के सब ढंग है काले।
लग न जाये दाग। जाग मुसाफिर.....

***

मुक्तक (केदारनाथ त्रासदी)

सुभाष चन्द्र शर्मा
आचार्य

त्रासदी इतिहास में जीवित अलकनंदा रहेगी। आस्था के हाशिये पर, शाब्दिक निन्दा रहेगी।
हर तरफ से हाथ उठे थे मदद के वास्ते, नेकी नियामत के लिए, इंसानियत जिन्दा रहेगी।

वरदान की वो शुभ घड़ी, अगले ही पल आपदायी थी। अलकनन्दा के आँगन में, चारों तरफ तबाही थी।
इंसानियत थर्रा उठी, लाशों का मंजर देख कर, जल-प्रलय अविनाशी का, अभिषेक करने आयी थी।

कुदरत का ये कहर है; या प्रगति में खोट है। बेर की गुठली जहाँ थी, अब वहाँ अखरोट है।
मालिक मेरे तू ही बता, बैठा कहाँ किस वेश में, विश्वास के बादल फटे, ये आस्था पर चोट है।

मृत हुई संवेदनाएँ जिस्म पत्थर का हुआ। चल बसी मौसी के संग माँ, खो गयी बहना बुआ।
लाशों से बातें कर रहीं, अब दूर तक खामोशियाँ, जलजले ने भर दिया अब मौत का अंधा कुआँ।

क्या लिखूँ? कैसे लिखूँ? कुछ भी समझ आता नहीं। आपदाओं का अंधेरा दिल से अब जाता नहीं।
संवेदना की कलम से, हर व्यथा कैसे लिखूँ? दर्द-ए-जिगर सावन मेरा, आँखों से अब जाता नहीं।

सत्कारपूर्वक दान दो, स्वहस्त से दान दो, मन से दान दो, ठीक तरह से दोषरहित दान दो। - महात्मा बुद्ध

पुस्तकालयों का इतिहास

(एक संक्षिप्त परिचय)

श्रीमती वन्दनामणि त्रिपाठी
(पुस्तकालयाध्यक्षा)

सभ्यता के आदि से ही मानव को ज्ञान एवं विद्या से प्रेम रहा है। पाश्चात्य पंडितों के मतानुसार पूर्व में मानव अपनी भावनाओं को चित्रों एवं रेखाओं से दर्शाता था जिन पर वह लिखता था-पत्थर, भोजपत्र एवं ताड़-पत्र इत्यादि ही उसकी पुस्तकें होती थीं। सन् 1850 ई. में लेयार्ड को 'निनेभा' (Nineveh) की खुदाई के समय चित्रों से सुशोभित पत्थरों का संग्रहालय मिला। विद्वानों के अनुसार यह असीरिया के शासक असुरबानी पाल का पुस्तकालय था। माना जाता है कि भूमध्यसागर के उत्तरी प्रदेशों में पहले लिपि का आविष्कार हुआ तथा सबसे पहली लिखने की भाषा चालडियन है।

"Mandoes not live by bread alone" अर्थात् मनुष्य केवल रोटी के लिये ही नहीं जीता है। मानव में आध्यात्मिक, सांस्कृतिक सौन्दर्य एवं आदर्शो को पाने की नैसर्गिक प्रवृत्ति होती है जिसके द्वारा वह अपने जीवन को उच्च शिखर की ओर ले जाना चाहता है। उसे अपने आराम के क्षणों में भी स्वच्छ मनोरंजन की आवश्यकता होती है। जब तक ये सुविधायें उसे प्राप्त नहीं होंगी उसका ध्यान स्वतः ही तोड़-फोड़ एवं बुराइयों की ओर चला जाता है। हमारा ध्येय यह होना चाहिये कि हर मनुष्य एक सुसंस्कृत एवं समृद्ध जीवन व्यतीत करे जो मूलभूत मूल्यों पर आधारित है। समाज की यह सामूहिक जिम्मेदारी है कि इन उद्देश्यों की पूर्ति हेतु आवश्यक सूचनायें उपलब्ध कराये। इन्हीं सुविधाओं को उपलब्ध कराने हेतु समाज ने शैक्षणिक संस्थाओं को बनाया है, जैसे- विद्यालय, महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, शोध एवं सांस्कृतिक संस्थायें, संगीत एवं कला तथा व्यापारिक संस्थायें इत्यादि कुछ सामाजिक संस्थायें उदाहरण हैं।

यूनान देश में बड़े-बड़े पुस्तकालय थे। इस देश में प्रथम पुस्तकालय का संस्थापक 'पिसिस्ट्रेटस' था। प्लेटो, अरस्तू तथा यूक्लिड इत्यादि के निजी पुस्तकालय थे। रोम देश का राजा 'अगस्टस' सार्वजनिक पुस्तकालय का जन्मदाता कहलाता है। रोम के धर्माचार्यो ने भी अच्छे पुस्तकालय खोले तथा उधार पुस्तकें लोगों को दी जाने लगीं।

भारत में जहाँ वेद एवं उपनिषदों इत्यादि ग्रंथों की रचना हुयी जो विद्या, सभ्यता तथा संस्कृति का प्राचीनतम केन्द्र रहा है। तब पुस्तकालयों का अभाव नहीं था। जगप्रसिद्ध विश्वविद्यालय-नालन्दा, विक्रमशिला, तक्षशिला, ओदन्तपुर के पुस्तकालयों की पुस्तके मंदिर तथा मठों की पुस्तकें वर्गीकृत रूप से रखी हुयी पायी जाती हैं। प्राचीन समय में छापाखाना न होने के कारण यह अवश्य ही था राजा, महाराजा एवं धनी लोग ही पुस्तकों की प्रतिलिपि पर्याप्त धन के द्वारा तैयार करवाते थे। किन्तु उनका उपयोग वे स्वयं ही करते थे।

1452 ई. में गूटनबर्ग ने मुद्रण मशीन का आविष्कार किया। इस महत्त्वपूर्ण घटना ने पुस्तकालय के इतिहास में एक नवीन परिवर्तन ला दिया है। शनैः-शनैः पुस्तकें प्रकाशित होने लगीं। धीरे-धीरे सार्वजनिक स्थानों पर पुस्तकों का एकत्रीकरण आरम्भ हुआ। बाद में कई प्रतिष्ठित व्यक्तियों एवं

कलाकार प्रकृति का प्रेमी है, अतएव वह उसका दास भी है और स्वामी भी। - रवीन्द्रनाथ ठाकुर

सामाजिक संगठनों ने पुस्तकालयों की स्थापना में अपना योगदान दिया। अपनी निजी पुस्तकें पुस्तकालयों को उपहार स्वरूप भेंट कर दीं। नये-नये पुस्तकालय खुलने शुरू हो गये। कहीं-कहीं इस प्रकार राज्य सरकारों तथा नगर निगमों इत्यादि ने इस कार्य के लिये वित्तीय सहायता प्रदान की। फलस्वरूप पश्चिम में इस प्रकार कई पुस्तकालयों का जन्म हुआ।

भारत में व्यवस्थित रूप से पुस्तकालय का आरम्भ 1835 में अंग्रेजी शासन में कलकत्ता से हुआ। 1850 तक बम्बई, मद्रास इत्यादि बड़े शहरों में पुस्तकालय खुले। देश की समग्र जनता में व्यापक रूप से शिक्षा-प्रसार हेतु अब तक जितने साधन काम में लाये गये हैं उनमें पुस्तकालय एक प्रधान उपाय है। पुस्तकालय शिक्षा-प्रसार के केन्द्र हो रहे हैं। अनेक भ्रांत पथिकों को विश्व के दुर्गम पथ में अपना मार्ग निर्धारित करने का संकेत पुस्तकालय से मिला है तथा मिल रहा है।

सुप्रसिद्ध अमेरिकी साहित्यिक विद्वान् शल्फ वाल्डो इमर्सन ने लिखा है- बहुत बार ऐसा देखा गया है किसी एक पुस्तक के पढ़ने से मनुष्य का भविष्य बन गया है।

इंग्लैण्ड के राजनीतिज्ञ एवं लेखक बेंजामिन डिजरेली के अनुसार एक पुस्तक युद्ध की तरह महत्त्व रख सकती है। पुस्तकालय के इतिहास में ग्रेट ब्रिटेन अगुवा रहा है। सन् 1928 में 'सोसायटी फॉर दी डिफ्युजल ऑफ नॉलेज' की स्थापना की गयी जो पुस्तकालय आन्दोलन की दृष्टि से एक आवश्यक सामाजिक जाग्रति का सर्वप्रथम स्पष्ट चिह्न था। सन् 1850 में वहाँ पर प्रथम पुस्तकालय अधिनियम पारित किया गया जिसके अन्तर्गत वहाँ नगरपालिकाओं को सार्वजनिक पुस्तकालय स्थापित करने का आदेश दिया गया। 1917 में जब पुस्तकालय आन्दोलन की समीक्षा की गयी थी तब यह पाया गया कि उसमें ग्रामीण पुस्तकालय उन्नति की अवहेलना की गयी है। 1921 में 'पुस्तकालय अधिनियम' पारित किया गया जिसके अनुसार प्रत्येक जिले को यह अधिकार दिया कि वे ग्राम पुस्तकालय की स्थापना करें एवं वाहनों द्वारा पुस्तकें सभी ग्रामों तक पहुँचायें।

संयुक्त राज्य अमेरिका के पुस्तकालय के इतिहास में 1876 को एक महत्त्वपूर्ण वर्ष माना जाता है। इसी वर्ष 'अमेरिकन लाइब्रेरी एसोसिएशन' की स्थापना की गयी थी जिसके प्रमुख प्रवर्तक मेलवील डीवी थे जिनको आधुनिक पुस्तकालय विज्ञान का जनक माना जाता है। इस संघ का उद्देश्य यह घोषित किया गया कि किसी भी प्रकार जनता को अल्पतम व्यय से अधिकतम लोगों को श्रेष्ठतम ज्ञान मिले। अमेरिका में पुस्तकालय सेवा प्रदान करने के लिये कई उपायों को प्रयोग में लाया गया तथा उद्देश्य की पूर्ति हेतु प्रत्येक राज्य में पुस्तकालय अधिनियम बनाया गया। आज विश्व में अमेरिका ही सबसे उन्नत एवं समृद्धिशाली देश माना जाता है। सर्वप्रथम मेलवील डीवी ने कहा था कि पुस्तकें उपयोग के लिये हैं तथा हर प्रजातांत्रिक सरकार का यह दायित्व है कि जनता को उत्कृष्ट साहित्य को कम से कम शुल्क में उपलब्ध कराये।

जापान में शिक्षा को व्यापक बनाने के लिये वहाँ के सम्राट ने सन् 1872 में अपने आज्ञापत्र में यह घोषण की कि कोई भी ग्राम ऐसा न रह जाय जहाँ एक भी कुटुम्ब अशिक्षित रहे तथा न ही कोई भी ऐसा कुटुम्ब रहे जिसका एक भी व्यक्ति अशिक्षित रहे। इस घोषणा पत्र से जापान में पुस्तकालय हेतु अनुकूल वातावरण बना। सन् 1899 में प्रथम पुस्तकालय अधिनियम पारित किया गया। 1912 में

अभिमान की अपेक्षा नम्रता से अधिक लाभ होता है। - महात्मा बुद्ध

जापानी पुस्तकालय संघ की स्थापना हुयी।

भारत में पुस्तकालय जाग्रति का इतिहास प्राचीन नहीं है। आज से 50 वर्ष पूर्व एस.आर. रंगनाथन ने कल्पना की थी कि स्वतंत्रता के पश्चात् 30 वर्षों में एक केन्द्रीय पुस्तकालय, 24 प्रांतीय पुस्तकालय, 154 नगर केन्द्रीय पुस्तकालय तथा 321 ग्राम पुस्तकालय खोले जायेंगे। लेकिन इस दौरान केवल दक्षिण राज्यों को छोड़कर कहीं भी पुस्तकालय अधिनियम पारित नहीं हो सके। पिछले पन्द्रह वर्षों में केवल पश्चिम बंगाल, मणिपुर, हरियाणा, मिजोरम तथा गोवा राज्य में ही पुस्तकालय अधिनियम पारित किये गये हैं।

हमारे देश में पुस्तकालय का इतिहास सही अर्थों में स्वतंत्रता के पश्चात् प्रारम्भ हुआ। किन्तु स्वतंत्र भारत में समय की गति के साथ पुस्तकालय की व्यवस्था और स्वरूप में जो परिवर्तन हुआ उनका व्यापक प्रभाव बाद में पुस्तकालय पर पड़ा। 20वीं शताब्दी के प्रारम्भ तक पुस्तकालय विज्ञान के डां0 रंगनाथन द्वारा प्रतिपादित आधारभूत सिद्धान्तों के कारण बदलते युग की माँग के अनुरूप पुस्तकालयों का स्वरूप भी बदला और वे नि:शुल्क सेवा प्रदान करने वाली सामाजिक संस्थाओं के रूप में परिवर्तित हो गये। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् भारत में निम्नलिखित प्रकार से पुस्तकालयों का विकास हुआ-

1. इम्पीरियल लाइब्रेरी, कलकत्ता को देश का राष्ट्रीय पुस्तकालय घोषित करना।
2. तमिलनाडु, आन्ध्रप्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र, केरल राज्यों में पुस्तकालय अधिनियम पारित करना।
3. अधिक से अधिक विश्वविद्यालयों की स्थापना के साथ-साथ वैज्ञानिक एवं तकनीकी तथा सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में शोध संस्थाओं एवं पुस्तकालयों का भी विकास।

27 अक्टूबर से 1951 को भारत सरकार तथा यूनेस्को के सहयोग द्वारा दिल्ली पुस्तकालय की स्थापना हुयी। जो अब भारत के विशाल सार्वजनिक पुस्तकालयों में से एक है इस पुस्तकालय में वे सभी गुण विद्यमान हैं जो किसी भी एक आदर्श सार्वजनिक पुस्तकालय में होने चाहिये।

***

मेरे लिये विद्यालय

प्रवीण पाण्डेय
पूर्वछात्र

आज 25 वर्ष बाद उसी विशालकक्ष में खड़ा हूँ, जहाँ पर आचार्यों के उद्‌बोधनों ने सदा ही आगे बढ़ने को प्रेरित किया था। उसी विशालकक्ष में खड़ा हूँ, जहाँ पर अतुलित बलधाम, हेमशैलाभदेह अंजनिपुत्र से नित कर्मरत रहने की शक्ति माँगता था। उसी विशालकक्ष में खड़ा हूँ, जहाँ अन्धकार से प्रकाश की ओर बढ़ने के मन्त्रों का जाप हमारे गुणसूत्रों में पिरोया गया था। उसी विशालकक्ष में खड़ा हूँ, जिसमें आदरणीया बूजी के त्याग और स्नेह के स्पंद गूँजते थे और जिनकी स्नेहिल दृष्टि आज भी बच्चों को आशीर्वाद से पोषित करती हैं। उसी विशालकक्ष में खड़ा हूँ, जहाँ हम नित एकत्र होते थे, दिन के आकार को समेटने के लिये, भविष्य के विस्तार को समेटने के लिये, ज्ञान के आगार को समेटने के लिये।

25 वर्ष बीते गये हैं यहाँ से गये हुए, पर स्मृतियों में आज भी एक-एक दृश्य स्पष्ट दिखता हैं। 25 वर्ष के कालखण्ड में स्मृतियाँ बिसरा जाती हैं, उनका स्थान न जाने कितने नये घटनाक्रम ले लेते हैं, न जाने कितने नये व्यक्तित्व ले लेते हैं। पता नहीं क्या बात है यहाँ की स्मृतियों में कि वे हृदय से जाने का नाम ही नहीं लेती हैं। मेरे लिये स्मृतियों के रंग औरों की तुलना में कहीं गाढ़े हैं, मैंने सात वर्ष का समय यहाँ के छात्रावास में व्यतीत किया है। मेरी स्मृति में सुबह पाँच बजे उठने से लेकर रात दस बजे सोने तक के हजारों अनुभव एक स्थायी स्थान बना चुके हैं।

मेरा बेटा पृथु 13 वर्ष का है और बिटिया देवला 10 वर्ष की। उनको सदा ही अपना काम करने के लिये उकसाता रहता हूँ। बहुधा वे कहना नहीं टालतेहैं, विशेषकर इस तथ्य को जानने के बाद कि छात्रावास में मैं अपना सारा कार्य स्वयं ही करता था, कपड़े धोने से लेकर कमरे में झाड़ू लगाने तक। स्वयं को ही नियम करना होता था कि कितना पढ़ना है, कब पढ़ना है और कैसे पढ़ना है? स्वयं को ही यह विचारना होता था व्यक्तित्वों से भरी भीड़ के इस विश्व में आपका नियत स्थान क्या है, और उस स्थान तक पहुँचने के लिये आपको क्या साधन आवश्यक हैं? स्वावलम्बन और अपने निर्णय स्वयं लेने के प्रथम बीज इसी विद्यालय के परिवेश की देन हैं।

अनुभव बहुत कुछ सिखाता है, कभी वह शिक्षा व्यवस्थित और मध्यम गति में होती है, कभी समय के थपेड़े आपको विचलित कर जाते हैं। हर अनुभव के बाद आप उसका विश्लेषण करते हैं, भले ही पेन पेपर लेकर न करते हों या कम्प्यूटर पर कोई एक्सेल शीट न तैयार करते हों पर मन में विश्लेषण इस बात का अवश्य होता है कि उस अनुभव में हुई आपकी क्षति, लाभ आपकी स्थिरता और सीखने योग्य बातें क्या क्या रहीं? कौन सी वह दृढ़ता थी जिसने आपको सहारा दिया, कौन सी वे बातें थीं जिन्होंने आपको निराशा के तम में जाने से बचाया, कौन सी वे बातें थीं जो सदा आपको उछाह देती रहीं। मुझे हर बार इस बात की संतुष्टि रहती है कि उन सभी विश्लेषणों के उजले पक्षों के स्रोत इसी विद्यालय से उद्‌गमित होते हैं। मेरी कृतज्ञता आनन्दित हो जाती है, मेरा यहाँ बिताया हुआ एक-एक वर्ष अपनी सार्थकता के गीत गाने लगता है, मेरा विद्यालय मेरे जीवन का आधार स्तम्भ बन कर खड़ा हो जाता है, मेरा विद्यालय मेरे जीवन के शेष मार्ग का प्रकाश स्तम्भ बन खड़ा हो जाता है।

मृत्यु का फव्वारा जीवन के स्थिर जल को नर्तन कराता है। - रवीन्द्रनाथ ठाकुर

आज उसी कृतज्ञता का उत्सव मनाने के लिये हम सभी मित्र एकत्रित हैं। हम सबके बच्चे अभी उसी आयु के होंगे जिस आयु में हम पहली बार इस विद्यालय में आये थे। उनकी गतिविधियों में हमें अपना विद्यालय याद आता है, उनकी गतिविधियों में हमें हमारा वह समय याद आता है जो हमने यहाँ पर आकर साथ-साथ बिताया था। सब कहते हैं कि मैं 41 वर्ष का हो गया हूँ, पर अभी भी 10 वर्ष का एक छोटा बच्चा मन में बसा हुआ है। वह बच्चा जो उत्साह से भरा है, वह बच्चा जो स्वप्न देखना चाहता है, वह बच्चा जिसको किसी बात का भय नहीं है, वह बच्चा जिसे प्रकृति के साथ रहना अच्छा लगता है, वह बच्चा जिसके मन में कोई भेद नहीं, वह बच्चा जो निश्छल है, जो निर्मल है, जो प्रवाहयुक्त है, जो चिन्तामुक्त है। हम सभी मित्र अपने अन्दर रह रहे उसी बच्चे को उसके विद्यालय घुमाने लाये हैं, यह हम सबके लिये उसी कृतज्ञता का उत्सव है।

कुछ तो बात रही होगी हम सबके भाग्यों में कि हमें यह परिवेश मिला। हो सकता है कि यहाँ पर उतनी सुविधायें न मिली हों जो आज कल के नगरीय विद्यालयों में हमारे बच्चों को उपलब्ध रहती हैं, हो सकता है कि यहाँ पर अंग्रेजी बोलना और समझना न सीख पाने से विश्वपटल से जुड़ने में प्रारम्भिक कठिनाई आयी हो, हो सकता है कि कुछ विषय अस्पष्ट रह गये हों, हो सकता है कि प्रतियोगी परीक्षाओं का आधार यहाँ निर्मित न हो पाया हो। यह सब होने के बाद भी जो आत्मीयता, जो गुरुत्व, जो विश्वास, जो गाम्भीर्य हमें मिला है वह तब कहीं और संभव भी नहीं था, और न अब वर्तमान में कहीं दिखायी पड़ता है। मेरे लिये वही एक धरोहर है। जो व्यक्तित्व यहाँ से विकसित होकर निकलता है, वह एक ठोस ढाँचा होता है, वह अपने शेष सभी रिक्त भरने में सक्षम होता है।

जीवन विशिष्ट है, जीवन विविधता से भरा है, हम सभी मित्र विविध क्षेत्रों में अपना योगदान दे रहे हैं। प्रकृति ने सबको भिन्न कार्य दिया है, सबको भिन्न स्थान दिया है। वही हमारा मान है, वही हमारा प्राकृतिक साम्य है, वही हमारा वैशिष्ट्य है। किसी भी प्रकार की तुलना इस वैशिष्ट्य का अपमान है। हम जब इस शरीर में दो जीवन नहीं जी सकते हैं तो दूसरे से अन्यथा प्रभावित होकर अपने अन्दर रिक्तता का भाव क्यों लायें? अपने व्यक्तित्व, परिवार, परिवेश में जो भी सुन्दर परिवर्तन संभव हैं, उनका सुखद आधार बनें। यह विद्यालय भी विशिष्ट है, जैसा है, वैसा ही प्रिय है, इसके मूलभूत गुण ही इसकी आत्मा है, यदि कुछ बदलाव आवश्यक लगें तो वे केवल बाह्य ही वैशिष्ट्य बचा रहेगा, प्रकृति प्रसन्न बनी रहेगी।

जन्म के समय हम शून्य होते हैं, मृत्यु के समय हम पुनः शून्य हो जाते हैं। बीच का कालखण्ड जिसे हम जीवन कहते हैं, एक आरोह और अवरोह का संमिश्रण है। आरोह मर्यादापूर्ण और अवरोह गरिमा युक्त। एक पीढ़ी दूसरे का स्थान लेती है और उसे आने वाली पीढ़ियों को सौंप देती है। अग्रजों का स्थान लेने में मर्यादा बनी रहे और अनुजों को स्थान देने में गरिमा। अग्रजों के अनुभवों से हम सीखते हैं, अनुजों को स्वयं से सीखने देते हैं। यही क्रम चलता रहता है, प्रकृति बढ़ती रहती है। आज जो बच्चे इस विद्यालय में पढ़ रहे हैं, वे भी 25 वर्ष बाद आयेंगे और इसी विशालकक्ष में अपने विद्यालय को और उसके ग्रहण किये गये तत्त्वों को याद करेंगे।

शून्य से शून्य की इस यात्रा में जुटाया हुआ हर तत्त्व किसी न किसी के उपयोग का होता है। यदि हम उसे सीने से चिपकाये बैठे रहे तो सब व्यर्थ हो जायेगा। हम सब संभवतः उस आयुक्षेत्र में प्रवेश कर चुके हैं कि हमें अपनी उपयोगितानुसार अपने परिवेश को अपने संग्रहणीय तत्त्व वापस करने

है। वही हमारा योगदान है। जीवन को उसके निष्कर्ष में पहुँचाने के क्रम में जीवन भारहीन हो जाना चाहता है। अर्जित ज्ञान, अनुभव, विवेक, सामाजिकता, धन, श्रम, सब का सब समाज के ही कार्य आना होता है। यह वह समय है जब हमें विवेकशीलता से यह विचार करना प्रारम्भ कर देना चाहिये कि हमारे योगदान का स्वरूप क्या रहेगा? कोई अपने शब्दों से परिवेश में प्राण भरेगा, कोई अपने शौर्य से उसका नेतृत्व करेगा, कोई आधारभूत संरचनायें तैयार करने में अपना योगदान देगा, कोई अपने समाज में व्याप्त समस्याओं से दो-दो हाथ करेगा। करना सभी को है। शून्य से शून्य तक की यात्रा आरोह के शिखर छुयेगी, आने वाली पीढ़ी को अपने कर्मो से अनुप्राणित करेगी और अन्ततः उन्हें अपना स्थान सौंप कर गरिमा के साथ अवरोह पर निकल पड़ेगी।

आचार्यो का आशीर्वाद रहा है हम पर, जो भी हम बन सके। आशीर्वाद की वह तेजस्वी ऊर्जा ही हमारा विश्वास है, हमारा अभिमान है। हमारे कर्म उन्हें भी ऐसे अभिमान से भर सकें, वही हमारी गुरुदक्षिणा है। ईश्वर हम सबको इतनी शक्ति दे और हमारी उपलब्धियों को उत्कृष्टता दे, जिससे हम अपने गुरुजनों का मस्तक ऊँचा और सीना चौड़ा रख सकें।

*** *** ***

भारत रत्न

अभिषेक सोनी
अष्टम 'ग'

यह पुरस्कार हमारे देश का उच्चतम नागरिक सम्मान है, जो कला, साहित्य और विज्ञान के क्षेत्र में असाधारण सेवा के लिए तथा उच्चतम स्तर की लोक सेवा को मान्यता देने के लिए प्रदान किया जाता है। इस सम्मान के तहत 35 मिमी व्यास वाला स्वर्ण पदक दिया जाता है। पीपल के पत्ते के आकार वाले इस पदक के ऊपरी हिस्से में सूर्य और नीचे हिन्दी भाषा में 'भारत रत्न' लिखा होता है। इसके पीछे की ओर शासकीय संकेत और आदर्श-वाक्य लिखे होते हैं। इसे सफेद फीते में डालकर गले में पहनाया जाता है। 13 जुलाई 1977 से 26 जनवरी 1980 के बीच यह पुरस्कार लंबित रहा।

इतिहास – भारत रत्न पुरस्कार की परम्परा 1954 में शुरू हुई थी। सर्वप्रथम यह पुरस्कार प्रसिद्ध वैज्ञानिक चन्द्रशेखर वेंकटरमन को दिया गया था। इस पुरस्कार को पाने वाले गैर भारतीय भी हैं क्योंकि इसका कोई लिखित प्रावधान नहीं है कि यह केवल भारतीय नागरिकों को ही दिया जाए। पूर्व में यह सम्मान भारतीय नागरिक बन चुकीं मदर टेरेसा, खान अब्दुल गफ्फार खाँ, एवं नेल्सन मंडेला (1990) को मिल चुका है।

खास बातें

1. 43 में 11 लोगों को यह सम्मान मरणोपरान्त दिया गया।
2. साल 2001 और 2009 के बीच पहली बार सात सालों के दौरान कोई भारत रत्न पुरस्कार नहीं दिया गया।
3. नेताजी सुभाष चन्द्र बोस को मरणोपरान्त दिया गया भारत रत्न सम्मान उनके परिवार वालों द्वारा अस्वीकार कर दिया।
4. किसी साल विशेष में दिए जा सकने वाले भारत रत्न पुरस्कारों की संख्या-3

बदी छले, नेकी फले

दीपक सिंह
अष्टम 'ग'

पुराने जमाने की बात है कि एक आदमी था। वह नेक और दयालु था। धन-माल सब तरह का उसके पास खूब था और बहुत से गुलाम थे। गुलाम लोगों को भी अपने इस नेक मालिक पर अभिमान था।

वे कहते थे, "इस धरती पर तो हमारे मालिक जैसा कोई दूसरा होगा नहीं। हमें अच्छा खाने-पहनने को देते हैं और काम भी हमारे सामर्थ्यानुसार लेते हैं। मन में मैल नहीं रखते। न कभी किसी को सख्त लफ्ज निकालते हैं और मालिकों की तरह वह नहीं है, जो गुलामों से ऐसा व्यवहार करते है जैसे जानवर। जो कसूर-बेकसूर उन्हें पीटते रहते हैं और कभी कोई मीठा बैन मुँह से नहीं निकालते। हमारे मालिक हित चाहते हैं, हमारी भलाई में ही रहते हैं और सदा मीठी वाणी बोलते हैं। हमें तो सब सुख हैं और इससे बढ़कर इस हालत की जिन्दगी में हमें और चाहना भी क्या ही सकती है?"

इस तरह के वचनों से नौकर लोग मालिक की बड़ाई किया करते थे। पर पाताल लोकवासी शैतान को इस पर बड़ी खीझ होती थी। कि देखो, ये नौकर-मालिक दोनों कैसे आपस में हिल-मिलकर रहते हैं। इसलिए नौकरों में से उसने आलिब नाम के एक नौकर को फुसलाया। एक दिन सब के सब जमा थे और और मालिक की बड़ाई की बातें कर रहे थे, उस समय आलिब ऊँची आवाज में बोला-"मालिक की नेकी की इतनी बड़ाई क्यों करते हो, जी? हमीं बेवकूफ हैं, नहीं तो और क्या। देखो सुनो! अगर पाताल लोकवासी का सब लोग कहा करो तो वह हम पर भी कृपा करने को कहते हैं। अब तो हम अपने मालिक की खिदमत में रहते हैं और सब कामों में उसकी मर्जी निहारा करते हैं। मन में उनके कुछ आया नहीं कि झट दौड़कर पूरा कर देते हैं। इसलिए वह हमारी तरफ नेक नहीं होंगे, तो क्या होंगे। बात तो तब देखी जाए कि हम उनका कहा न करें और नुकसान करके रख दें। तब देखना है कि वह क्या सोचते हैं। उस समय औरों की तरह गाली का बदला गाली से न दें, तब बात है। देख लेना कि जैसे बेरहम और मालिक होते हैं, वैसे ही बेरहम हमारे-तुम्हारे मालिक भी निकलेंगे।"

पर और नौकरों ने आलिब की बात नहीं मानी। बोले कि नहीं जी, यह झूठी बात है। सो मतभेद पड़ा और बहस होने लगी। आखिर उनमें एक शर्त ठहरी। आलिब ने कहा अच्छी बात है, मैं उनको गुस्सा लाकर दिखला दूँगा नाकाम रहा तो मेरी पोशाक तुम्हारी। और जो जीत गया, तो तुम सबको अपनी पोशाकें हमारे हवाले करनी होंगी। यह भी ठहरा कि जीतने पर सब फिर उसकी हिमायत करेंगे और उसका कुछ बिगाड़ने नहीं देंगे। सजा मिलेगी तो बचा लेंगे। जो कहीं पाँव में बेड़ी डालकर हवालात में डाल दिया गया तो खोलकर रिहा कर दोगे। शर्त पक्की हो गई और आलिब ने अगले ही दिन मालिक में अविवेक ला दिखाने का वायदा किया।

आलिब के जिम्मे चराई का काम था। भेड़े उसके सुपुर्द थीं। उनके बाड़ें में कुछ बड़ी ही कीमती जाति की भेड़ें भी थीं। मालिक उन्हें बहुत चाहते थे। उन भेड़ों पर उन्हें नाज था।

अगले दिन सवेरे के वक्त मालिक के साथ कुछ मेहमान भेड़ों के बाड़े में आए। असल में

मालिक उन्हें ऊन देने वाली भेड़ दिखाने को साथ लाए थे। उनके आने पर आलिब ने साथियों की तरफ आँख मटकाकर इशारा किया कि अब देखो, क्या होता है देखना मालिक झल्लाते हैं कि नहीं? नौकर-चाकर लोग बाड़े के इधर-उधर घिरकर खड़े थे। कोई बाड़े की जाली में से देख रहा था। कोई ऊपर से ही उझककर। और पाताललोक से शैतान महाराज भी आकर पेड़ पर चढ़कर बैठ गए थे कि देखें, हमारा सेवक अपना काम कैसे करता है।

मालिक बाड़े के अन्दर चलते हुए आए। मेहमानों को मुलायम बालों वाले मेमने दिखाते जाते थे। एक उनमें सबसे ही आला किस्म का था, उसे खास तौर से दिखाना चाहते थे। बोले कि यों तो ये भेड़ें भी कम कीमती नहीं हैं, लेकिन यह तो बेशकीमती ही है इसके सींग पास-पास हैं और ऐसे पेंचदार और पैने कि बड़े खूबसूरत लगते हैं यह जानवर क्या है, मेरी आँख का तो रूकन है।

बाड़े में अजनवी सूरत को देखकर भेड़ें और उनके बच्चे इधर-उधर छूट-छूटकर भागते थे। सो मेहमान गौर जमाकर उस बेशकीमती जानवर को नहीं देख पाते थे। वह कहीं एक जगह खड़ा होता कि आलिब अनजान बना नागहानी रेवड़ को चल-विचल कर देता था। सो फिर भेड़ें आपस में रल जाती और किसी खास पर निगाह रखना मुश्किल हो जाता था। ऐसे मेहमान लोग ठीक-ठीक नजर में ही नहीं ला सके कि, आला किस्म का जानवर उनमें है कौन-सा। आखिर मालिक भी इससे परेशान हो गए। बोले, "भैया आलिब, मेहरबानी करके उस मेमने को पकड़कर तो जरा सामने लाओ। हाँ, वही पेंचदार सींग का गौहर। देखो होशियारी से पकड़ना और क्षण दो-एक को उसे हाथ में थामें भी रखना ऐसी झोंक और झटके के बाद किया कि पतली टहनी की तरह उस बेचारे की टाँग मोच खा गई। बाई टाँग तकलीफ के मारे मुड़कर लटक गई थी। कि आलिब ने दाई टाँग से पकड़ लटकाया। मेहमान आस-पास घिरे नौकर-चाकर उस समय दर्द से और सहानुभूति के मारे जैसे चीख ही पड़े। मगर ऊपर पेड़ पर चढ़कर बैठा शैतान अपने सेवक आलिब की चतुराई पर प्रसन्न हुआ। मालिक गुस्से के मारे ऐसे काले पड़ गए जैसे बिजली भरा बादल। भौंहें उनकी जुड़ आई पर वह सिर लटकाकर रह गए और एक शब्द भी नहीं बोले। मेहमान भी और नौकर-चाकर भी चुप्पी बाँधे रह गए थे। सब शान्त थे कि अब जाने क्या होगा। कुछ देर गुम-सुम रहकर मालिक ने सिर झटका, जैसे कोई बोझ ऊपर से अलग किया हो। वह आलिब की तरह देखकर मुस्कराहट के साथ बोले- "ओ आलिब, तुम्हारे मालिक का तुम्हें हुक्म था कि मुझे गुस्सा दिलाओ। पर मेरे भगवान् तुम्हारे मालिक से जबर्दस्त हैं मैं तुम पर गुस्सा नहीं करूँगा। उल्टे तुम्हारे मालिक को गुस्सा करना पड़ जायेगा। तुम डरते हो कि मैं तुम्हें आज सजा दूँगा। तुम्हारे मन में मुझसे छूटने की मर्जी है तो अपने मेहमानों के सामने मैं तुम्हें आजाद करता हूँ जहाँ चाहो जाओ, पोशाक और जो पास हो सब साथ ले जाओ।"

लेकिन शैतान दाँत पीसता हुआ पेड़ से धरती पर आ गिरा और गिरकर पाताल में समा गया।

*** *** ***

गौहत्या : एक सामाजिक अभिशाप

श्याम जी यादव
द्वादश 'ख'

हम सभी भारतवासी हैं, उस भारत के जहाँ गाय को माता कहा गया है, जिसके शरीर में तैंतीस करोड़ देवताओं का निवास माना गया है। गाय के विषय में कहा गया है - *मातरः सर्वभूतानाम्, गावः सर्वसुखप्रदाः।* परन्तु वर्तमान समय में हमारी माँ के साथ अत्याचार पर अत्याचार होते जा रहे हैं। वर्तमान युग में गौहत्या निरन्तर बढ़ती जा रही है और इसका प्रमुख कारण विरोध न करना है। हमारे लोगों का गाय के प्रति मातृत्व भाव समाप्त होता दिखायी दे रहा है। उसी गाय के लिए आज हम सभी शांत हो गए हैं जिसके कण-कण में परोपकार भरा है। गाय यदि कोई विषैला पदार्थ खा जाए तो भी उसका दूध निरापद और शुद्ध रहता है। गाय की महानता के बारे में चाहे जितना भी कहा जाए, कम ही होगा। हम सभी बचपन से ही गाय को माता कहते रहते हैं क्योंकि माँ शब्द गौवंश से ही मिलता है। गाय के बछड़े को संस्कृत में वत्स कहा जाता है। माँ की ममता के लिए प्रचलित शब्द 'वात्सल्य' इसी शब्द से निर्मित हुआ है। गाय सभी प्रकार से हमारे लिए हितकारी है। गाय का दूध स्मरणशक्ति वर्धक होता है तभी तो गाय का बछड़ा 50 गायों के झुण्ड में भी दौड़ता हुआ अपनी माँ को पहचान लेता है, जबकि भैंस का पाड़ा लातें खाते हुए भी अपनी माँ तक नहीं पहुँच पाता है। गाय के द्वारा प्रदत्त इतनी सारी सुविधाओं के बाद भी क्या हम अपनी गाय माता की सुरक्षा नहीं कर सकते हैं? क्या हम केवल अपना ही स्वार्थ सिद्ध करना जानते हैं?

भारतीय गाय अपनी निःश्वास में ऑक्सीजन देती है तथा एक तोला गाय के घी से यज्ञ करने पर एक टन ऑक्सीजन पैदा होती है अतः अखिल ब्रह्माण्ड में व्याप्त विष का शमन कर पर्यावरण शुद्धि का अमोघ साधन गाय है। आज हम सभी को गाय माता की सुरक्षा के लिए कोई ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। घर-घर में गौपालन ही गौरक्षा का एक मात्र सरल उपाय है।

जब विदेशी आक्रान्ता हमारे वीर योद्धाओं से हारने लगते थे तब वे गायों को आगे रखकर युद्ध करने लगते थे। ऐसी स्थिति में हमारे वीर सैनिक हथियार डाल देते थे अर्थात् गायों की रक्षा को राज्य की रक्षा से भी बड़ा माना जाता था। वास्तव में हमारा अतीत कितना गौरवशाली था।

गाय के प्रति प्रेम प्रकट करने वाले महापुरुषों ने अपना जीवन सार्थक कर लिया इनमें महर्षि वशिष्ठ, छत्रपति शिवाजी, वीर तेजाजी, स्वामी रामकृष्ण परमहंस, पं0 श्रीराम शर्मा, परम पूज्य श्री गुरुजी आदि प्रमुख हैं परन्तु वर्तमान युग में इनकी कमी को पूरा करने के लिए अभी तक कोई भी गौभक्त दिखायी नहीं देता है। परमपूज्य श्री गुरुजी ने गाय के प्रति अपने भाव प्रकट किये थे - **"जिसके रोम-रोम में अपने राष्ट्र की एकता प्रस्फुटित होती है, यदि उसका संरक्षण नहीं हुआ तो इस देश का उत्थान कैसे होगा? वस्तुतः गौमाता ही हममें एकता ला सकती है। गौमाता हमारे राष्ट्रजीवन की आधार स्तम्भ है।" - परम पूज्य श्री गुरु जी**

क्या आज हम सभी में गाय माता के प्रति संवेदनशीलता समाप्त हो गयी है? हम सभी देशवासियों को यह प्रयास करना चाहिए कि हमारी गाय माता को, जो हमें सभी प्रकार से सुख देती है, किसी प्रकार का कष्ट न हो।

गायों के हित, जो जीता है। गायों के हित, जो मरता है।।
उसका हर आँसू रामायण, प्रत्येक कर्म ही गीता है।

भलाई का मार्ग भय से पूर्ण है, परन्तु परिणाम अत्युत्तम है। - दयानंद सरस्वती

शतमन्यु

दिव्या अधिकारी
नवम 'क'

सतयुग की बात है। एक बार देश में दुर्भिक्ष पड़ा। वर्षा के अभाव से अन्न नहीं हुआ। पशुओं के लिए चारा नहीं रहा। दूसरे वर्ष भी वर्षा नहीं हुई। विपत्ति बढ़ती गई। नदी, तालाब सूख गये। मार्तण्ड की प्रचण्ड किरणों से धरती रसहीन हो गई। तृण भस्म हो गये। वृक्ष निष्प्राण हो चले। मनुष्यों और पुशओं में हाहाकार मच गया।

दुर्भिक्ष बढ़ता गया। पूरे बारह वर्षों तक अनावृष्टि रही। कहीं अन्न नहीं, जल नहीं, तृण नहीं, वर्षा और शीत ऋतु नहीं। धरती से उड़ती धूल और अग्नि में सनी लू। पशु-पक्षी ही नहीं, कितने मनुष्य काल के गाल में समा गये। नर-कंकाल को देखकर करुणा भी करुणा से भींग जाती, किन्तु एक मुट्ठी अन्न किसी को कोई कहाँ से देता। परिस्थिति उत्तरोत्तर बिगड़ती ही चली गयी। प्राणों के लाले पड़ गए।

किसी ने बतलाया कि नरमेध किया जाए तो वर्षा हो सकती है। लोगों को बात तो जँची; पर प्राण सबको प्यारे हैं।

विशाल जन-समाज एकत्र हुआ था, पर सभी चुपचाप थे। अचानक नीरवता भंग हुई। सबने दृष्टि उठाई, देखा बारह वर्ष का अत्यन्त सुन्दर बालक खड़ा है। उसने कहा- "उपस्थित महानुभावो! असंख्य प्राणियों की रक्षा एवं देश को संकट की स्थिति से छुटकारा दिलाने के लिए मेरे प्राण सहर्ष प्रस्तुत हैं। इसी बहाने विश्वात्मा प्रभु की सेवा इस नश्वर काया से हो जायेगी।

'बेटा शतमन्यु! तू धन्य है।' चिल्लाते हुए उसके पिता ने उसे हृदय से चिपका लिया। 'तूने अपने पूर्वजों को अमर कर दिया।' शतमन्यु की जननी भी समीप आ गई। उन्होंने झरती आँखों से शतमन्यु को अपनी छाती से चिपका लिया, जैसे कभी नहीं छोड़ेगी।

नियत समय पर यज्ञ प्रारम्भ हुआ। शतमन्यु को अनेक तीर्थों के जल से स्नान कराकर नवीन वस्त्राभूषण पहनाये गये। सुगन्धित चन्दन लगाया गया। पुष्प मालाओं से अलंकृत किया गया।

बालक यज्ञ मंडप पे लाया गया। यज्ञ-स्तम्भ के समीप खड़ा होकर वह देवराज इन्द्र का स्मरण करने लगा। बालक सिर झुकाये बलि के लिए तैयार था। उसी क्षण शून्य में विचित्र बाजे बज उठे। सहसा मेघध्वनि के साथ वज्रधर सुरेन्द्र प्रकट हो गये। शतमन्यु के मस्तक पर अत्यन्त प्यार से अपना वरद हस्त फेरते हुए सुरपति बोले- "वत्स! तेरी भक्ति और देश की कल्याण-भावना से मैं संतुष्ट हूँ। जिस देश के बालक देश की रक्षा के लिए प्राण अर्पण करने को प्रतिक्षण प्रस्तुत रहते हैं, उस देश का कभी पतन नहीं हो सकता। तेरे त्याग से संतुष्ट होकर मैं बलि के बिना ही यज्ञ-फल प्रदान कर दूँगा।

दूसरे दिन इतनी वृष्टि हुई कि धरती पर जल-ही-जल दीखने लगा। सर्वत्र अन्न-जल आदि का प्राचुर्य हो गया। एक देश-प्राण शतमन्यु के त्याग की भावना ने सर्वत्र पवित्र आनंद की सरिता बहा दी।

***

जो आप से दिल से बात करता है उसे कभी दिमाग से जवाब नहीं देना।

आप भी जानिए विश्व की आदमखोर मछलियों के बारे में



मायावती
सप्तम 'क'

डीमन फिश – जैसा कि नाम है। यह दैत्याकार मछली है। यह दुनिया की सबसे खतरनाक मछलियों में से एक है। यह बड़े से बड़े जीव को निगल जाती है। डीमन फिश अफ्रीका की काँगो नदी में पाई जाती है।

डेथ रे – थाईलैण्ड की मीकांग नदी में जेरेमी ने दुनिया की सबसे बड़ी मछलियों में से एक डेथ रे को खोज निकाला इसका वजन लगभग 7 सौ पाउंड है। इसके शरीर पर एक जहरीली और काँटेदार पूँछ होती है। जिसके प्रहार से इंसान की जान भी जा सकती है।

किलर स्नेकहेड – मछली से ज्यादा गैंगस्टर लगने वाली यह मछली हवा में साँस लेती और जमीन पर भी रंक लेती है। अपनी ही प्रजाति के जीवों को यह शौक से खाती है। यह एशिया की मुख्य रूप से चीन और दक्षिण कोरिया में पाई जाती है।

काँगो किलर – अफ्रीका की काँगो नदी में पाई जाने वाली मछली काँगो किलर के खतरनाक होने का अंदाजा इस बात से लगा सकते हैं कि अफ्रीका में इसकी लोक कथा है। जिसमें कहा गया है कि यह मछली एक आत्मा के रूप में मछुआरों को ललचाकर उन्हें मौत की तरफ ले जाती है।

अलास्कन हॉरर – अलास्का की बर्फीली झील में मिलती है। महाकाय अलास्कन हॉरर। इसके बारे में प्रचलित लोकथाओं में इसे आदमखोर माना जाता है।

रिक्ट वैली किलर – अफ्रीका की रिक्ट वैली में एक विशालकाय जीव रहता है। एम्पुटाया नाइल पार्च यह अफ्रीका के ताने पानी की सबसे बड़ी मछली है।

पिरान्हा – वर्ष 1976 में यात्रियों से भरी बस अफ्रीका के अमेजन नदी में गिर गई और कई लोगों की जान चली गई जब शवों को बाहर निकाला गया तो उनमें से कुछ पिरान्हा मछलियों ने इतनी बुरी तरह खा लिए थे कि उनकी पहचान उनके कपड़ों से हुई।

किलर कैटफिश (गूंथ) – यह हिमालय की तलहटी में मिलने वाली मछली है। यह एक विशालकाय नरभक्षी कैटफिश प्रजाति है।

एलिगेटर गार – यह सफेद पानी की ऐसी मछली है, जो इंसानों पर आक्रामक हमले करती है। यह शार्क की तरह खतरनाक और मगरमच्छ की तरह विशाल है।

यूरोपियन मैनईटर – यूरोप की ताजे पानी वाली नदियों में अपनी थूथन उठाये घूमती रहती है। आक्रामक वैल्थ कैटफिश इंसानों को भी अपना शिकार बना सकती है।

अमेजन क्लेश ईटर्स – यह अफ्रीकन मछली इंसानों को निगल सकती है। यह जब हमला करती है, तो शरीर पर छुरा घोंपने जैसा निशान बन जाता है।

***

नम्रता पत्थर को भी मोम कर देती है। – प्रेमचन्द

पिछले १०० वर्षों के महत्त्वपूर्ण गैजेट्स

श्याम जी यादव
द्वादश 'ख'

1. जिप (1913)
2. मोटरचालित मूवी कैमरा (1914)
3. पायरेक्स काँच (1915)
4. इलेक्ट्रिक पॉवर ड्रिल (1916)
5. रेडियो ट्यूनर (1917)
6. सुपर हिथरोडाइन रेडियो सर्किट (1918)
7. पोप अप टोस्टर (1919)
8. हेयर ड्रायर (1920)
9. लाई डिटेक्टर मशीन (1921)
10. इलेक्ट्रिक केतली (1922)
11. सेल्फ वाइडिंग वॉच (1923)
12. लाउडस्पीकर (1924)
13. कैन ओपनर (1925)
14. टेवीलोक्स रोबोट (1926)
15. एरोसोल कैन (1927)
16. बेयर्ड टेलीविजन (1928)
17. कार रेडिया (1929)
18. जेट इंजन (1930)
19. इलेक्ट्रिक रेजर (1931)
20. बिजली का कैन ओपनर (1932)
21. चाय बनाने की मशीन (1933)
22. जीपो लाइटर (1934)
23. रडार (1935)
24. आवाज पहचानने वाली मशीन (1939)
25. वैक्यूम क्लीनर (1937)
26. बॉलपेन (1938)
27. हेलीकॉप्टर (1939)
28. कलर टीवी (1940)
29. कृत्रिम हृदय (1941)
30. हवाई जहाज का इंजन (1942)
31. *सिंलकी (1943)
32. किडनी की डायलसिस मशीन (1944)
33. क्लॉक रेडिया (1945)
34. डिस्पोजेबल नेप्पी (1946)
35. कैनवुड फूड मिक्सर (1947)
36. पहला पेजर (1948)
37. फोटो पैक डिस्पोजिबल कैमरा (1949)
38. एल्काइन बैटरी (1950)
39. पॉवर स्टीयरिंग (1951)
40. सैग मॉडम (1952)
41. प्लेन का रिकार्डर 'ब्लैक बॉक्स' (1953)
42. रीजेंसी पॉकेट रेडिया (1954)
43. *ब्रेथलाइजर (1955)
44. सुनने की मशीन (1956)
45. कैसियो डिजिटल घड़ी (1957)
46. पेसमेकर (1958)
47. तारविहीन ड्रील (1959)
48. हाई फिस (1960)
49. कोडेक इस्टामैटिक (1961)
50. एल.ई.डी. (1962)
51. माउस 'टेलीफंकन' (1963)
52. प्लाज्मा टेलीविजन (1964)

मुक्ति का चरम लक्ष्य प्रेम है। - रवीन्द्रनाथ ठाकुर

53. *हैथोन पैडोमीटर (1965)
54. फरारी की रेडियो चालित कार (1966)
55. पोलराइड (1967)
56. स्मोक डिटेक्टर (1968)
57. इंटरनेट (1969)
58. डिजिटल थर्मामीटर (1970)
59. हैंडी पॉकेट कैलकुलेटर (1971)
60. मल्टीसॉकिट प्लग (1972)
61. *इथरनेट (1973)
62. सैंडविच मेकर (1974)
63. कोडेक डिजीटल कैमरा (1975)
64. लीथियम बैटरी (1976)
65. मैटेल इलेक्ट्रॉनिक फुटबॉल (1977)
66. वी.एच.एस. रेकॉर्डर (1978)
67. स्पीक एण्ड स्पेस इंस्ट्रूमेंट (1979)
68. सोनी वॉकमैन (1980)
69. इपसोन एच.एक्स. 20 (1981)
70. सोनी-सी.डी. प्लेयर (1982)
71. सोनी कोमोडार 64 (1983)
72. सोनी डिस्कमैन (1984)
73. द लेदरमैन (1985)
74. कैनसलिंग हेडफोन (1986)
75. कैमकोरडर (1987)
76. डिजीटल मोबाइल फोन (1988)
77. वर्ल्ड वाइड वेब (1989)
78. नाइटेंडो गेम बॉय (1990)
79. नाइटेंडो एस.एन.ई.एस. (1991)
80. पॉम पायलट (1992)
81. डायसन (1993)
82. कार्डलैस टेलीफोन (1994)
83. प्लेस्टेशन-1 (1995)
84. एम.पी. 3 प्लेयर (1996)
85. स्टार टेक (1997)
86. पोर्टेबल डी.वी.डी. प्लेयर (1998)
87. टीवी की डीवीआर (1999)
88. आईबीएम का फ्लैश ड्राइव (2000)
89. एप्पल आई पैड (2001)
90. प्ले-स्टेशन-2 (2002)
91. ब्लैकबेरी (2003)
92. सैमसंग का ओलेड टी.वी. (2004)
93. एक्स बॉक्स 360 (2005)
94. सैनडिस्क माइक्रो एसडी (2006)
95. एप्पल आईफोन (2007)
96. बीट्स बाई ड्री (2008)
97. ट्विटर (2009)
98. एप्पल आईपैड (2010)
99. किंडल फायर (2011)
100. नेक्सस-7 (2012)
101. प्ले-स्टेशन-4 (2013)

नोट : (i) *(31) सिलंकी (1943) - गोल छल्ले वाला एक प्रकार का खेल है।
(ii) *(43) ब्रेथलाइजर (1955) - साँस से शराब की मात्रा पकड़ने वाला यंत्र है।
(iii) *(53) हैथोन पैडोमीटर (1965) - कदम की गणना करने वाला यंत्र है।
(iv) *(61) इथरनेट (1973) - कम्प्यूटर नेटवर्किंग में इस्तेमाल होने वाला एक प्रकार का प्लन है।

***

बुद्धि की स्थिरता के बिना कोई भी आदर्श पूरा नहीं होता। - विनोबा भावे

किसी व्यक्ति के पैसों का पता लगाना

श्याम जी यादव
द्वादश 'ख'

इस तकनीक की सहायता से हम किसी भी व्यक्ति की जेब में कितने रुपये है, का पता लगा सकते हैं। इसे निम्न पदों में करते हैं-

(1) उस व्यक्ति से उसके कुल रुपयों की संख्या मन में लेने को कहें (केवल रुपये, सिक्के इत्यादि नहीं)

(2) फिर, उसमें 5 जोड़ने को कहें।

(3) इसके उत्तर को 5 से गुणा करने को कहें।

(4) अब इस उत्तर को 2 से गुणा करने को कहें।

(5) अन्त में, उससे उसका मनपसंद अंक (0 से 9 तक) जोड़ने को कहें।

अन्तिम उत्तर सुनते ही आपको तुरन्त उसकी जेब में रखें पैसों का पता चल जायेगा।

पता लगाने का तरीका

व्यक्ति द्वारा बताये गए अन्तिम उत्तर में से-

* इकाई के अंक को छोड़ दीजिये।

* शेष संख्या में से 5 घटा दें, घटाने पर जो संख्या आती है, वही उस व्यक्ति के रूपयों की संख्या को निरूपित करती है।

उदाहरण - मान लीजिए अभिषेक की जेब में 80 रुपये हैं। आप कुछ इस तरह से उसके पैसों का पता लगाएंगे-

(क)	अपने कुल रुपयों को मन में लो	$=80$
(ख)	उसमें 5 जोड़ो	$=80+5\Rightarrow 85$
(ग)	उसमें 5 से गुणा करो	$=85\times 5\Rightarrow 425$
(घ)	उसमें 2 से गुणा करो	$=425\times 2\Rightarrow 850$
(ङ)	मनपसंद अंक जोड़े (माना, 5)	$=850+5\Rightarrow 855$

इस तरह से अभिषेक का अन्तिम उत्तर 855 होगा, अब हमें उसके पैसों का पता लगाने के लिए वही कार्य करने होंगे। सबसे पहले इकाई के अंक को छोड़ देंगे (5), अब शेष संख्या 85 बची है। अब हम नियमानुसार 85 (शेष संख्या) में से 5 घटाते हैं तो उत्तर 80 प्राप्त होता है। यही अभिषेक के रुपयों की संख्या है।

इसी तरह अगर अन्तिम उत्तर 1052, 53 या 160 होता तो नियमानुसार (इकाई के अंक को छोड़ने के बाद शेष संख्या में से 5 घटाने पर) क्रमशः 100, 0 तथा 11 उत्तर प्राप्त होता है।

बड़ी संख्या होने पर आप सामने वाले व्यक्ति को कॉपी-पेन का सुझाव दे सकते हैं, जिससे गुणा कराने इत्यादि में व्यक्ति को जटिलता महसूस नहीं होगी।

***

धर्म का दान सब दानों में बढ़कर है। धर्म का रस सब रसों से बढ़कर है। - महात्मा बुद्ध

वो युवा

वैभव पाण्डेय
एकादश 'क'

मै वो युवा हूँ जो हृदय में अंगार चाहता हूँ।
मै वो युवा हूँ जो संसद में स्थान चाहता हूँ।
मै वो युवा हूँ जो नर में फिर राम चाहता हूँ।
मै वो युवा हूँ जो फिर सीता का सम्मान चाहता हूँ।
मै वो युवा हूँ जो सम्पूर्ण विश्व एक चाहता हूँ।
मै वो युवा हूँ जो गुरू में फिर द्रोण चाहता हूँ।
मै वो युवा हूँ जो छात्र में फिर एकलव्य चाहता हूँ।
मै वो युवा हूँ जो सूरज में फिर तेज चाहता हूँ।
मै वो युवा हूँ जो फिर दुःशासन का वध चाहता हूँ।
मै वो युवा हूँ जो स्वच्छ भागीरथी का अवतरण चाहता हूँ।
मै वो युवा हूँ जो इंडिया में भारत का स्थान चाहता हूँ।
मै वो युवा हूँ जो आदि का भी अंत चाहता हूँ।
मै वो युवा हूँ जो गज की मस्त चाल चाहता हूँ।
मै वो युवा हूँ जो सिंह सा साम्राज्य चाहता हूँ।
मै वो युवा हूँ जो बच्चे-सी निश्छलता चाहता हूँ।
मै वो युवा हूँ जो चाणक्य की कूटनीति चाहता हूँ।
मै वो युवा हूँ जो शंकर-सा क्रोध चाहता हूँ।
मै वो युवा हूँ जो शीशे से पत्थर तोड़ना चाहता हूँ।
मै वो युवा हूँ जो रम्भा में सीता का प्रतिरूप चाहता हूँ।
मै वो युवा हूँ जो लोकतंत्र का सम्मान चाहता हूँ।
मै वो युवा हूँ जो रावण की अट्टहास हँसी चाहता हूँ।
मै वो युवा हूँ जो निःस्वार्थ प्रेम चाहता हूँ।
मै वो युवा हूँ जो लघुत्व का भी प्रभुत्व चाहता हूँ।
मै वो युवा हूँ जो ब्राह्मण का सम्मान चाहता हूँ।
मै वो युवा हूँ जो कुबेर-सा धनी होना चाहता हूँ।
मै वो युवा हूँ जो हरियाली की मादक-मुस्कान चाहता हूँ।

निराशा चारों ओर अंधकार के रूप में दिखाई देती है। - जैनेन्द्र कुमार

मै वो युवा हूँ जो अपवित्र गंगा की निर्मलता चाहता हूँ।
मै वो युवा हूँ जो कलि-गीता का उपदेश चाहता हूँ।
मै वो युवा हूँ जो पुत्र में श्रवण का बिम्ब चाहता हूँ।
मै वो युवा हूँ जो इच्छाओं का सागर चाहता हूँ।
मै वो युवा हूँ जो अपराजेय ब्रह्मास्त्र चाहता हूँ।
मै वो युवा हूँ जो दीप से सूर्य को निस्तेज चाहता हूँ।
मै वो युवा हूँ जो नेता में ईमान चाहता हूँ।
मै वो युवा हूँ जो स्व-नाश का भी नाश चाहता हूँ।
मै वो युवा हूँ जो दीनदयाल विद्यालय से हजारों दीनदयाल चाहता हूँ।
मै वो युवा हूँ जो रक्त से दीप जलाना चाहता हूँ।
मै वो युवा हूँ जो माँ की गोद में मिटना चाहता हूँ।
मै वो युवा हूँ जो फिर एक प्रतिशोध चाहता हूँ।

*** *** ***

जब मक्खी और चिड़िया ने बचाई जान



आलोक कुमार
अष्टम 'ग'

एक राजा था। एक बार वह अपने दरबार में बैठा था। तभी उसने अपने दरबारियों से पूछा, 'बताओ, इस संसार में ऐसे कौन-से जीव-जन्तु हैं, जो किसी काम के नहीं हैं। सभी दरबारियों ने अलग-अलग जवाब दिये। लेकिन राजा को किसी का भी जबाब उचित नहीं लगा। राजा ने इस बारे में खोज-बीन करने का आदेश दिया। सभी सैनिकों ने खोज शुरू कर दी। बहुत दिनों के बाद दो सैनिक राजमहल आए और बोले, 'महाराज इस पूरे संसार में सिर्फ दो ही ऐसे जीव हैं, जो किसी काम के नहीं हैं। वे हैं जंगली मक्खी और मकड़ी।' उसी समय उस राजा के राज्य पर किसी दूसरे राजा ने आक्रमण कर दिया। दोनों राजाओं में युद्ध छिड़ गया। इस युद्ध में राजा हार गया और वहाँ से भाग गया। दुश्मन सैनिक उसका पीछा करने लगे। भागते-भागते राजा जंगल में पहुँचा। वह पेड़ के नीचे बैठ गया और उसे नींद आ गई। तभी उसे एक जंगली मक्खी ने डंक मारा। राजा की नींद खुल गई और उसे ध्यान आया कि सैनिक ढूँढ़ते हुए कभी भी यहाँ आ सकते हैं। वह जल्दी से वहाँ से उठा और गुफा में छिप गया। राजा के अंदर जाते ही मकड़ियों ने जाल बुन दिया। जब सैनिक वहाँ पहुँचे तो उन्होंने मकड़ी का जाल देखकर सोचा कि अगर राजा अंदर आता तो जाल टूट जाता। यही सोचकर सैनिक चले गये। तब राजा को समझ आया कि संसार में हर प्राणी और वस्तु की अपनी उपयोगिता है। किसी भी चीज को निरुपयोगी नहीं कहा जा सकता।

पुण्यात्मा जहाँ कहीं भी जाता है, सब जगह सफलता एवं सुख पाता है। - महात्मा बुद्ध

आदि शंकराचार्य का जीवन परिचय

अभिजीत त्रिपाठी
अष्टम 'ग'

जीवन परिचय – आदि शंकराचार्य, जिन्हें शंकर भगवदपादाचार्य के नाम से भी जाना जाता है। ये अद्वैत वेदान्त के प्रणेता हैं। इनका जन्म 509 से 477 ई0पू0 केरल के कलड़ी नामक स्थान में हुआ था। इनके गुरू का नाम भगवत्पाद था। स्मार्त सम्प्रदाय में आदि शंकराचार्य को शिव का अवतार माना गया है।

वह अपने ब्राह्मण माता-पिता की एकमात्र संतान थे। बचपन में ही उनके पिता का देहान्त हो गया था। शंकर की रुचि आरम्भ से ही संन्यास की तरफ थी। अल्पआयु में ही आग्रह करके माता से अनुमति लेकर गुरू की खोज में निकल पड़े। वेदान्त के गुरू गोविन्द पाद से ज्ञान प्राप्त करने के बाद सारे देश का भ्रमण किया काशी के प्रमुख विद्वान् मण्डन मिश्र को शास्त्रार्थ में हराया परन्तु मण्डन मिश्र की पत्नी भारती द्वारा पराजित हुए। दुबारा फिर रति विज्ञान में पारंगत होकर भारती को पराजित किया।



उन्होंने तत्कालीन भारत में व्याप्त धार्मिक कुरीतियों को दूर कर अद्वैत वेदान्त की ज्योति से देश को आलोकित किया सनातन धर्म की रक्षा हेतु उन्होंने भारत में चारों दिशाओं में चार मठों की स्थापना की तथा शंकराचार्य पद की स्थापना की और उस पर चार प्रमुख शिष्यों को आसीन किया। 32 साल की अल्पायु में पवित्र केदार नाथ धाम में शरीर त्याग दिया।

आदि शंकराचार्य की प्रमुख रचनाएँ

भज गोविन्दम्
विवेक चूड़ामणि
भवान्यष्टकम्

*** *** ***

पाप अग्नि का वह कुण्ड है जो आदर और मान, साहस और धैर्य को क्षणभर में जलाकर भस्म कर देता है। – प्रेमचन्द

प्रश्न-उत्तर

सिद्धार्थ पोरवाल
दशम 'ख'

प्र0 रावण की नानी का क्या नाम था? उ0 **ताड़का**

प्र0 कुबेर (धन के देवता) किसके भाई थे? उ0 **रावण के**

प्र0 रावण की माता का क्या नाम था? उ0 **कैकशी**

प्र0 रावण के पिता का क्या नाम था? उ0 **विश्वश्रवा**

प्र0 रावण ने पुष्पक विमान किससे प्राप्त किया था? उ0 **कुबेर से**

प्र0 श्रीकृष्ण की कितनी रानियाँ थीं? उ0 **सोलह हजार एक सौ आठ**

प्र0 बलदाऊ जी की माँ का क्या नाम था? उ0 **रोहिणी**

प्र0 मेघनाद की पत्नी का क्या नाम था? उ0 **सुलोचना**

प्र0 सुलोचना के पिता का क्या नाम था? उ0 **शेषनाग (लक्ष्मण)**

प्र0 रावण को चन्द्रहास किससे प्राप्त हुई थी? उ0 **भगवान् शिव से**

प्र0 जाम्बवन्त जी की लड़की का क्या नाम था? उ0 **जाम्बवती**

प्र0 गरुड़ की माँ का क्या नाम था? उ0 **विनता**

प्र0 श्रीकृष्ण की बहिन का क्या नाम था? उ0 **सुभद्रा**

प्र0 शनिदेव के पिता का क्या नाम था? उ0 **सूर्य देवता**

प्र0 शनिदेव की माँ का क्या नाम था? उ0 **छाया**

प्र0 जाम्बवन्त जी के पिता का क्या नाम था? उ0 **ब्रह्मा जी**

प्र0 समुद्र मंथन में किसका प्रयोग किया गया था? उ0 **मंदराचल पर्वत, वासुकि नाम सर्पराज**

प्र0 हनुमान जी के गुरू का नाम बताइए? उ0 **सूर्य देवता**

प्र0 श्रीकृष्ण के नाना का क्या नाम था? उ0 **उग्रसेन**

प्र0 यशोदा की वह बेटी जो कृष्ण से वसुदेव बदल ले गऐ थे, कंस के द्वारा मारने पर उसका क्या हुआ?

उ0 **विन्ध्याचल पर्वत पर गिरी और विन्ध्यवासिनी माँ कहलायी।**

प्र0 शूपनखा यह क्यों चाहती थी कि रावण की मृत्यु हो जाए?

उ0 **क्योंकि रावण ने शूपनखा के पति की हत्या कर दी थी।**

प्र0 रावण के कितने पुत्र व कितने नाती थे? उ0 **एक लाख पुत्र सवा लाख नाती।**

सामान्य ज्ञान

कार्तिकेय वर्मा
षष्ठ 'ख'

1. भारत की सर्वप्रथम विश्व सुन्दरी - **कु0 रीता फारिया।**
2. भारत के किस प्रधानमंत्री की मृत्यु विदेश में हुई - **लाल बहादुर शास्त्री (रूस में)।**
3. भारत में कौन-सा प्रधानमंत्री हुआ, जिसका जन्मदिन चार साल में एक बार आता है - **मुरारजी भाई देसाई (जन्म 29 फरवरी)।**
4. भारत, चीन की सीमा को निर्धारित करने वाली लाइन को क्या कहा जाता है - **मैक मोहन लाइन।**
5. भारत में पहली बार टेलीविजन का प्रसारण कब प्रारम्भ हुआ - **15 सितम्बर 1959 से आकाशवाणी के दिल्ली केन्द्र से।**
6. भारतीय रिजर्व बैंक की स्थापना कब हुई - **1935 में।**
7. भारत में महलों का शहर कौन सा है? और उनकी स्थापना किसने की? **कलकत्ता, जाबचार्नक द्वारा।**
8. प्रथम भारतीय फिल्म कौन सी थी - **राजा हरिश्चन्द्र।**
9. विश्व का सबसे बड़ा टी.वी. टावर कहाँ है - **लेह में (भारत - ऊँचाई 3,440 मीटर)।**
10. विश्व में कौन ऐसा देश है जो कभी किसी का गुलाम नहीं हुआ - **नेपाल।**
11. वह कौन सा प्राणी है? जो अपने साथी के वियोग में प्राण त्याग देता है - **सारस।**
12. पक्षी कितनी ऊँचाई तक उड़ सकता है- **8848 मीटर।**
13. कौन सा जीव पानी नहीं पीता है - **अमेरिका का कंगारू रेट।**
14. कौन सी मछली करंट पैदा करती है - **तारपीडो, इलैक्ट्रिक ईल मछली।**
15. वह कौन सा जानवर है जिसे हर वस्तु दुगुनी बड़ी दिखाई पड़ती है - **हाथी।**
16. संसार में सबसे बड़ा कछुआ कहाँ पाया जाता है - **आस्ट्रेलिया।**
17. ऐसा कौन सा जीव है जिसका सिर कटने के बाद जीवित रह सकता है - **उकाब पक्षी।**
18. कौन सी मछली है, जो पानी के बिना कुछ दिनों तक जीवित रह सकती है - **एशिया की मेंढक मछली।**
19. विश्व में सर्वाधिक गति से उड़ने वाला कीट कौन सा है - **डिपर फ्लाई।**
20. विश्व में सबसे तेज रफ्तार वाला पक्षी कौन सा होता है - **डाक हाक।**

***

मृत्यु भी धर्मनिष्ठ प्राणी की रक्षा करती है। - कौटिल्य

संसद पर हमला

देवकी राणा
अष्टम 'ख'

13 दिसम्बर 2001। आज से 12 साल पहले। हमारे लोकतंत्र की सर्वोच्च संस्था संसद बनी आतंकियों का निशाना। बेखौफ आतंकियों का अब तक का सबसे बड़ा दुस्साहस। यह घटना देश पर हमला करने जैसा मामला।

तारीख : 13 दिसम्बर, 2001

समय : 11:40 बजे (दिन दहाड़े)

आतंकी - पाकिस्तान स्थित और समर्थित आतंकी संगठनों लश्कर-ए-तोयबा और जैस-ए-मुहम्मद के पाँच आतंकी अंबेस्डर कार डीएल-1 सीजे-1527 से संसद के अहाते में प्रवेश कर गेट संख्या-12 की तरफ बढ़ते हैं। इस कार में गृह मंत्रालय और संसद के स्टीकर लगे थे।

संदेह - गेट संख्या 11 पर खड़ी उपराष्ट्रपति की कारों के काफिले से इनका सामना होता है। संसद के वाच एंड वार्ड स्टाफ जगदीश प्रसाद यादव को आतंकियों की कार पर संदेह होता है। वे तुरन्त कार की तरफ दौड़ते हैं। आतंकियों द्वारा कार को पीछे ले जाने के क्रम में वह उपराष्ट्रपति की कार में टक्कर मारते हैं। वहाँ मौजूद सुरक्षा बलों द्वारा चुनौती देने पर सभी आतंकी कार से बाहर निकलकर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर देते हैं। ड्यूटी पर तैनात दिल्ली पुलिस के जवान, सीआरपीएफ और आईटीबीपी के जवान जवाबी फायरिंग करते हैं।

जान की बाजी - संसद के वाच एंड वार्ड स्टाफ मातबर सिंह किसी गोलीबारी की आवाज से गेट संख्या-11 को बन्द कर देते हैं। इनको गोली भी लग जाती है।

खतरा - अलार्म बजते ही संसद भवन के सभी गेट बन्द कर दिये जाते हैं। आतंकी गेट संख्या 12 से एक की तरफ भागते हैं।

ढेर - सुरक्षा बलों की गोली से गेट संख्या एक पर एक आतंकी ढेर हो जाता है। शरीर पर बाँधे विस्फोटकों से उसके चीथड़े उड़ जाते हैं। बाकी चार आतंकी पीछे मुड़ते हुए गेट संख्या नौ पर पहुँचते हैं। तीन आतंकी यहीं पर मारे जाते हैं। पाँचवाँ आतंकी गेट संख्या पाँच की तरफ भागता है, जहाँ उसे निशाना बनाया जाता है।

बरामद - घटनास्थल पर आतंकियों के पास से कई जिंदा हैंड ग्रेनेड, हथियारों का जखीरा और विस्फोटक बरामद किए गए।

साजिश - पाकिस्तान समर्थित इस आतंकी घटना का सूत्रधार अफजल गुरु था। जैश-ए-मुहम्मद के गाजी बाबा ने उसे यह जिम्मा सौंपा था। इससे पहले अफजल मुजफ्फराबाद में पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आई.एस.आई. द्वारा संचालित आतंकी शिविर में प्रशिक्षण भी ले चुका था। दिल्ली में इन पाँच फिदायीन आतंकियों के रहने का इंतजाम शौकत हुसैन गुरु ने मुखर्जी नगर और तीमारपुर इलाके में किया था।

***

मृत्यु से नया जीवन मिलता है। जो व्यक्ति और राष्ट्र मरना नहीं जानते वे जीना भी नहीं जानते। - जवाहरलाल नेहरू

गुरु की महिमा

सिद्धार्थ पोरवाल
दशम 'ख'

द्वापर युग में चन्द्रविजय नाम का एक राजा था। उसकी पत्नी इन्द्रमती बहुत ही धार्मिक प्रवृत्ति की महिला थी। सन्त महात्माओं का बहुत आदर किया करती थी। उसने भी एक गुरुदेव बना रखा था। उनके गुरुदेव ने बताया था कि बेटी! साधु-सन्तों की सेवा करनी चाहिए। सन्तों को भोजन कराने में बहुत लाभ होता है। गुरुदेव ने बताया था कि सन्तों को भोजन खिलाया करेगी तो आगे भी रानी बन जायेगी और आगे भी स्वर्ग की प्राप्ति होगी। उसने यह प्रतिज्ञा मन में ठान ली कि मैं खाना बाद में खाया करूँगी पहले सन्त को खिलाया करूँगी। वर्षो तक यही क्रम चलता रहा। एक समय हरिद्वार में कुम्भ के मेले का संयोग हुआ। इस कारण रानी को भोजन कराने के लिए कोई संत नहीं मिला। रानी इन्द्रमती ने स्वयं भी भोजन नहीं किया चौथे दिन अपनी दासी से कहा कि देख ले कोई सन्त मिल जाए नहीं तो रानी चल बसेगी। दासी ने ऊपर अटारी पर चढ़ कर देखा कि एक सन्त आ रहे थे। दासी नीचे आयी और रानी को बताया। रानी ने साधु को बुलाया तो साधु ने कहा मेरा और रानी का क्या सम्बन्ध जो रानी मुझे बुला रही है दासी ने पूरी बात बतायी। तो साधु ने कहा यदि रानी को आवश्यकता पड़े तो वह स्वयं यहाँ आ जाये मैं यहीं खड़ा हूँ। रानी साधु के पास गयी दासी के कथनानुसार और वहाँ जाकर दण्डवत् प्रणाम किया और प्रार्थना की आप भोजन ग्रहण कर लें। साधु ने कहा मैं भोजन ग्रहण नहीं करता। रानी ने कहा मैं भी खाना नहीं खाऊँगी यह सुनकर साधु ने भोजन ग्रहण कर लिया। साधु ने पूछा यह करने के लिए तुम्हें किसने बताया तो रानी ने कहा यह करने के लिए मेरे गुरुदेव ने बताया है। साधु ने कहा ऐसा करने से जन्म-मृत्यु तथा स्वर्ग-नरक अथवा 84 लाख योनियों से मुक्त नहीं हो सकती। रानी ने कहा महाराज जितने भी सन्त हैं, सब अपनी प्रभुता अपने आप ही बनाते हैं। मेरे गुरुदेव के बारे में कुछ नहीं कहिये। मैं अपने गुरुदेव नहीं बदलूँगी। मैं चाहे मुक्त होऊँ या न होऊँ। तो साधु ने कहा कि पुत्री एक वैद्य से दवाई न लगे तो क्या दूसरे से नहीं लेते? साधु ने कहा कि आज से तीसरे दिन तेरी मृत्यु हो जायेगी। रानी ने कहा वैसे तो मैं नहीं मानती परन्तु मृत्यु दिखने लगी और सन्त कह रहा है तो कहीं बात न बिगड़ जाए। साधु ने कहा आज से तीसरे दिन तुम्हारा काल मेरा रूप धारण कर तुम्हारे सामने आयेगा तुम उसके सामने देखना भी नहीं, मैं एक मन्त्र दे रहा हूँ उसका जाप करना तो काल चला जाएगा। यही क्रिया हुई और काल चला गया। रानी बहुत प्रसन्न हुई। जब रानी ने राजा को बताया तो राजा ने कहा तू अन्धविश्वास पर विश्वास करती है, ऐसा हो नहीं सकता कि काल आए और चला जाए। रानी लेटी हुई थी काल सर्प का रूप रख कर आया और रानी को डस लिया। रानी की मृत्यु हो गयी। राजा ने उसी साधु को बुलाया और जीवित करने के लिए कहा। साधु ने लोगों को दिखाने के लिए मंत्र जपे और रानी को जीवित कर दिया। जीवित होते ही रानी से कहा कि मैंने ऐसा इसलिए किया कहीं तू यह न सोंचती मेरे ऊपर आपत्ति आनी ही नहीं थी। मैं चाहूँ तो काल को घुसने भी न दूँ। कहीं तू यह न सोंचे कि गुरू जी ने बहकाकर नाम दे दिया इसलिए थोड़ा सा झटका दे दिया है।

धर्मदास यहाँ घना अँधेरा, बिन परिचय जीव जम का चेहरा।

गरीब दास जी कहते हैं-

गरीब, काल डरै करतार से, जय जय जय जगदीश।

शिक्षा- इस कहानी से हमें शिक्षा मिलती है कि हमें अपने गुरुओं पर विश्वास करना चाहिए।

***

अकबर और बीरबल की रोचक कहानियाँ

प्रखर मिश्र
सप्तम 'ख'



दाढ़ी की आग

अकबर बादशाह ने एक रोज सभी दरबारियों से सवाल किया- "अगर सबकी दाढ़ी में आग लग जाए, जिसमें मैं भी शामिल होऊँ, तो पहले किसकी दाढ़ी की आग बुझायेंगे?" "हुजूर की दाढ़ी।" सबने चापलूसी में भरकर एक स्वर में कहा। बादशाह को लगा जैसे सब झूठ बोल रहे हैं। उन्होंने बीरबल से पूछा- "बताओ, सबसे पहले किसकी दाढ़ी की आग बुझाओगे?"

"हुजूर, सबसे पहले मैं अपनी दाढ़ी की आग बुझाऊँगा, फिर किसी और की दाढ़ी की ओर देखूँगा।" बीरबल ने उत्तर दिया। बीरबल के उत्तर से बादशाह बहुत खुश हुए और बोले- "मुझे खुश करने के लिए आप सब लोग झूठ बोल रहे थे। सच बात तो यह है कि हर आदमी अपने बारे में पहले सोचता है।"

विधवा हो जाएगी

जैसा कि मशहूर है, मुल्ला दो प्याजा और बीरबल में छत्तीस का आँकड़ा था। मुल्ला दो-प्याजा की काफी उम्र हो चुकी थी, पर अभी तक वे अविवाहित थे। एक दिन बादशाह ने मुल्ला से पूछ लिया- "आप शादी क्यों नहीं करते...?" मुल्ला दो-प्याजा ने कहा- "मैं किसी विधवा से शादी करना चाहता हूँ, ताकि विवाह भी हो जाए और पुण्य भी कमा लूँ।" बीरबल ने झट से कहा- "अमां! आप विवाह तो करें। कुछ दिनों बाद वह खुद ही विधवा हो जाएगी।

जी मेहरबान

एक दिन बादशाह ने बीरबल के सामने अपने विचार प्रकट किए- "क्यों बीरबल, जिन लोगों के नाम व पदवी के आखिर में 'वान' या 'बान' लगा होता है, वे ज्यादातर कम अक्ल और छोटा काम करने वाले होते हैं न! जैसे कि कोचवान, दरबान, पहलवान। ठीक कहा न मैंने?"

"जी मेहरबान।" बीरबल ने बड़े अदब से कहा। बादशाह बीरबल के उत्तर से चौंके और हँसने लगे।

सब बह जाएँगे

एक बार बादशाह अकबर और बीरबल घूमते-घूमते गाँव की ओर पहुँच गए। रास्ते में एक आदमी से मुलाकात हो गई। दोनों ही उसका और उसके घरवालों का परिचय लेने में लग गए। बादशाह अकबर ने उससे पूछा, "तेरे भाई का क्या नाम है और तेरा क्या नाम है?" उस आदमी ने जवाब दिया मेरे भाई का नाम 'नर्मदा' और मेरा नाम 'जमुना' है।" अकबर ने उस आदमी से पूछा- "तेरी माँ का क्या नाम है?" उस आदमी ने उत्तर दिया- "सरस्वती।" अब तो बीरबल से बिल्कुल न रहा गया- उन्होंने तुरन्त कहा "रुको, पहले मुझे नाव का इंतजाम करने दो वरना सब बह जाएंगे। उनका उत्तर सुनकर बादशाह और वह आदमी खूब हँसे।

माँ के ममत्व की एक बूँद अमृत के समुद्र से ज्यादा मीठी है। - जयशंकर प्रसाद

नहले पे दहला

एक बार बादशाह अकबर ने बीरबल से पूछा, "बीरबल, सूरज पूर्व से निकलकर पश्चिम में क्यों डूबता है?" बीरबल ने झुँझलाकर कहा, "हुजूर यह सवाल आप किसी भी बेवकूफ से पूछकर जवाब पा सकते हैं।" बादशाह अकबर ने कहा, "बीरबल तभी तो मै तुमसे पूछ रहा हूँ.....।"

माला दो, बहन दो

बादशाह अकबर और बीरबल नाव में बैठकर नदी की सैर कर रहे थे उनमें हँसी-मजाक चल रहा था। बादशाह को हँसी करने की सूझी। उन्होंने अपने गले में पहनी फूलों की माला नदी में फेंक दी और कहा- "माला दो" बीरबल समझ गए कि बादशाह हँसी कर रहे हैं। उन्होंने कहा (बीरबल ने) "बहन दो.....।" बादशाह को गुस्सा आया "उन्होंने कहा तुम मेरी बहन क्यों माँग रहे हो?"

बीरबल ने नरम लहजे में कहा- "आप ने मा लाने की बात कही पर मैं तो नहीं चिढ़ा।" बादशाह ने कहा- "मैंने तो माला लाने की बात कही थी।" बादशाह ने शब्दजाल में फँसाना चाहा। पर बीरबल के सामने उनकी कहाँ चलती। बीरबल बोले- "मैंने भी कब बहन की बात कही- मैंने तो, कहा बहन दो अर्थात् माला को बह जाने दो। इसमें नाराजगी वाली क्या बात है?"

बादशाह बीरबल की नोंक-झोंक पर मुस्कुराकर रह गए।

*** *** ***

वीर बालक 'काका बिशन सिंह'

राहुल गुप्त
अष्टम 'ख'

दिनांक 15 जनवरी 1872 ई0 की रात को गुरु रामसिंह जी एवं नामधारियों की टोली पंजाब के मलेरकोटला में एक बूचड़खाने के समीप से निकली तो उन्होंने कुछ गायों को बुरी तरह जकड़े हुए तड़पते देखा और बूचड़ों को उन्हें कत्ल करने की तैयारी में पाया। यह देखते ही नामधारी वीरों का खून खौल उठा। और क्षणों में ही कई बूचड़ों के सिर धड़ से अलग भूमि पर लोटने लगे। एक भी वहाँ उपस्थित बूचड़ जीवित न बच पाया। अंग्रेज पहले ही गुरु रामसिंह को समाप्त करने के बहाने ढूँढ़ रहे थे। इसी कारण अंग्रेज मासूस प्रजा पर अत्याचार कर रहे थे। इससे गुरु रामसिंह बहुत दु:खी थे। उन्होंने घोषणा कर दी कि जिन वीरों ने गऊ-माताओं को बचाया, उन्हें भीरु बन छिपना नहीं चाहिए।

गुरु की यह घोषणा होते ही 49 वीर नामधारी कुके प्रकट हो गये। उन्हें जब तोप के मुख पर बाँध कर उड़ाया जा रहा था तो 49 वीरों में एक दस-बारह वर्ष का बालक 'काका बिशनसिह' भी था। उसकी लम्बाई तोप के मुँह तक नहीं पहुँच रही थी। यह नजारा देख रही अंग्रेज कमिश्नर की पत्नी ने मासूम बच्चे को छोड़ देने का आदेश दिया। मासूम काका बिशनसिंह भाग कर कुछ ईटें उठा लाया और उस पर खड़ा हो तोप चलाने को ललकारने लगा। काफी समझाने का प्रयत्न किया गया परन्तु वह वीर बालक गाय-माता की जय, गुरु रामसिंह की जय के जयकारे बोलता रहा और अंग्रेजी सरकार को चुनौती देता रहा। अन्तत: कमिश्नर के हुकुम से तोप चली और बीर बालक बिशन सिंह के अधूरे जयकारे "गऊ-माता की....." के साथ शरीर के टुकड़े हवा में उड़ गये। वाहरे भारतमाता, तूने कैसे-कैसे लाल पैदा किये।

***

शत्रु का लोहा गरम भले ही जो जाय पर हथौड़ा तो ठंडा रहकर ही काम दे सकता है। - सरदार पटेल



कविता

सोनू कुमार
अष्टम 'ख'

चींटी ने जो मारा मुक्का, हाथी दादा गिरे जा दूर।
नीम के पेड़ पर चढ़कर कछुआ, तोड़-तोड़ खा रहा खजूर।
चीता, शेर, भेड़िया मिलकर, रेगिस्तान में चरते घास।
बिल्ली मौसी बड़ी प्रेम से, रहती चूहे जी के पास।
कक्षा में एक टीचर जी, दसवीं बार हुए हैं फेल।
एक माह के एक बच्चे को, सौंवी बार हुई है जेल।
गधा बोला म्याऊँ-म्याऊँ, मैं तो पेड़ों पर चढ़ जाऊँ।
नदी के जल में तैरे बकरी, बोली, सारी मछली खाऊँ।

❁ ❁ ❁

टमाटर की खोज

बात 1820 के अमेरिका की है, डेविड नाम के एक व्यक्ति ने कुछ टमाटर खाए ते पुलिस ने उसे पकड़ लिया इल्जाम था कि उसने आत्महत्या की कोशिश की। जी हाँ, टमाटर खाने के जुर्म में ही उसे कैद कर लिया गया था।

दरअसल उन दिनों टमाटर को एक जहरीला पदार्थ माना जाता था। कुछ लोग यह मानने के लिए तैयार नहीं थे कि इतना खूबसूरत टमाटर जहरीला हो सकता है डेविड जॉनसन भी इनमें शामिल थे। उसने ठान लिया कि वह साबित करके रहेगा कि टमाटर खाने से कोई नुकसान नहीं होता है। डेविड ने यह घोषणा कर दी कि सार्वजनिक रूप से टमाटर खाकर दिखाएगा। इस घोषणा से अमेरिका वासियों को बहुत आश्चर्य हुआ आखिरकार वह दिन आ ही गया। डेविड के इस कार्य के लिए खास तौर पर स्थान तैयार किया गया। इस कारनामे को देखने के लिए काफी लोग पहुँचे।

डेविड अभी टमाटर खाने वाला ही था कि चारों ओर पुलिस-पुलिस का शोर मच गया।

दरअसल पास के थाने में किसी ने इस बारे में रिपोर्ट दर्ज करायी कि डेविड जॉनसन खुदकुशी करना चाहता है। चूँकि खुदखुशी एक अपराध है, इसलिए पुलिस का आना स्वाभाविक था। डेविड ने जैसे ही शोर सुना, उसने कई टमाटर बारी-बारी से निगल लिया। चारों ओर से पुलिस डेविड को पकड़कर जबरन डाक्टरों के पास ले गई पर डाक्टरों ने उसे पूरी तरह तन्दुरुस्त घोषित कर दिया अखबारों में डेविड का नाम गूँजने लगा।

लोगों के मन से टमाटर के जहरीले होने का डर निकल गया जनता टमाटरों पर टूट पड़ी टमाटरों की कीमत आसमान छूने लगी और टमाटर की खेती शुरू कर दी गई।

बहरहाल, डेविड जॉनसन ने लोगों का एक बहुत ही स्वादिष्ट सब्जी (टमाटर) से परिचय करा दिया।

***

दान ही सबसे बड़ा कर्म है



आकाश गुप्त
अष्टम 'ग'

एक बार की बात है बजरंगपुर नाम के एक गाँव में राजा रहता था। वह बहुत अमीर व्यक्ति था। उसी गाँव में एक कंजूस सेठ रहता था। जिसके पास भी बहुत धन था लेकिन वह उस धन में से कुछ भी खर्च नहीं करता था। एक दिन राजा को बहुत अजीब सा सवाल मन में आया। उन्होंने सोचा कि जब व्यक्ति मर जाता है तो उसके शरीर को जमीन में गाड़ दिया जाता है परन्तु उसके बाद क्या होता है। जब राजा ने यह सवाल प्रजा से पूछा तो इसका जवाब किसी को नहीं पता था। तभी राजा के मंत्री ने राजा से कहा कि यदि हम यह घोषणा कर दें कि जो व्यक्ति मरे हुये इंसान की तरह एक रात कब्र में लेटा रहेगा उसे सौ सोने की मुद्राएँ दी जायेंगी। यह सुनते ही राजा ने घोषणा करवा दी। तभी उस कंजूस सेठ ने कहा कि वह ऐसा करेगा। राजा ने कहा- "तो फिर ठीक है कल इस सेठ को दफनाया जायेगा।" अगले दिन फिर उसको श्मशान घाट ले जाया गया तभी उसे रास्ते में एक बूढ़ा व्यक्ति मिला। वह बहुत गरीब था। उसने जब सेठ से कुछ धन माँगा तो सेठ ने रास्ते में पड़े कुछ अखरोट के छिक्कल उठाये और उसे दे दिये। बचे हुये छिक्कल जेब में रख लिये। फिर उसे वहाँ दफना दिया गया। उसी क्षण वह जब अपनी कब्र में लेटा था तभी वहाँ एक बिच्छू एक छोटे से छेद से आने की कोशिश कर रहा था। सेठ डर गया। तभी उसकी जेब से छिक्कल गिर पड़े और उसने इन छिक्कलों से उस छेद का भर दिया। जिससे बिच्छू उसके पास नहीं पहुँच सका। फिर सुबह उसे निकाला गया। तब राजा ने पूछा कि रात में क्या हुआ। उस सेठ ने राजा को पूरी बात बता दी। तब राजा ने उसे सौ सोने की मुद्राएँ दे दीं। तभी सेठ भाग कर गया उसने वह सारी मुद्राएँ उस गरीब व्यक्ति को दे दीं। तबसे वह दान करना कभी नहीं भूला।

सीख - हमें दान करना नहीं भूलना चाहिये क्योंकि दान ही सबसे बड़ा कर्म है।

*** *** ***



प्रमुख देशों के शिक्षक दिवस

यश सिंह
एकादश 'ख'

जिस प्रकार भारत में अध्यापक दिवस 5 सितम्बर को मनाया जाता है उसी प्रकार दुनिया के कई देशों में अलग-अलग तारीख में टीचर्स डे मनाया जाता है।

वर्ल्ड टीचर्स डे	5 अक्टूबर	ब्राजील	15 अक्टूबर
चीन	10 सितम्बर	मलेशिया	16 मई
न्यूजीलैंड	2 अक्टूबर	श्रीलंका	6 अक्टूबर
आस्ट्रेलिया	अक्टूर का आखिरी शुक्रवार	अमेरिका	मई के पहले हफ्ते में
जर्मनी	5 अक्टूबर	अर्जेन्टीना	11 सितम्बर

ऐसी कोई महान प्रतिभा नहीं है जिसमें लगन का संमिश्रण न हो। - अरस्तू

दो का पहाड़ा

आयुष्मान साहू
षष्ठ 'ख'

एक गाँव में थे दो चोर। चोरी करते चारों ओर।
छः किलो पीते थे दूध। आठ किलो खाते अमरूद।
दस गाँव में थे बदनाम। बारह थानों में था नाम।
चौदह थानेदार आए। सोलह बेत उन्हें लगाए।
अठारह मील दिया ढकेल। बीस साल की हो गई जेल।

अद्भुत पेड़

1. अमेरिका में एक ऐसा पेड़ पाया जाता है जिससे दूध निकलता है। यह दूध लोग खाने में प्रयोग करते हैं।
2. जापान के कुछ वृक्ष सूर्यास्त के बाद धुआँ देते हैं।
3. असम के जंगलों में ऐसी बेलें पायी जाती हैं जिनसे पानी निकलता है।
4. क्यूबा नामक वृक्ष भूकम्प आने से पहले अपना रंग बदल लेता है।
5. वर्मा में एक पादी नामक पौधा है जिसमें फूल खिलने पर वर्षा अवश्य होती है।
6. जल जलमी नामक पेड़ की पत्तियों का रस यदि पानी में डाल दिया जाए तो वह जम जाता है।

पहेलियाँ

1. पाँच अक्षर का नाम बताओ जो उल्टा सीधा एक समान।
2. इतना मोटा मेरा पेट, लेता सारा जगत समेट। रोज सबेरे आता हूँ, सबके मन को भाता हूँ।।
3. धन दौलत से बड़ी है यह जो पाए पंडित बन जाये।
4. हर रंग का घर है मेरे अंदर सफेद पुताई। काले रंग के बल्ब लगे हैं लाल रोशनी जगमगाई।
5. कद में छोटे, कर्म के हीन। बीन बजाने के शौकीन।।
6. एक हाथ का प्राणी अचल। हाथ मिलाओ पाओ जल।
7. केरल से आया टिंग काला। चार कान और टोपी वाला।।
8. झुकी कमर का बूढ़ा जहाँ ठहर जाए, वहीं पर भाषा रुके, सवाल उभर जाए।

(उत्तर : 1. नवजीवन, 2. अखबार, 3. विद्या, 4. तरबूज, 5. मच्छर, 6. हैण्डपम्प, 7. लौंग, 8. प्रश्नवाचक चिह्न)

बहुत अनोखी है, इनकी दुनियाँ

1. हाथी मनुष्य की गन्ध 300 फुट की दूरी से पहचान जाता है।
2. चींटी अपने वजन से तीन गुना अधिक वजन उठा सकती है।
3. छिपकली कभी पानी नहीं पीती।
4. तोता 60 तरह के शब्द बोल सकता है।
5. बिल्ली अपनी जिन्दगी का आधा समय सोकर बिताती है।
6. कोबरा साँप का जहर इतना खतरनाक होता है उसके दंश से 1500 व्यक्ति मर सकते हैं।

कर्तव्य का पालन ही चित्त की शांति का मूल मंत्र है। – प्रेमचन्द

राष्ट्रीय एकता



रघुवर तिवारी
अष्टम 'क'

राष्ट्रीय एकता का भावात्मक अर्थ है, राष्ट्र के सभी व्यक्तियों के द्वारा एक साथ मिल-जुलकर अपने राष्ट्र को प्रगति के पथ पर अग्रसर करना। राष्ट्र तब ही उन्नति के मार्ग पर अग्रसर हो सकता है। जब उस राष्ट्र के निवासी एक साथ मिल-जुलकर अपना योगदान दें। भारत में अनेकता में एकता है। भारत एक विविधताओं का देश है। जब किसी राष्ट्र के निवासी एकजुट होकर के अपना योगदान देश को उन्नति के मार्ग पर लाने के लिये करेंगे तब ही यह सम्भव है कि वह राष्ट्र उन्नति के मार्ग पर अग्रसर हो जाएगा।

जिनको न निज गौरव तथा निज देश पर अभिमान है।
वह नर नहीं नर पशु निरा औ मृतक समान है।।

अर्थात् जिस व्यक्ति को अपने देश की समृद्धि तथा गौरव पर अभिमान नहीं है वह व्यक्ति नर नहीं है पशु की तरह है, तथा वह व्यक्ति मृतक अर्थात् भावनाहीन है जिसको अपने देश से कोई लगाव नहीं है वह व्यक्ति अपने आप को व्यक्ति नहीं कह सकता तथा वह मृतक के सदृश है।

राष्ट्रीय एकता से अभिप्राय – भारत एक विशाल देश है। विकासशील देशों के अन्तर्गत आता है। राष्ट्रीय एकता से अभिप्राय है कि किसी राष्ट्र के व्यक्तियों का सामूहिक रूप से अपने देश को विकास के पथ पर अग्रसर करना। राष्ट्रीय एकता के कारण ही देश सर्वोच्च स्थान प्राप्त कर सकता है लेकिन अगर किसी राष्ट्र के व्यक्तियों में आपस में एकता नहीं है तो वह राष्ट्र अवनति के मार्ग पर भी अग्रसर हो सकता है। इसलिये अगर राष्ट्र को उन्नति के मार्ग पर बढ़ाना है तो राष्ट्र के सभी व्यक्तियों को एकजुट होकर प्रयास करना चाहिये।

अव्वल अल्लाह नूर उपाया, कुदरत दे सब बन्दे।
एक नूर ते सब जग उपज्या, कौन भले को मन्दे।।

गुरु नानक जी ने कहा है कि ईश्वर ने ही सभी व्यक्तियों का निर्माण किया है इसी नूर से पूरे संसार का निर्माण हुआ है तथा उसको पता है कि कौन पुरुष कुशल बुद्धि के है तथा कौन मन्द बुद्धि के हैं।

राष्ट्रीय एकता का आधार – राष्ट्रीय एकता प्रमुख आधार इसलिये माना गया है क्योंकि राष्ट्रीय एकता न होने पर देश किसी भी मार्ग पर आगे नहीं बढ़ सकता है। राष्ट्रीय एकता का प्रमुख आधा एकता है। एकता के कारण ही देश में सभी व्यक्ति एक साथ मिलकर भ्रष्टाचार का समूल नाश कर सकते हैं। एकता के कारण ही राष्ट्र के व्यक्तियों में विश्व बन्धुत्व की भावना से आपस में प्रेम से रहकर राष्ट्रीय एकता को प्रेरित कर सकते हैं। अगर राष्ट्र के व्यक्तियों में विश्व बन्धुत्व की भावना हो तो वह पूरे संसार के व्यक्तियों को अपने भाई के सदृश मानकर सभी व्यक्तियों के साथ भाईचारे की भावना रखता है।

राष्ट्रीय एकता से लाभ – किसी भी राष्ट्र को उन्नति के मार्ग पर बढ़ने के लिये राष्ट्रीय एकता सबसे महत्त्वपूर्ण है। बिना राष्ट्रीय एकता के देश या राष्ट्र का उन्नति के मार्ग पर बढ़ना असंभव है।

जो अंतर को देखता है बाह्य को नहीं, वही सच्चा कलाकार है। – महात्मा गांधी

राष्ट्रीय एकता वह शक्ति है। जिसके कारण किसी भारी शक्ति वाले राष्ट्र से सामना कर सकते हैं तथा उनसे विजय भी प्राप्त कर सकते हैं। हम संगठित होकर किसी भी कठिनाई का हल निकाल सकते हैं। राष्ट्रीय एकता के उत्पन्न होने से हमें अपने देश के प्रति भी उत्पन्न होने लगता है। अपने राष्ट्र के प्रति एकता के साथ अपने कर्तव्य का पालन करना चाहिये। जिसके कारण ही हमारे राष्ट्र का उत्थान होना प्रारम्भ हो जायेगा।

राष्ट्र द्रोह से मुक्ति – सरकार को चाहिए कि राष्ट्रद्रोही लोगों को पहचाने तथा किसी भी दबाव में आकर उन्हें खुले नहीं घूमने देना चाहिए। कोई भी व्यक्ति चाहे वह कितने भी उच्च पद पर आसीन हो, उसे देशद्रोह पर क्षमादान नहीं देना चाहिए। राष्ट्रध्वज, राष्ट्रभाषा तथा संविधान राष्ट्रीय सम्मान के प्रतीक हैं। इनका अपमान और उपेक्षा राष्ट्रद्रोह मानी जानी चाहिए। इस प्रकार हम राष्ट्रीय एकता का विकास कर सकते हैं। जब तक जन-जन में राष्ट्रीय चेतना जाग्रत नहीं की जाएगी, तब तक राष्ट्रीय एकता को खतरा बना रहेगा।

उपसंहार – देश में एकता स्थापित करना अति आवश्यक है। देश व नागरिकों का विकास एकता के माध्यम से ही हो सकता है। हमें अपने देश में एकता के उदाहरण मिल जाते हैं। भारत के वर्तमान राष्ट्रपति हिन्दू, उपराष्ट्रपति मुसलमान प्रधानमंत्री सिक्ख व रक्षामंत्री ए.के. एण्टनी इसाई हैं। हमें इन तथ्यों से सीख लेकर एकता स्थापित करने में सहायता करनी चाहिए। कवि इकबाल ने कहा है- "राष्ट्रीय एकता देश प्रेम व सर्वधर्म समभाव का वह पुलिन्दा है। जिसके कारण हमारा देश आज भी जिन्दा है।"

साधना की मुट्ठियों में धरतियाँ सिमटी हुई। और फिर भी फासला ही फासला चारों तरफ?।।

*** *** ***

अगले जनादेश में.....।

मोनेश कुमार अग्रवाल
अष्टम 'ग'

बढ़ती जरूरतें हैं, आबादी के साथ में,
साधन भी हो रहे हैं, सीमित सब हाथ में,
नृशंसता है कर रही, दोस्ती को खाक में,
नेता बना रहे हैं जमीं, अपनी ही धाक में।।1।।
लचर होती जा रही है, व्यवस्था देश की,
खतरे में पड़ रही है, सुरक्षा देश की,
प्रश्नों के घेरे में है, आस्था देश की,
भ्रष्टाचारी खा रहे हैं, उन्नति इस देश की।।2।।
खोता जब जनता का, विश्वास देश में,
कहता है नेताओं को, जागो इस भेष में,
खोयेगी सत्ता अब, आपस के द्वेष में,
कब्जा हट जायेगा तब, अगले जनादेश में।।3।।

कवि जिस समय कविता करता है, वह अलौकिक मानव बन जाता है। - डॉ. हजारी प्रसाद द्विवेदी

स्वामी विवेकानन्द जी



अंश श्रीवास्तव
सप्तम 'क'

स्वामी विवेकानन्द जी का जन्म उन दिनों हुआ, जिस समय हिन्दुस्तान पर ब्रिटिश शासकों का परचम लहरा रहा था और भारतवासी अंग्रेजों की गुलामी करने के लिये बाध्य था। 12 जनवरी, सन् 1863 ई0 को सुबह इस महापुरुष का जन्म हुआ।

कोलकाता में कायस्थ वंश के दत्त परिवार में इनका जन्म हुआ। इनके परदादा श्री राममोहन दत्त कोलकाता के सुप्रीम कोर्ट के नामी वकील थे। श्री राममोहन के इकलौते पुत्र दुर्गाचरण जी हुए। वे भी अच्छे वकील थे। किन्तु धनलोलुप न होकर वे धर्मानुरागी बन गये। तब उनकी पत्नी की गोद में एक मात्र पुत्र विश्वनाथ थे। उन्होंने भी वयस्क होकर वकालत का पैतृक धंधा अपनाया। इन्हीं विश्वनाथ जी की पत्नी भुनेश्वरी देवी ने स्वामी विवेकानन्द जैसे पुत्र को जन्म दिया। स्वामी जी के बपचन का नाम 'बिले' था परन्तु उनकी माँ उन्हें 'वीरेश्वर' के नाम से पुकारती थी। जब इनका दाखिला विद्यालय में हुआ तो इन्हें 'नरेन्द्र' कहा जाने लगा। स्वामी जी की बड़ी बहनों का नाम हरमोहिनी व स्वर्णमयी था।

स्वामी जी का जन्म भगवान् शिव की कृपा से हुआ था। स्वामी जी ने श्रीरामकृष्ण परमहंस को अपना गुरू मान लिया। स्वामी जी के घर पर एक बार अधिक परेशानियों का दौर भी चला जब उनके पिता विश्वनाथ दत्त जी का हृदयरोग के कारण देहान्त हो गया तो मानो उनके परिवार पर मुसीबतों का पहाड़ टूट पड़ा हो। स्वामी जी का भूख के मारे बहुत बुरा हाल था। वे नौकरी हेतु एक दफ्तर से दूसरे दफ्तर तक नंगे पैर ही भागा-दौड़ा करते थे। कुछ दिनों बाद मैट्रोपोलियन स्कूल की एक शाखा धोपातला मुहल्ले में खुली। ईश्वरचन्द्र विद्यासागर जी की सिफारिश द्वारा उन्हें वहाँ नौकरी प्राप्त हो गयी। उसके बाद उनके घर की आर्थिक स्थिति सुधर गयी। फिर उन्होंने सम्पूर्ण भारत वर्ष का भ्रमण किया। उसके बाद उन्होंने 11 सितम्बर 1893 में आयोजित धर्मसभा में वे हिन्दू धर्म के प्रतिनिधि के रूप में शिकागो गये। शिकागो में उन्होंने हिन्दू धर्म पर भाषण दिया जिनसे उनकी ख्याति हुई तथा वे शिक्षित वर्ग द्वारा सम्मान की दृष्टि से देखे जाने लगे। उनके इन सभी भाषणों को सुनकर भगिनी निवेदिता उनकी शिष्या बन गयीं। स्वामी जी की महासमाधि 4 जुलाई, 1902 ई0 में शुक्रवार को 9 बजकर 10 मिनट पर हुई। उनकी मृत्यु के बाद भी उनकी शिक्षा हमारे साथ है।

कर्तव्य कभी आग और पानी की परवाह नहीं करता। - प्रेमचन्द

कमरतोड़ महँगाई

निखिल कुमार सिंह
अष्टम 'ग'



हाय महँगाई। इसने आम आदमी की तो कमर ही तोड़कर रख दी हैं। इस निरन्तर बढ़ रही महँगाई का चक्कर कहाँ जाकर रुकेगा कोई नहीं जानता। सब्जियाँ हाथ नहीं लगाने देतीं। घी-तेल तो जैसे सपना ही होते जा रहे हैं। बच्चों को दूध तक पिलाना मुश्किल होता जा रहा है। आदमी की पहली जरूरत होती है- घर, कपड़ा, खाना, पानी लेकिन आम आदमी की सारी आमदनी खाना खरीदने में लग जाती है। वास्तव में आज महँगाई ने आम आदमी की कमर तोड़कर रख दी है। उसकी चेतना, उसकी सारी गतिविधियाँ गोल रोटी के आस-पास ही सिमटकर रह गई हैं। आम आदमी को और कुछ सोचने-करने का समय और साधन ही नहीं मिल पाते। जो बड़े और संपन्न लोग हैं, उनके पास अधिक-से-अधिक कमाई करने से ही फुरसत नहीं है। वास्तव में कमरतोड़ देने की सीमा तक महँगाई बढ़ाने का कारण भी ये संपन्न लोग ही हैं न फिर उन्हें क्या और कैसी चिंता? अगर हर प्रकार से इस ओर प्रयत्न न किया गया, तो आने वाला समय और भी बुरा होगा। महँगाई हमारा कचूमर निकाल देगी। अतः हमारी सरकार को तत्काल सावधान हो जाना आवश्यक है।

सरल और कठिन

आकाश गुप्त
अष्टम 'ग'

सरल		कठिन
खर्च करना सरल है	–	कमाना कठिन है
शत्रु बनाना सरल है	–	मित्र बनाना कठिन है
विवाह करना सरल है	–	निर्वाह करना कठिन है
कहना सरल है	–	करना कठिन है
रिश्ते तोड़ना सरल है	–	रिश्ते बनाना कठिन है
जान लेना सरल है	–	जान देना कठिन है
नकल करना सरल है	–	याद करना कठिन है
दोषी ठहराना सरल है	–	दोष स्वीकार करना कठिन है
काम बिगाड़ना सरल है	–	काम बनाना कठिन है
नष्ट करना सरल है	–	बनाना कठिन है

पुस्तकें जाग्रत देवता हैं, उनकी सेवा करके तत्काल वरदान प्राप्त किया जा सकता है। - राम प्रताप त्रिपाठी

एक हिंदुस्तानी, जिसके सम्मान में झुकता है चीन

नमन मिश्रा
षष्ठ 'ख'

कोटनिस की कहानी

(डॉक्टर कोटनिस के जीवन पर साल 1946 में बॉलीवुड में फिल्म भी बनी थी। इस फिल्म में उनके जीवन के संघर्ष और मानवता के लिए किए गए कामों को दर्शाया गया था। फिल्म का नाम था डॉ कोटनिस की अमर कहानी)

1. युद्ध के दौरान डॉ0 कोटनिस के योगदान के आज भी मुरीद हैं चीन के नेता।

2. चीन के हबेई प्रोविंस में बनी है डॉ0 कोटनिस की प्रतिमा।

1938 में गए थे चीन

1937–1945 के बीच चीन और जापान के बीच युद्ध हुआ था। बात 1938 की है जब भारत सरकार से चीन ने मदद माँगी और डॉक्टर्स की टीम भेजने को कहा। इसके बाद भारत ने चीन की मदद के लिए पाँच डॉक्टर्स की टीम भेजी। इनमें डॉ0 कोटनिस भी थे। उस वक्त उनकी उम्र महज 28 साल की थी।

पाँच साल तक की सेवा

चीन में पहुँचने के बाद डा0 कोटनिस को आठवीं रूट के साथ तैनात किया गया और उन्होंने लगभग पाँच साल तक मोबाइल हॉस्पिटल में काम किया क्रिटिकल कंडीशंस में डॉक्टर कोटनिस के योगदान को चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के नेता आज भी उतना ही सम्मान देते हैं। माना जाता है कि डॉ0 कोटनिस उस समय चीन और भारत मित्रता के प्रतीक बन गए थे।

जब संभाल ली सारी जिम्मेदारी

कोटनिस का 1942 में निधन हो गया था। गंभीर बीमारी के कारण वो सिर्फ 32 साल तक जिन्दा रहे, लेकिन उनका नाम आज भी मानवता और भारत-चीन दोस्ती के लिए याद किया जाता है। मीडिया रिपोर्ट्स में आई खबरों की मानें तो डॉक्टर कोटनिस युद्ध के दौरान 22 घंटे तक काम किया करते थे और वहाँ की सारी जिम्मेदारी भी संभाल ली थी।

हुबेई में कोटनिस की प्रतिमा

कोटनिस जब चीन में सेवा दे रहे थे तब ये अफवाह उड़ी थी कि उन्होंने कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना की मेम्बरशिप ले ली है। शायद ऐसा इसलिए था क्योंकि तब चीन की कम्युनिस्ट पार्टी का शायद ही कोई ऐसा शीर्ष नेता होगा जिसने उनसे मुलाकात न की होगी और वह उनसे प्रभावित न रहा हो सिर्फ इतना ही नहीं चीन के हुबेई प्रोविंस में डॉ0 कोटनिस के योगदान में एक मूर्ति भी बना हुआ है।

***

निराशा में प्रतीक्षा अंधे की लाठी है। – प्रेमचन्द

एक अनमोल रत्न-सचिन

शौर्य अवस्थी
षष्ठ 'ख'

सचिन तेन्दुलकर का जन्म 24 अप्रैल 1973 ई0 में हुआ था। इनका पूरा नाम सचिन रमेश तेन्दुलकर है। इनकी माँ का नाम रजनी तेन्दुलकर है। इनका विवाह 1991 में अंजलि के साथ हुआ था। इनके पिता का नाम रमेश तेन्दुलकर है। इनके भाई का नाम अजीत तेन्दुलकर है।

सचिन की उपलब्धियाँ

सचिन का करियर 14 नवम्बर 1989 से 16 नवम्बर 2013 तक रहा। इन्हें 2013 में भारत रत्न मिलने की घोषणा हुई थी। इन्हें **"क्रिकेट का भगवान्"** कहा जाता है। इन्होंने 16 साल की उम्र से क्रिकेट खेलना शुरू किया था। इन्होंने 773 अन्तर्राष्ट्रीय मैचों में 100 शतक 164 अर्द्धशतक बनाये हैं। इनका टेस्ट में 248 नाबाद, वनडे में 200 नाबाद, आईपीएल में 90 सर्वश्रेष्ठ है। इन्होंने दो सौ टेस्ट में 15921 रन बनाए हैं जिनमें 18426 रन 154 विकेट 2016 चौके 199 छक्के तथा 154 कैच लपके हैं। इन्होंने टेस्ट में 51 तथा वनडे में 49 शतक बनाए हैं। इनका आखिरी विकेट वेस्टइंडीज के नरसिंह देवनारायण ने लिया था।

सचिन को 1997 में विस्डन क्रिकेटर ऑफ द ईयर 1997/1998 में राजीव गांधी खेल रत्न, 1994 में अर्जुन पुरस्कार, 1999 में पद्मश्री, 2008 में पद्मविभूषण तथा 2010 में आईसीसी प्लेयर ऑफ द ईयर और 2013/2014 में भारत रत्न मिला है।

सोलह की उम्र में उसने तीस वालों का काम कर दिया है।
हर गेंद को बल्ले पर लगाकर उसने चौका जड़ दिया है।

परमात्मा अपने प्रेम में परिमित को ग्रहण करता है और मनुष्य अनंत को। - रवीन्द्रनाथ ठाकुर

हमारा लोकतंत्र

ऐश्वर्या मिश्रा
दशम 'ग'

हर बार चुनाव आते हैं और नेताओं का मेला सा लग जाता है। हर कोई वोट माँगने के लिए घर के बाहर खड़ा नजर आता है, आजकल चुनाव में भाग लेना, प्रचार करना और जीत जाना आम बात है। नेता, जनता को तरह-तरह के प्रलोभन देकर अपने जाल में फँसा लेते हैं और हम लोग फँस जाते हैं। आजकल यदि हम समाचार पत्र उठा कर देखें तो हमें क्या मिलता है- इस पार्टी के नेता ने उस पार्टी के नेता को भ्रष्ट बताया, दूसरी पार्टी के नेता ने अपनी पार्टी छोड़ दूसरी पार्टी में शरण ले ली। बस इसी सब से हमारा समाचार पत्र पूरा भरा होता है, एक-दूसरे पर कीचड़ उछालते-उछालते नेता शायद यह भूल जाते हैं कि उस कीचड़ के छीटें उन पर भी पड़ते हैं। कोई भी मुद्दा हो उसका समाधान करने के बजाय उसके लिए एक-दूसरे को जिम्मेदार ठहराना और हर कार्य अपने फायदे के लिये करना ये सब एक दिन नेताओं को तो उच्च शिखर अर्थात् जिस पद पर वे पहुँचना चाहते हैं वहाँ तक पहुँचा देगा परन्तु इससे हमारे देश पर क्या असर पड़ेगा अर्थात् हमारा देश अवनति की ओर चला जायेगा। हम लोगों ने कभी एक बात सोची है कि जब किसी छोटे बच्चे से पूछो कि तुम बड़े होकर क्या बनना चाहते हो तो उसका जवाब होता है- डॉक्टर, इंजीनियर, वकील आदि परन्तु कोई ये क्यों नहीं कहता कि मैं बड़ा होकर नेता बनना चाहता हूँ क्योंकि हमारे देश में नेताओं की छवि उतनी खराब है जितनी कि आतंकवादियों की, ये अलग बात है आतंकवादी बाहर से आकर आतंक फैलाते हैं पर नेता ये तो आंतरिक रूप से हमारे लोकतंत्र को खोखला बना रहे हैं कुछ नेता जो थोड़ा बहुत अच्छा काम करने की कोशिश भी करते हैं तो उन पर झूठे आरोप लगा दिये जाते हैं, और कुछ पैसे और ताकत के दम पर अपने ऊपर लगाए गए आरोपों को झूठा साबित कर देते हैं मैं पूछती हूँ कि हमारे देश की दुर्दशा का जिम्मेदार कौन है उत्तर है कोई नहीं या शायद हम सब। अब यह हम सब पर निर्भर करता है कि हमें अपने देश को खोखला बनाना है या ताकतवर? मेरे जैसे कई लोग ऐसे लेख लिखते हैं, लोग उन्हें पढ़ते हैं और पढ़कर के भूल जाते हैं पर मैं समझती हूँ कि ये समय पढ़कर भूलने का नहीं उस पर अमल करके दिखाने का है क्योंकि हमारे देश में लोकतंत्र है, और लोगों को अपनी ताकत पहचाननी ही होगी।

*** *** ***

महाराणा प्रताप

नमन मिश्र
षष्ठ 'ख'

झूम झूम बादल बादल, बस उसका राग सुनाता था।
उस बालक के कदमों को, पर्वत भी रोक न पाता था।
मेवाड़ की धरती का हर कण, जिसे अपना लाल बुलाता था।
वो महाबली, वो महावीर वो महाराणा कहलाता था।
माँ के चरण कमल में, वो अपना शीश झुकाता था,
अपने पिता की आज्ञा को ईश्वर की वाणी बताता था।
जिसकी तलवार की झलक से, दुश्मन का दिल घबराता था।
वो अजर अमर, वो शूरवीर, वो महाराणा कहलाता था।

विचार-हीन मनुष्य ही मूर्ख है। - शंकराचार्य

हमारी अनोखी यात्रा

साधंजय चाकमा
अष्टम 'ग'

यह बात चौदह अक्टूबर की है जब दशहरा बीत जाने के पश्चात् हमलोग पता न होने के कारण दशहरा देखने छात्रावास से 9 बजे रात्रि बाहर निकले। कक्षा अष्टम एवं नवम के छात्रों को ग्रुप बनाकर छात्रावास से छुट्टी दी गई। उसके बाद हम सब सीनियर तथा जूनियर ग्रुप में बाहर घूमने निकले। मेरे ग्रुप में भी छः छात्र थे। हमसब पहले आजाद नगर के रावण का पुतला देखने निकले। जाते समय आधे रास्ते पर पता चला कि रावण कल ही जल गए हैं। तब हम सब निराश होकर लौटने लगे। तभी हम सबने निर्णय लिया, कि रावतपुर चलते हैं, वहाँ से खा-पीकर टैम्पो में बैठकर रावतपुर पहुँचे। वहाँ से हमलोग रेवमोती गये। वहाँ हम-सब आधा-घण्टे घूमे, खाये-पिए। तत्पश्चात् हम-सब वापस लौटने के लिए फिर टैम्पो स्टैण्ड पहुँचे। तब-तक ग्यारह बज चुके थे। वहाँ हम सब वाहन का इंतजार करने लगे। दस मिनट बीत गये। फिर भी कोई टैम्पो नहीं दिखाई दिया, तब साथियों ने यह निर्णय लिया कि हम सब पैदल चलते हैं। मै चलने को तैयार नहीं था, फिर साथियों के कहने पर राजी हो गया। फिर क्या हम सब रावतपुर से अपने विद्यालय (छात्रावास) आने लगे। थोड़ा चलते थोड़ा दौड़ते पुलिस के दिखाई देने पर धीमा हो जाते। हमारा एक मित्र सत्यांक थोड़ा शरीर से सुस्त था। उसके लिए भी हम सबको थोड़ा रुक-रुक कर चलना पड़ रहा था। चलते-दौड़ते हम सब कम्पनी बाग पहुँचे, फिर भी टैम्पो नहीं दिखाई दिया। नवाबगंज पहुँचते-पहुँचते एक टैम्पो दिखाई दिया जोकि हर तरफ से भरा हुआ था। छात्रावास पहुँचने तक बारह बज चुका था। हम सब चुपके से छात्रावास में गये क्योंकि थोड़ी देर हो गई थी। फिर भी हम सबको श्री शिवमोहन आचार्य जी मिले। देर होने का कारण बताकर छात्रावास में सो गए। इस अनोखी यात्रा में मेरे अलावा बिहार के पाँच विद्यार्थी थे, जो ऋतेश कुमार, राजीव कुमार, सत्यांक, साकेत, शुभम कुमार, विश्वजीत कुमार तथा मै अरुणाचल प्रदेश का था। इस यात्रा को मैं शायद कभी नहीं भूलूँगा। इस यात्रा को अनोखा इसलिए कह रहा हूँ क्योंकि अपने प्रदेशों से आने के बाद हम लोगों ने पहली बार इतनी लम्बी पैदल यात्रा की थी।

*** *** ***

जय श्री हनुमान

राजदीप सिंह चौहान
एकादश 'ख'

जय हनुमान! श्री भगवान! दया करो हे कृपानिधान।
तेरे द्वारे पर मैं आया, हो जाए धन्य ये जीवन प्रान।
जय हनुमान.....
हर पल तेरे ही गुण गाऊँ, याद करूँ बस तुमको ध्याऊँ।
बस एक वर मैं चाहूँ तुमसे, चरण-शरण लग जाये ध्यान।
जय हनुमान.....
तुम्हारा ही है ये जग सारा,मैं तो हूँ प्रभु दास तुम्हारा।
इस धरती पर रहूँ मैं जब तक, मुख पर रहे राम का नाम।
जय हनुमान.....

विश्व की प्रमुख गुप्तचर संस्थाएँ

निखिल कुमार सिंह
अष्टम 'ग'

देश	–	गुप्तचर संस्थाएँ
भारत	–	रिसर्च एण्ड इनालिसिस विंग (रॉ)
		इण्टेलीजेंसी ब्यूरो (आईबी)
		सेन्ट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टीगेशन (सीबीआई)
पाकिस्तान	–	इण्टर सर्विसेज इण्टेलीजेंस (आई.एस.आई.)
चीन	–	सेन्ट्रल एक्सटर्नल लेजा डिपार्टमेण्ट
आस्ट्रेलिया	–	आस्ट्रेलिया सिक्योरिटी एण्ड इण्टेलीजेंस ऑर्गनाइजेशन
जापान	–	नाइचो
अमेरिका	–	सेण्ट्रल इण्टेलीजेंस एजेंसी, फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टीगेशन
ब्रिटेन	–	एम.आई. (मिलिट्री इण्टेलीजेंस)– 5 एवं 6 स्पेशल ब्रांच, अल्ट्रा
कनाडा	–	सिक्योरिटी इण्टेलीजेंस सर्विस
जर्मनी	–	बी.एन.डी. (Bundes Nachrichten Dienst)
इराक	–	अल मुखबरात
रूस	–	केजीबी (कोमितेत गोसुदरस्तवेन्नोई)
फ्रांस	–	एस.डी.ई.सी.ई. (Director General Securite Extericur)

*** *** ***

जन्म जाति से नहीं ...

विनोद चन्द्र पाण्डेय 'विनोद'

जन्म जाति से नहीं जगत् में, कोई पूजा जाता ।
उच्च वंश ही बस मनुष्य को, नहीं महान बनाता ।।
गुण समूह पर ही आधारित, है सर्वथा महत्ता ।
होता बड़ा काम करने पर, ही शुभ यश की सत्ता ।।

मौन ज्ञानियों की सभा में अज्ञानियों का आभूषण है। – भर्तृहरि

नागरिकों के मूल कर्तव्य



शेखर कुमार
सप्तम 'ख'

भारत के प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य होगा कि वह–

(क) संविधान का पालन करे और उसके आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्रध्वज और राष्ट्रगान का आदर करे;

(ख) स्वतंत्रता के लिए हमारे राष्ट्रीय आंदोलन को प्रेरित करने वाले उच्च आदर्शों को हृदय में संजोए रखे और उनका पालन करें;

(ग) भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता की रक्षा करे और उसे अक्षुण्ण बनाए रखे;

(घ) देश की रक्षा करे और आह्वान किए जाने पर राष्ट्र की सेवा करे;

(ङ) भारत के सभी लोगों में समरसता और समान भ्रातृत्व की भावना का निर्माण करे जो धर्म, भाषा और प्रदेश या वर्ग पर आधारित सभी भेदभावों से परे हो, ऐसी प्रथाओं का त्याग करे जो महिलाओं के सम्मान के विरुद्ध हो;

(च) हमारी सामाजिक संस्कृति की गौरवशाली परम्परा का महत्त्व समझे और उसका परिरक्षण करे;

(छ) प्राकृतिक पर्यावरण की, जिसके अन्तर्गत वन, झील, नदी और वन्य जीव हैं, रक्षा करे और उसका संवर्धन करे तथा प्राणिमात्र के प्रति दयाभाव रखे;

(ज) वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मानववाद और ज्ञानार्जन तथा सुधार की भावना का विकास करे;

(झ) सार्वजनिक सम्पत्ति को सुरक्षित रखे और हिंसा से दूर रहे;

(ञ) व्यक्तिगत और सामूहिक गतिविधियों के सभी क्षेत्रों में उत्कर्ष की ओर बढ़ने का सतत् प्रयास करे, जिससे राष्ट्र निरंतर बढ़ते हुए प्रयत्न और उपलब्धि की नई ऊँचाईयों को छू सके;

(ट) यदि माता-पिता या संरक्षक हैं, छः वर्ष से चौदह वर्ष तक की आयु चाले अपने यथास्थिति, बालक या प्रतिपाल्य को शिक्षा के अवसर प्रदान करें।

*** *** ***

मीठे-नमकीन - चुटकले

आकाश गुप्त
अष्टम 'ग'

1. एक बार एक आदमी कहता है कि अगर मेरे हाथ में कांग्रेस की सरकार हो तो मैं पूरे भारत को सीधा कर दूँगा। पत्नी – पहले अपना पतलून सीधा कर लो सुबह से उल्टा पहन रखा है।
2. एक बार एक आदमी डूब रहा था तो उसने कहा गणेश जी बचाओ। तो गणेश जी उसके सामने आकर नाचने लगे। आदमी – आप नाच क्यों रहे हैं? गणेश जी – जब मेरा विसर्जन हो रहा था तब तुम नाच रहे थे। अब मैं तेरे विसर्जन में नाचूँगा।
3. एक बार एक बरात में दूल्हें के मुँह पर पट्टी बाँध रखी थी तो राहगीर ने पूछा– "इसके मुँह पर पट्टी क्यों बाँध रखी है। बाराती – यह बगल की गली का नेता है यदि भीड़ देखेगा तो भाषण देना चालू कर देगा।
4. एक लड़की साइकिल से आ रही थी। रास्ते में गोबर पड़ा था उसने उसके ऊपर साइकिल चढ़ा दी। एक लड़का – केक कट गया। लड़की लौटकर आई। तो लड़का भागने लगा। लड़की – अरे केक कट तो गया अब आकर खा भी तो लो।

माता अपने कुरूप बालक को भी सुंदर समझती है। – प्रेमचन्द

अमृत की रजत बूँदे

सचिन पाठक
एकादश 'क'

- मूर्ख व्यक्ति दीपक तले अंधेरा देखते हैं, उद्घोषक दीपक के चमकते प्रकाश को तथा विद्वज्जन इस प्रकाश में स्वयं का अवलोकन करते हैं।
- विशिष्ट तथा महान व्यक्तित्व के लोग दीपक की भाँति स्वयं जलकर दुनिया में प्रकाश फैलाते हैं।
- कृष्ण इतना कृष्ण है कि उसका ध्यान करते ही तुम्हारे समस्त दोषों का हरण कर तुम्हें सूर्य की भाँति बना देगा।
- कभी किसी को छोटा मत समझो। पैर मारते समय धूल का कण यद्यपि नेत्र में प्रविष्ट कर जाये तो अत्यन्त कष्ट देता है।
- सत्य को सदैव अपना कवच और हथियार समझो। इसे अपने से दूर मत करना, हर रणक्षेत्र में तुम्हारी ही विजय पताका फहरायेगी।
- क्षमा, दया, दान और क्रोध न करना ये चार गुण ही बड़प्पन और महानता के लक्षण प्रदर्शित करते हैं।
- ज्ञानियों की सभा में अज्ञानियों का भूषण मौन है, जो इसे धारण करता है उसे ज्ञानियों की सभा में भी सम्मान मिलता है।
- नकारात्मक विचारों को पोषण मत दो, ये स्वतः नष्ट हो जायेंगे।
- अनजान होना उतनी लज्जा की बात नहीं जितनी सीखने के लिए तैयार न होना।
- तुम जानते हो कि तुम क्या हो, परन्तु तुम ये नहीं जानते कि तुम क्या बन सकते हो।
- सफलता जीवन में दो बार आती है : एक बार मस्तिष्क में और एक बार वास्तविकता में।
- महान व्यक्तित्व के बिना व्यक्ति महान नेतृत्वकर्ता नहीं बन सकता।

*** *** ***

हँसते रहो

अनुराग सिंह
षष्ठ 'ख'

1. **संता** – मैंने आपकी दुकान से मुर्गी दाना खरीदा था। **दुकानदार** – तो क्या उसमें कोई खराबी निकली? **संता** – महीना हो गया मुझे खेत में बोये अब तक मुर्गी नहीं उगी।
2. **चिंटू** की रोटी पर से चूहा गुजर गया। **चिंटू** अब मैं ये रोटी नहीं खाऊँगा। **पप्पू** – खा ले यार, चूहे ने कौन सी चप्पलें पहने हुई थीं।
3. **संता** – यार अच्छा हुआ मैं इंण्डिया में पैदा हुआ, अमेरिका में नहीं। **बंता** – क्यों अमेरिका में होता, तो क्या होता? **संता** – तू भी न बस यार मुझे इंग्लिश नहीं आती है।
4. **संता** – आज टीवी पर 30 फुट का साँप दिखने वाला है। **बंता** – अच्छा पर मैं नहीं देख पाऊँगा। **संता** – ऐसा क्यों? **बंता** – मेरा टीवी 21 इंच का है।
5. **एक** बार संता को रास्ते में पत्थर मिला उस पर लिखा था– पत्थर को पलट लो कुछ बन जाओगे। जैसे ही उसने पलटा, दूसरी तरफ लिखा था 'बेवकूफ बन गया'।

हम महानता के निकटतम होते हैं, जब हम नम्रता में महान होते हैं। – रवीन्द्रनाथ ठाकुर

माँ



अमर्त्य विधु
षष्ठ 'ख'

माँ कहते ही एक संबल का एहसास होता है, जो किसी भी परिस्थिति में ध्वस्त नहीं होगा। दुनिया का सबसे भरोसा देनेवाला शब्द है यह। 'माँ' यह एक ऐसा शब्द है, जिसकी महत्ता ना तो कभी कोई आँक सका है और ना कोई आँक सकेगा। माँ का उच्चारण अलग-अलग देशों में, प्रांतों में और इलाकों में भले ही अलग-अलग है, पर इसका भाव एक ही होता है। माँ शब्द में ही जो प्यार, दुलार और अपनापन है, उतना शायद किसी अन्य शब्द में नहीं है। माँ वह जो अपने बच्चों को प्यार, दुलार से बड़ा करती है, पालती-पोसती है। अपनी परवाह न करते हुए बच्चों की खुशियों के लिए हमेशा प्रयत्नशील रहती है, प्रार्थना करती हैं और इस माँ के लिए अपने बच्चों की खुशियों से ज्यादा कोई चीज नहीं है। माँ के ही आँचल में पूरा संसार है।

मेरा आदर्श

मेरा आदर्श भारत का वह गरीब किसान है, जो चिलचिलाती धूप में, पसीने से लथपथ, कड़कड़ाती सर्दी में काँपते हुए, बारिश में भींगते हुए भी अपने हल से खेत जोत रहा होता है। मेरा आदर्श भारत की वे गरीब माताएँ और बेसहारा बहनें हैं; जो तार-तार होती हुई धोती को पहन कर पेट की आग बुझाने के लिए घर-घर जाकर बर्तन माँज रही होती हैं। मेरा आदर्श किसी भारतीय विधवा माँ का वह मासूम लाड़ला है, जो कड़कतीं सर्द हवाओं के बीच तन पर पर्याप्त कपड़ों से विचलित न होकर सड़क पर खड़ा मूँगफली और समाचार पत्र बेच रहा होता है। अपने घरों से हजारों कि.मी. की दूरी पर हजारों फीट की ऊँचाई पर आग उगलती हुई तोपों के सामने हाथ में बन्दूक थामे भूख और प्यास की परवाह किए बिना सियाचिन की सीमा पर तैनात भारतीय सेना का वह वीर सिपाही जिसके मन में देश के लिए हजार बार मर-मिटने का जज्बा है, **"वह मेरा आदर्श है।"**

*** *** ***

सतगुरु का प्यार लिख दे

मनु कुमार
अष्टम 'ग'

लिखने वाले तू होकर दयाल लिख दे, मेरे हृदय अन्दर सतगुरु का प्यार लिख दे।
माथे पर लिख दे ज्योति गुरु की, नयनों में उनका दीदार लिख दे।।मेरे०।।
जिह्वा पर लिख दे नाम गुरु का, कानों में शब्द झंकार लिख दे।
हाथों पर लिख दे सेवा गुरु की तन, मन, धन उनपे वार लिख दे।।मेरे०।।
पैरों पर लिख दे जाना गुरु के द्वारा, सारा ही जीवन उनके साथ लिख दे।
इक मत लिखना गुरु का बिछड़ना, चाहे तू सारा संसार लिख दे।।मेरे०।।

कर्मशक्ति तथा इच्छाशक्ति प्राप्त करो, कठोर परिश्रम करो और तुम निश्चित लक्ष्य पर पहुंच जाओगे। - विवेकानन्द

मेरा विद्यालय

यथार्थ मिश्र
अष्टम 'क'

पं0 दीनदयाल विद्यालय हमारा, कितना अच्छा कितना प्यारा।
जनपद में विद्यालय यह न्यारा, हमको लगता सबसे प्यारा।
शिक्षक मेहनत से हमें पढ़ाते, सच्ची राह सदा बतलाते।
बड़ी-बड़ी कठिनाई आतीं, पलभर किन्तु रुक नहीं पातीं।
सभी पढ़ाते सभी लिखाते, आगे-आगे हमें चलाते।
तभी हमारे साथी भाई, मेरिट में स्थान हैं पाते।
सदा उत्तम परिणाम हमारा, पं0 दीनदयाल विद्यालय हमारा।
हमको लगता सबसे प्यारा।।

कश्मीर की तस्वीर भी नहीं देंगे

भारत महान था और आज भी महान है। इसलिये विश्व में भारत का सम्मान है।।
हमने सभी से दोस्ती को हाथ बढ़ाया है। लेकिन हमारे पड़ोसी ने दोस्ती पर दाग लगाया है।।
शुरू करायी थी बस-सेवा उनसे दोस्ती का हाथ बढ़ाकर।
जवाब दिया दोस्ती का उसने कारगिल में घुसपैठ कराकर।।
दे दी खुली शह आतंकवाद को, मौत का तांडव करा दिया।
इसी जमीं की जन्नत कश्मीर में, भाई से भाई को लड़ा दिया।।
कारगिल में पाकिस्तान ने चोरी से घुसपैठ कराई। भारत के सीने पर उसने फिर अपनी बंदूक चलाई।।
लेकिन भारत के वीरों ने, जाकर अपना लहू बहाया। मार भगाया पाकिस्तानियों को, दूध छटी का याद दिलाया।।
ख्वाबों में भी भूल जाओ, हम कश्मीर नहीं देंगे।
अरे काफिरो! कश्मीर तो क्या कश्मीर की तस्वीर भी नहीं देंगे।।
आँख उठाकर यदि देखा तो, आँख फोड़ रख देंगे।
अभी तो बाँग्लादेश बना है, टुकड़े-टुकड़े कर देंगे।।
भूल गया सन् पैंसठ को, क्या आया इकहत्तर याद नहीं।
बंग्ला मोर्चे पर मुँह की खाई, क्या ये सब कुछ याद नहीं।।
बाज नहीं आया पाकिस्तां, तो उसका अंत समय आयेगा। सच कहते हैं शान तिरंगा, लाहौर में फहरायेगा।।
जमींदोज करके रख देंगे, फिर तुझको वीरान करेंगे। भारत माँ के सच्चे सैनिक, तेरा काम तमाम करेंगे।।
यदि उबाल आया लहू में, फिर रुकने का नाम न होगा।
हिन्दुस्तान की कसम फिर इस धरती पर, पाकिस्तान का नाम न होगा।।

• • •

सबसे उत्तम तीर्थ अपना मन है जो विशेष शुद्ध किया हो

- स्वामी शंकराचार्य

मृत्यु सारे प्राणियों को भगवान की दी हुई देन है। फर्क सिर्फ समय और तरीके का है। - महात्मा गांधी

युद्ध

शिवम सिंह
एकादश 'क'

युद्ध आरम्भ हो चुका था। सीमा की ओर बड़े-बड़े ट्रकों का ट्रैफिक बिना रुके चल रहा था। एक जगह ऊबड़-खाबड़ रास्ते में एक ट्रक को जोर का उछाला लगा। उसमें से दो डिब्बे बाहर सड़क के किनारे आ गिरे। एक डिब्बे में से एक बन्दूक बाहर निकल आई। दूसरे में से खून से भरी एक बोतल। दोनों ने अपने आप को संभाला, दोनों की नजर एक-दूसरे पर पड़ी। बंदूक ने तुरन्त खून से भरी बोतल पर से नजर हटा ली और छलांग लगाकर युद्धक्षेत्र की ओर चल पड़ी।

खून की बोतल ने भी कदम बढ़ाते हुये कहा, "अरे भाई तुम्हें इतनी जल्दी क्या है? मुझे भी तो वहीं जाना है।" बन्दूक ने पीछे मुड़कर भी नहीं देखा। तेजी से आगे बढ़ते हुये बोली, "पहले मै वहाँ पहुँच कर अपना काम करूँगी तभी तो तुम्हारी जरूरत पड़ेगी। मुझे बहुत जल्दी है।"

योग्यता की कोई सीमा नहीं होती

ऐसी मान्यता है कि उम्र बढ़ने के साथ-साथ मनुष्य की स्मरण शक्ति क्षीण होती जाती है। 40 की उम्र के बाद व्यक्ति के दिमाग के न्यूरांस खत्म होना शुरू हो जाते हैं लेकिन सच्चाई यह है कि न्यूरॉन की संख्या में यह कमी इतनी मामूली होती है कि इसका व्यक्ति की स्मरण शक्ति पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता। यदि प्रभाव पड़ता भी है तो इसका कारण यह होता है कि मनुष्य ऐसा मान चुका होता है।

अपनी स्मरण शक्ति पर अविश्वास होने के कारण कई बार मनुष्य स्मरण करने का प्रयास ही नहीं करते। वर्तमान के कृत्रिम स्मरण शक्ति उपकरण मनुष्य की स्मरण शक्ति को क्षीण करते हैं।

संभवत: आपका परिचय एक ऐसे छात्र से हो, जो अधिकतर समय किताब पढ़ने में व्यतीत करता है। वह अन्य कामों को बिल्कुल समय नहीं देता हो लेकिन साल के अन्त में जब उसकी अंक तालिका मिलती है तब उसके अंक सबसे कम होते हैं। तब यह समझना मुश्किल हो जाता है कि ऐसा क्यों हुआ? इसका जवाब बिल्कुल सीधा-सा है। प्रश्न यह नहीं है कि आपने किताबों के साथ कितना समय बिताया बल्कि सवाल है कि आपने कितनी एकाग्रता से पढ़ाई की है। आशय यह है कि -

दिमाग को भी आराम चाहिये क्योंकि-

अति का भला न बोलना, अति की भली न चूप।
अति का भला न बरसना, अति की भली न धूप।।

बच्चे का वर्तमान शैक्षिक स्तर कैसा भी हो लेकिन उसकी बौद्धिक क्षमता को विकसित करने और उसे उन्नत बनाने के लिये उसे हर हाल में पाठ्येत्तर गतिविधियों में हिस्सा लेने के लिये प्रोत्साहित किया जाना चाहिये।

दुर्भाग्य से बहुत से विद्यार्थी इस बात में विश्वास रखते हैं कि उनका शैक्षिक स्तर एक सीमा के बाद नहीं बढ़ सकता। लेकिन सच्चाई यह है कि किसी भी योग्यता की सीमा नहीं होती। **आपकी सीमा वही बन जाती है जिसे आप मान लेते हैं, जिससे आगे बढ़ना आपके लिये नामुमकिन हैं।**

***

बेटी

(विद्या की अधिकारी)

सौरभ शुक्ल
दशम 'ग'

एक बालिका, घर के बाहर खड़ी
अम्बर को देख रही है।
वो नन्हीं सी जान,
अम्बर में ऊँची-ऊँची
उड़ाने भरना चाहे।
धरती पर अच्छे कर्मों के,
सौ बीज बोना चाहे।
अंदर से आवाज आई,
बेटी के सपने टूट गए।
माता अनामिका पकड़ कर,
घर के भीतर खींच लाई।
वो विद्या की अधिकारी,
सकल ताड़ना की है मारी।
काम-काज का बोझ है,
पिता पड़े-पड़े सोता है।
बेटी का वजूद,
कोने में पड़ा रोता है।
अरे सज्जन! तेरे दिमाग में हैं फैले,
कुबुद्धि के कीड़े दर्जन।
सिर्फ नौ वर्ष में ही,
बेटी क्यों करी बिदा?
ज़रा सोच.....
क्या तू खुश रह पाएगा सदा?
अपनी न सही, बेटी की तो सोची होती।
आज तेरी बेटी, अपने कदमों पे खड़ी होती।
बालविवाह की अग्नि में जलकर,
भस्म हो गई तेरी बेटी।
बेटी की आशा पर फिर गया पानी
बता-क्या बेटी थी तेरी परेशानी?
क्या यही है बेटी की कहानी?

बेटियाँ

आकांक्षा श्रीवास्तव
नवम 'ख'

फूल की पंखुरी सी होती है बेटियाँ।
बाबुल के होठों की बाँसुरी ये बेटियाँ।।
पराई कहलाकर भी अपनी रहती हैं, बेटियाँ।
हीरा हैं बेटे अगर तो मोती हैं ये बेटियाँ।।
हक चाहे बिना कर्तव्य निभाती हैं बेटियाँ।
दो-दो कुलों की लाज निभाती हैं बेटियाँ।।
रहें भले महलों में, सुख के झूलों में झूले।
बाबुल के दुःख में मुरझा जाती हैं बेटियाँ।।
सामाजिक परम्परा कहें या विधि का विधान।
आँगन संग दिल भी खाली कर जाती हैं बेटियाँ।।

आजादी का मतलब

पूर्व से पश्चिम तक
काश्मीर से कन्याकुमारी तक
आजादी मिली है
जब से, आज तक
एक ही सवाल
क्या है
आजादी का मतलब?
आजादी का मतलब
तोड़फोड़, निरंकुशता नहीं
आजादी का मतलब
अधिकारों का दुरुपयोग नहीं
आजादी का मतलब
सबल और निर्बल की
लड़ाई नहीं
आजादी प्रश्नवाचक चिह्न नहीं
आजादी पूर्णविराम भी नहीं
आजादी है-
प्रगति का अल्पविराम
ईमानदारी के साथ काम

लिखो तो कुछ ऐसा लिखो

गौरव शुक्ल
द्वादश 'ख'

लिखो तो कुछ ऐसा लिखो, कलम रोने को मजबूर हो जाए
आज आसमाँ भी जमीं से मिलने को मजबूर हो जाए।।
ख्वाब मेरे भी यूँ तेरे ख्वाबों में खो जाएँ
ये दिल भी अब रो रहा उस मातृभूमि के लिए
शहादत दे दी न जाने कितनों ने उसकी रक्षा के लिए
लिखो तो कुछ.....
सोचता हूँ बात मैं ये न जाने क्यों इतनी
क्या होगा अब देश की दयनीय हालत है जितनी
खंजर भोंक दिया सीनें में तुमने चंद पैसों के खातिर
हो गये नंग सरे बाजार तुम चंद शोहरत के खातिर
लिखो तो कुछ.....
सारा जमाना तेरी अच्छाई में यूँ मशगूल हो जाए
पूछता हूँ उनसे भी मैं क्यों खण्डित कर दिया देश को
कर दूँ उनके भी यूँ टुकड़े तो क्यों न तड़पे वो भी ऐसे
माँ को तूने माँ न समझा द्रौपदी की तरह बाँट दिया
अब न होते कृष्ण साँवरिया, जिसने चीर हरण उसका बचा लिया।
लिखो तो कुछ.....
देता हूँ चेतावनी उनको परवाह नहीं माँ की जिनको
कहता हूँ संभल जाओ अभी भी मौका न मिलेगा फिर कभी भी।
रावण का भी अहं टूटा था उस राम के सामने
तुम तो फिर भी मच्छर हो जनताजनार्दन के सामने
लिखो तो कुछ.....
अब साहस नहीं बचा कलम में, ये तो तूफान के पहले की शान्ति है आलम में।
उबल रहा है देश पड़ चुकी है इन्सानियत की मिठास
बन के तैयार हो जायेगा एकता का नया इतिहास
अब विराम लेता हूँ मैं लौटूँगा फिर नये जोश के साथ
लिखने आऊँगा मैं फिर भारत का नव्य इतिहास
लिखो तो कुछ.....

दो धर्मों का कभी झगड़ा नहीं होता। सब धर्मों का अधर्मों से ही झगड़ा है। - विनोबा भावे

चुनावी ड्रामा २०१४

गौरव शुक्ल
द्वादश 'ख'

आ गया मौसम चुनावी, शुरू हुई नेताओं की बयानबाजी
कहते हैं लोग, है ये सबसे बड़े चुनाव भारत के इतिहास का
कहता हूँ, मैं ये तो शुरुआत है पंजे के सत्यानाश का
हर तरफ लहर है, सिर्फ मोदी के नाम की
कहीं-कहीं बूँद पड़ जाती है, राहुल और मुलायम की।

....

सब सिर्फ बयान दे के जाते हैं
फिर पाँच साल जनता को बजाते हैं
छोटी-मोटी रैलियों में ही, करोड़ों खर्चा हो जाता है
जाँच करवाओ तो मालूम पड़ा ये तो दान से आते हैं।

....

न मोदी न राहुल कोई न हमें बचाएगा
आपका आत्मविश्वास ही आपको न्याय दिलाएगा
ये सब तो सिर्फ मेंढ़क चुनावी, बस अभी ही टर्राते हैं
बाकी पाँच साल सुअरों की तरह खाते हैं-
विकास के नाम पे झूठी ढपली बजाते हैं।

....

इनके काम तो सिर्फ दंगे कराना है
बाद में पीड़ितों के घर पहुँच जाना है।
फिर शुरू हुई बयानबाजी, मीडिया भी करता है मेहमाननवाजी
चार दिन चलती है जाँच, सबूत मिटाने की।
भाई ये तो पुरानी तरकीब है, जनता को बेवकूफ बनाने की।

....

धर्म के नाम पे जाति के नाम पे वोट मत करना
नहीं तो पाँच साल सिर्फ पानी भरना,
कोई अच्छा नहीं है राजनीति में, कोई सच्चा नहीं है राजनीति में
बता दो इनको हे भइयो, कोई बच्चा भी नहीं, अब आवाम नीति में
जय हिंद-जय भारत का करता हूँ गुणगान
बता दो अब इनको, अब नहीं हम नादान

सुमन

गोविन्द सिंह गौर
एकादश 'क'

कितना अनुपम सुन्दर है खिला,
सुवासित कान्तियुक्त सुमन।
सुगन्धित हो रहा है इससे,
बाग-बगिया और चमन।।

करते हैं मधुर ध्वनि भ्रमर
बैठे हैं जो सुमन पर।
ग्रहण कर मकरन्द को वे,
चलते हैं राह अमन पर।।

भगवान भास्कर की किरण से,
कान्तियुक्त होता सुमन।
झुला रहे हैं झूला जिसको,
प्राणदायक श्री पवन।।

कवि की अमिट गिरा में तू,
सहज है सुन्दर सुमन।
हो रहा उपयोग तेरा,
करने प्रभु का मन प्रसन्न।।

है न तेरा वास्ता,
मजहब और जाति से।
प्रसन्न करना है सभी को,
हर तरह हर भाँति से।।

हे मनुज सीख तू भी,
कहता है क्या पावन सुमन।
चल राह पर तू प्रेम की,
और चल पथ पर अमन।।

वर्षा ऋतु

गोविन्द सिंह गौर
एकादश 'क'

वर्षा ऋतु का है अभिनन्दन
मेघों का हो रहा है गर्जन
काली घटा गगन में छायी
पूरब से चले पुरवायी।
हुआ आनन्दित कृषक का मन
जल बूँद गिरी जब उसके तन
बो रहा मक्का बो रहा धान
खेतों में पहुँचा है किसान
बालक वृद्ध और नर-नारी
बाग बगीचों की फुलवारी
खुशी से सब फूल रहे हैं
बच्चे झूला झूल रहे हैं
हर्षित हुए हैं मोर-मोरनी
वसुन्धरा ने ओढ़ी ओढ़नी
हरी-भरी हो गयी है धरती
प्रतीक जो समृद्धि का होती
बच्चों ने है नाव बनायी
फिर उसको जल में तैरायी
देख सभी हो रहे मगन
ईश्वर को कर रहे नमन
जल की चाह सभी को होती
बिन बारिश सूनी है खेती
करो संरक्षण सदा ही जल का
है जीवन यही हमारे कल का
वृक्षों के पत्तों पर यह जल
मोती सम है प्रतीत होता
अमिट गिरा में कवि की यह जल
अमृत से भी बढ़कर होता।

जी लो खुल के इन पलों को 'दोस्त'

हर्ष यादव
दशम 'ग'

एक दिन जिन्दगी ऐसे मुकाम पर पहुँच जाएगी,
दोस्ती सिर्फ यादों में रह जाएगी,
हर एक कप कॉफी याद दोस्तों की दिलाएगी,
और हँसते-हँसते आँखें नम हो जाएंगीं,
ये दोस्ती की बारिश फिर से न आएगी,
चाहने पर भी यादें दिल से न जाएँगी,
ऑफिस के चेम्बर में क्लास रूम नजर आयेंगे,
पैसा तो होगा, पर खुशियाँ इतनी शायद न होंगी
जी लो खुल के इन पलों को 'दोस्तो'
जिन्दगी इन पलों को फिर से न दोहराएगी,
क्या इन पलों की कोई कीमत हो सकती है?

जिन्दगी एक गीत है

जिन्दगी एक गीत है, इसमें हार है, जीत है, एहसास है, प्रीत है,
जिन्दगी एक गीत है, इसमें प्यार है, तकरार है, इकरार है, इनकार है,
यही तो सच्ची मीत है, जिन्दगी एक गीत है।
इसमें आस है, विश्वास है, हिम्मत है, साहस है,
यही तो अपनी जीत है, जिन्दगी एक गीत है।।
इसमें रंग है, उमंग है, लहर है, तरंग है, यह तो एक पतंग है,
जिसमें अपनों का संग है, मिलना बिछड़ना एक रीत है,
यही जीवन संगीत है, जिन्दगी एक गीत है।

"मनुष्य का आचरण ही यह बतलाता है कि वह कुलीन है या अकुलीन, वीर है या कायर, पवित्र है या अपवित्र"।

– वाल्मीकि

"मैं तो शुरू से ही यह मानता आया हूँ कि अहिंसा ही धर्म है, वह जिन्दगी का एक रास्ता है"

– महात्मा गाँधी

"जो मनुष्य सड़क के किनारे तथा जलाशयों के तट पर वृक्ष लगाता है वह स्वर्ग में उतने ही वर्षों तक फूलता-फलता है जितने वर्षों तक वह वृक्ष फूलता-फलता है।

– पद्मपुराण

प्रार्थना

मयंक राज भदौरिया
अष्टम 'ग'

आओ करें ये कामना, संसार सब सुख में रहे।
संसार का हर आदमी, कभी न दुख में रहे।।
हो हर तरफ नई जिन्दगी, और सुखों का संचार हो।
चेहरे खिले मौज मने, सुख की हरेक बौछार हो।।
प्रीत की पींगें बढ़ें, न दुखों का संसार हो।
नव उमंग और चेतना का जीवन में संचार हो।।
कामना संसार की न, इस जीव के वश में रहे।
संसार का हर आदमी, कभी न दुख में रहे।
हर कामना की पूर्ति, ईश्वर सदा करता रहे।
कर्म हो सत्कर्म मेरे, और ज्ञान की चर्चा रहे।।
इस जिन्दगी का मूल्य क्या, कीमत मुझे मिलती रहे।
मैं मान जीवन का करूँ, चाहे उम्र ये ढलती रहे।।
लक्ष्य मेरा है यही, यह जिन्दगी चलती रहे।
संसार का हर आदमी, कभी न दुख में रहे।।

*** *** ***

पूजनीय शिक्षक

अश्विनी शाण्डिल्य
अष्टम 'ग'

मिला है प्यार बरसों से हम कभी न भूल पाएँगे।
विद्या मिली जो आपसे हम कभी न किसी से पाएँगे।
हम तो कच्ची माटी के बने थे, आपने हमें पक्के खिलौने बनाया,
जिन्दगी के कठोर पथ पर, अच्छी तरह से चलना सिखाया।
आप और हम ही नहीं दोस्तो, सारा जमाना कर्जदार है उनका।
आपने जो कर्ज दिया है कभी न चुका पाएँगे हम।
अमूल दीप वरदान का यूँ ही लुटाते रहना।
अगर आप न होते इस जहाँ में तो यहाँ अज्ञानता का बोल बाला होता,
परमात्मा के बाद कर्जदार हैं आपके। आपने हमें जीना सिखाया।
"उच्च शिक्षा में ठेकेदारी, बिकती नहीं दो चारों से।
जैसे गंगा में एक मछली, गंदा न करे किनारों को।।"
साक्षरता अभियान चलाकर हम पर्वत से ऊँचे बन जाएँ।
सब मिल आगे बढ़कर निरक्षरता के तूफानों से टकराएँ।।

छली गधा

धनुर्धर त्रिपाठी
सप्तम 'ख'

गधा एक था चरता वन में। बड़ा कपट था उसके मन में।।
कहीं सिंह का चमड़ा पाया। उससे उसने रूप बनाया।।
सबको डर दिखलाता था वह। अच्छे मजे उड़ाता था वह।।
चर जाता था सबके खेत। सब डरते थे उसको देख।।
कहता था- 'मैं वन का राजा'। खूब हुआ था मोटा ताजा।।
वन-पशुओं को आँख दिखाता। सब पर जमकर रोब जमाता।
रात एक उजियारी आयी। खूब गधे के मन में भायी।।
चरने लगा खेत में जाकर। रखवाले सब भागे डरकर।।
कोई गधा कहीं चिल्लाया। बस, इसने भी कान उठाया।।
लगा रेंकने मुख ऊपर कर। भेद खुल गया उसका सब पर।।
रखवालों ने लट्ठ उठाया। मार मारकर खूब छकाया।।
जो देता औरों को धोखा। वह पाता ऐसा फल चोखा।।

*** *** ***

झूठ बोलने का फल

एक गड़रियेका था बाल। बड़ी बुरी थी उसकी चाल।।
भेड़ चराने जंगल जाता। झूठ-मूठ वह था चिल्लाता।।
'दौड़े अरे भेड़िया आया। उसने मेरा भेड़ उठाया'।।
लोग दौड़कर थे जब आते। उसे मजे से हँसते पाते।।
सचमुच एक भेड़िया आया। तब वह मूर्ख बहुत चिल्लाया।।
पर उसको सब झूठा जान। रहे बैठ बिलकुल चुप तान।।
भेड़ भेड़िया लेकर भागा। पछताया वह बाल अभागा।।
झूठ बोलते हैं जो बच्चे। लोग न कहते उनको अच्छे।।
हैं खोते सबका विश्वास। पछताते सब खोकर आस।।

*** *** ***

तितली

"तितली क्यों खूबसूरत होती है?" एक बच्चे ने पूछा।
"इसलिये कि वह खूबसूरत फूलों के साथ रहती है।"
